✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 283 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, शुक्रवार, 13 मार्च 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com




रांची के कांके रोड स्थित आवास पर कांग्रेस नेताओं से बात करते सीएम हेमंत सोरेन




# आपकी सुरक्षा हमारी जिम्मेदारी

## सतर्क पुलिस - जन सुरक्षा को समर्पित

अत्याधुनिक 12 नए थानों का ऑनलाइन शिलान्यास

मजबूत सुरक्षा कवच :

कुल स्वीकृति 1255 पेट्रोलिंग वाहन और 1697 दो-पहिया वाहन

प्रथम चरण में - 636 पेट्रोलिंग वाहन और 849 दो-पहिया वाहन थानों को सौंपें जाएंगे

## झारखण्ड पुलिस: सेवा ही लक्ष्य

दिनांक : 13 मार्च 2026 | समय : अपराह्न 12:30 बजे

स्थान : झारखण्ड विधानसभा परिसर



हेमन्त सोरेन

मुख्यमंत्री, झारखण्ड

112 सहायता के लिए संपर्क करें

24×7 किसी भी परिस्थिति में सहायता के लिए सदैव तत्पर झारखण्ड पुलिस

PR-374940 (IPRD) 25-26

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, झारखण्ड

# राज्य के प्रत्येक जिले में निर्यात हब विकसित करने की योजना : डॉ. दिलीप जायसवाल

## पटना में मेगा निर्यात कॉन्क्लेव, मुक्त व्यापार समझौतों और निर्यात संवर्धन मिशन पर हुई चर्चा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** बिहार को वैश्विक बाजार से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए पटना के ताज सिटी सेंटर में मेगा निर्यात संवर्धन कार्यक्रम और निर्यातक सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अंतर्गत विदेश व्यापार महानिदेशालय द्वारा उद्योग विभाग, बिहार सरकार तथा फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गनाइजेशन्स के सहयोग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मुक्त व्यापार समझौतों और निर्यात संवर्धन मिशन के बारे में जानकारी देना तथा निर्यात को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर नए निर्यातकों को प्रोत्साहित करने के लिए आयात-निर्यात कोड जागरूकता अभियान भी चलाया गया, ताकि अधिक से अधिक उद्यमी निर्यात के क्षेत्र में आगे आएं। कार्यक्रम में बिहार सरकार के उद्योग मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस दौरान विदेश व्यापार के अपर महानिदेशक बिपिन मेनन, उद्योग विभाग बिहार सरकार के सचिव कुंदन कुमार, विदेश व्यापार के अपर महानिदेशक संपत कुमार, अपर आयुक्त उत्पाद शुल्क अंशुल गुप्ता, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम निदेशक अमन समीर और उद्योग निदेशक मुकुल कुमार गुप्ता सहित कई वरिष्ठ अधिकारी और निर्यातक मौजूद रहे। सम्मेलन के दौरान बिहार के 28 स्टेटस होल्डर निर्यातकों को राज्य से निर्यात को बढ़ावा देने में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में उद्योग मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने सम्मानित निर्यातकों को बधाई देते हुए कहा कि राज्य के निर्यात पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत बनाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने विदेश व्यापार महानिदेशालय से बिहार में कार्यालय स्थापित करने का आग्रह किया और राज्य के लिए निर्यातक हितैषी तथा प्रभावी निर्यात संवर्धन नीति तैयार करने की आवश्यकता पर बल दिया। उद्योग विभाग के सचिव कुंदन कुमार ने बिहार में निर्यात की संभावनाओं और राज्य सरकार द्वारा विकसित किए जा रहे निर्यात पारिस्थितिकी तंत्र पर विस्तृत प्रस्तुति दी। उन्होंने बताया कि राज्य के प्रत्येक जिले में निर्यात हब विकसित करने की योजना बनाई जा रही है, जिससे निर्यात को बढ़ावा मिलेगा और सकल राज्य घरेलू उत्पाद में निर्यात का योगदान बढ़ेगा। साथ ही उन्होंने बिहार के निर्यातकों से बिहार एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन के गठन का भी आह्वान किया। कार्यक्रम में निर्यातकों, उद्योग प्रतिनिधियों और विभिन्न निर्यात संवर्धन परिषदों के प्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी रही। सम्मेलन निर्यातकों को सरकारी योजनाओं, वैश्विक व्यापार अवसरों और निर्यात संवर्धन उपायों की जानकारी देने के साथ-साथ नीति-निर्माताओं से संवाद का एक महत्वपूर्ण मंच साबित हुआ।

# विधानसभा अध्यक्ष ने किया नये राज्यपाल सैयद अता हसनैन का स्वागत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन के पटना आगमन पर बिहार विधान सभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने पटना हवाई अड्डा पर पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत-अभिनंदन किया। इस अवसर पर राज्यपाल को औपचारिक रूप से 'गार्ड ऑफ ऑनर' देकर सम्मानित किया गया। पटना हवाई अड्डा परिसर में आयोजित स्वागत कार्यक्रम के दौरान डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि लोकतंत्र की जननी बिहार में राज्यपाल सैयद अता हसनैन का हार्दिक स्वागत है। उन्होंने कहा कि राज्यपाल के अनुभव और मार्गदर्शन से बिहार के विकास को नई दिशा मिलेगी और राज्य प्रगति के पथ पर और तेजी से आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि सैयद अता हसनैन का प्रशासनिक और सैन्य अनुभव देश और समाज के लिए महत्वपूर्ण रहा है। ऐसे अनुभवी व्यक्तित्व का बिहार के राज्यपाल के रूप में आगमन राज्य के लिए गौरव की बात है। उनके नेतृत्व और मार्गदर्शन से शासन-प्रशासन को मजबूती मिलेगी और विकास से जुड़े कार्यों को गति मिलेगी। पटना हवाई अड्डा पर राज्यपाल के स्वागत के लिए प्रशासन और सुरक्षा व्यवस्था की विशेष तैयारी की गई थी। आगमन के बाद उन्हें पुलिस बल द्वारा 'गार्ड ऑफ ऑनर' दिया गया। इस दौरान अधिकारियों और गणमान्य लोगों ने भी उनका स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान राज्य के प्रशासनिक अधिकारियों और अन्य गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही। स्वागत के बाद राज्यपाल सैयद अता हसनैन अपने निर्धारित कार्यक्रम के लिए रवाना हो गए।

# 93.12 लाख छात्र-छात्राओं को मिली पोशाक योजना की राशि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष में बिहार के प्रारंभिक विद्यालयों में पढ़ने वाले करीब 93 लाख 12 हजार 192 छात्र-छात्राओं को स्कूल ड्रेस की राशि उपलब्ध करा दिया है। ताकि बच्चे स्कूल ड्रेस पहनकर विद्यालय जा सकें। इसके लिए शिक्षा विभाग ने मुख्यमंत्री बालिका पोशाक योजना और मुख्यमंत्री पोशाक योजना के तहत छात्र-छात्राओं को 1047.08 करोड़ रुपये का भुगतान डीबीटी के माध्यम कर दिया है। विदित हो कि राज्य सरकार ने प्रारंभिक विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को ड्रेस उपलब्ध कराने के लिए वर्ष 2008-09 में मुख्यमंत्री बालिका पोशाक योजना और मुख्यमंत्री पोशाक योजना शुरू किया था। मुख्यमंत्री बालिका पोशाक योजना के तहत कक्षा 1 और 2 में पढ़ने वाली छात्राओं के लिए 600 रुपये, कक्षा 3 से 5 वीं के छात्राओं के लिए 700 और कक्षा 6 से 8 वीं की छात्राओं के लिए 1 हजार की दर से राशि प्रदान की जाती है। इसके अलावा मुख्यमंत्री पोशाक योजना के तहत कक्षा 1 से 2 के एपीएल छात्रों के लिए 400 रुपये, एससी/एसटी और बीपीएल छात्रों के लिए 600 रुपये, कक्षा 3 से 5 वीं में पढ़ने वाले एपीएल छात्रों के लिए 500 रुपये, एससी/एसटी और बीपीएल छात्रों को 600 रुपये, कक्षा 6 से 8 वीं में पढ़ने वाले सभी वर्ग के छात्रों को 700 रुपये की दर से राशि भुगतान किया जाता है।

# बिहार विधान सभा अध्यक्ष ने समितियों के लंबित मामलों पर की समीक्षा बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार विधान सभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने गुरुवार को अपराह्न तीन बजे अपने कार्यालय कक्ष में लोक लेखा समिति और सरकारी उपक्रमों से संबंधित समिति के कार्यों की समीक्षा बैठक की। बैठक में समितियों के सदस्यों, बिहार सरकार के वरीय पदाधिकारियों और सभा सचिवालय के अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में अध्यक्ष ने इन समितियों से जुड़े विभागों में लंबित मामलों पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि कुछ मामले वर्ष 2008 से ही लंबित हैं जिससे यह स्पष्ट होता है कि विभागों का अपेक्षित सहयोग समितियों को नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि जनता की सेवा के लिए कार्य करते हैं और उनकी समस्याओं का समाधान समिति या सदन के माध्यम से करने का प्रयास किया जाता है। समितियों में एक हजार से अधिक लंबित कंडिकाएं कार्य प्रणाली में सुधार की आवश्यकता की ओर संकेत करती हैं। अध्यक्ष ने निर्देश दिया कि प्राथमिकता के आधार पर अगले छह महीने के भीतर लंबित मामलों के निपटारे का प्रयास किया जाए। उन्होंने मुख्य सचिव से सभी विभागों को निर्देश देने को कहा कि समिति के कार्यों का समय पर निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि अक्सर विभागीय समीक्षा बैठकों में वरीय अधिकारी अनुपस्थित रहते हैं जिससे बैठकों का महत्व कम हो जाता है। उन्होंने सभा सचिवालय की प्रभारी सचिव से निर्देश दिया कि भविष्य में सभी समीक्षा बैठकों में संबंधित विभाग के अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव या सचिव की उपस्थिति अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए। बैठक की तिथि भी विभागाध्यक्ष की उपलब्धता के आधार पर तय करने की बात कही गई। बैठक में सरकारी उपक्रमों से संबंधित समिति के सभापति हरि नारायण सिंह, लोक लेखा समिति के सभापति भाई वीरेंद्र, सदस्य उमेश सिंह कुशवाहा, विजय कुमार खेमका, मनोज शर्मा, वित्त विभाग की सचिव रचना पाटिल, महालेखाकार के वरीय अधिकारी और बिहार विधान सभा की प्रभारी सचिव ख्याति सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में मंडल अस्पताल दानापुर में परामर्श शिविर का आयोजन




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अंतर्गत मनाए जाने वाले कार्यक्रमों की श्रृंखला में दानापुर मंडल के कर्मचारियों के परिवार एवं महिला रेल कर्मियों हेतु बांझपन से संबंधित समग्र समस्याओं पर निशुल्क परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में महिला डॉक्टरों की उपस्थिति में उक्त से संबंधित जानकारी / परामर्श दिया गया। यह शिविर पूजा आईवीएफ फर्टिलिटी सेंटर पटना की प्रमुख डॉक्टर पूजा कुमारी (आईवीएफ स्पेशलिस्ट) एवं उनकी टीम एवं महिला कल्याण संगठन की सदस्या डॉ. श्रेया झा के सहयोग से आयोजित किया गया जिसमें 50 से भी ज्यादा महिलाओं ने परामर्श लिया।

# बी. डी. कॉलेज में गौरैया संरक्षण पर जागरुकता कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** हमारी गौरैया तथा एनवायरमेंट वॉरियर्स के संयुक्त तत्वावधान में बी. डी. कॉलेज, पटना के भूगोल विभाग में चित्रकारी, निबंध लेखन, कविता लेखन तथा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छात्रों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। मौके पर डॉ. मनीषा प्रियंबदा ने बताया कि गौरैया को हमलोग बचपन से घर के मुंडेर पर देखते थे, हम सब की नींद, इनकी चहचहाहट से ही खुलती थी, लेकिन आज यह यदा-कदा ही दिखती है जो पर्यावरण के साथ ही जैव विविधता के लिए भी चिंता का विषय है, इसलिए हम सब को स्वयं ही इसके संरक्षण की जिम्मेदारी लेनी होगी। इन्होंने छात्रों को गर्मियों में इनके लिए मिट्टी के बर्तन एवं दाना बालकनी या छत के मुंडेर पर रखने की सलाह दी। मौके पर एनवायरमेंट वॉरियर्स के अध्यक्ष अदिति रॉय ने बताया कि गौरेया हम सब के घर की पक्षी है इसलिए इसके संरक्षण की नैतिक जिम्मेदारी हमसब की है। चित्रकारी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मुस्कान रानी, दूसरा स्थान स्वीटी कुमारी एवं तीसरा स्थान तनिषा मिश्र ने प्राप्त किया। कविता लेखन में हर्ष श्रीवास्तव, निबंध लेखन में सुप्रिया शांडिल्य एवं क्विज प्रतियोगिता में टीम कुरुवी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर डॉ. सुधीर कुमार, डॉ. मोनिका कुमारी, कृतिका मुखर्जी, निशांत रंजन, सभ्यता कुमारी ने भाग लिया एवं छात्र-छात्राओं ने गौरैया संरक्षण का संकल्प लिया।

# 2 अप्रैल को पटना में होगा हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** हिंदू सेवा ट्रस्ट, बिहार के तत्वावधान में आगामी 2 अप्रैल को कंकड़बाग टेंपो स्टैंड चौराहे पर पंचम हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम की तैयारी हेतु आयोजन समिति की बैठक ट्रस्ट के अध्यक्ष व मुख्य संस्थापक दीपक कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में आयोजन पर विस्तार पूर्वक चर्चा हुई तथा गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्यता के साथ आयोजन करने का निर्णय लिया गया। ट्रस्ट के अध्यक्ष दीपक कुमार अग्रवाल ने बताया कि इस वर्ष आयोजन हेतु राजधानी पटना में विभिन्न इलाकों में विशेष कर मंदिरों में संपर्क किया जा रहा है जिसमें दो अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर विशेष पूजा अर्चना करने का आग्रह किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष देश के ख्याति प्राप्त भजन गायक के द्वारा भजन संध्या में प्रस्तुति दी जाएगी वहीं विभिन्न इलाकों से शोभायात्रा भी निकाली जाएगी जो कंकड़बाग टेंपो स्टैंड जाकर समाप्त होगी। इस वर्ष विशेष रूप से सजावट हेतु कोलकाता के कलाकारों को लाइट एवं सजावट हेतु बुलाया गया है तथा दक्षिण पटना को इस वर्ष हनुमानमय करने का निर्णय लिया गया है। इस बार दिल्ली और अन्य जगह की टीमों के द्वारा नृत्य और झांकी की प्रस्तुति की जाएगी।

# गर्मियों से पहले बिजली व्यवस्था मजबूत, पटना में ट्रांसफॉर्मर क्षमता 315 केवीए तक बढ़ी

## पटना में 328 करोड़ से बिजली नेटवर्क अपग्रेड, 2027 तक अंडरग्राउंड केबलिंग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राजधानी पटना में निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए ऊर्जा विभाग की तरफ से नए परियोजना के तहत विकास कार्य किये जा रहे हैं जिसके तहत 328 करोड़ की लागत से शहर के लगभग सभी इलाकों में अंडरग्राउंड केबलिंग का काम पूरा किया जा रहा है। ताकि बिजली चोरी, शॉर्ट सर्किट, बारिश में ब्रेकडाउन जैसी समस्या से पूरी तरह से निजात मिल सके। राजधानी में बिजली आपूर्ति करने वाली संस्थान पेसू के अधिकारियों ने बताया कि राजधानी के कई मुहल्लों में 11 केवी यूजी केबल तार 124 किलोमीटर साथ ही डाकबंगला चौराहा में 102 किलोमीटर तक की दूरी तक बिछाया जा रहा है। इस परियोजना को साल 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। वहीं उन्होंने बताया कि गर्मी से पहले 337 नये बिजली के खंभे लगाये गये हैं।

**गर्मियों के लिए 200 केवीए ट्रांसफॉर्मर को 315 केवीए तक बढ़ाया गया**

पेसू अधिकारियों ने यह भी कहा कि गर्मियों में बिना रूकावट बिजली आपूर्ति के लिए 200 केवीए का पावर ट्रांसफॉर्मर की क्षमता को बढ़ा कर 315 केवीए तक बढ़ाया गया है। साथ ही उपभोक्ताओं के सहायता के लिए भी 33 केवी का 22 आरएमयू लगाया गया है। साथ ही 11केवी का 221 आरएमयू लगाया जा चुका है।

**20 एमवीए सब स्टेशन का निर्माण**

पेसू क्षेत्र में बढ़ती आबादी को देखते हुए अतिरिक्त 20 एमवीए पावर सब स्टेशन का निर्माण किया जा रहा है। दानापुर ब्लॉक ऑफिस, नोहसा, ट्रांसपोर्ट नगर, बहादुरपुर हाउसिंग कॉलोनी व अन्य इलाकों में सब स्टेशन का निर्माण किया जा रहा है।

# श्रद्धा और उल्लास के साथ मना प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ का जन्म एवं तप कल्याणक




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ का जन्म एवं तप कल्याणक महोत्सव पटना के विभिन्न दिगम्बर जैन मंदिरों में श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शहर के मीठापुर, श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर कदमकुआं, मुरादपुर दिगम्बर चैत्यालय, कमलदह दिगम्बर जैन मंदिर, कालीबीबी कटरा एवं गुरारा स्थित दिगम्बर जैन मंदिरों सहित अन्य मंदिरों में विशेष धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए गए। जैन संघ के मीडिया सचिव एम. पी. जैन ने बताया कि इस पावन अवसर पर प्रातःकाल से ही श्रद्धालुओं की भीड़ मंदिरों में उमड़ पड़ी। विधि-विधान से भगवान आदिनाथ का अभिषेक, शांतिधारा, अर्घ्य समर्पण, आरती एवं विशेष पूजन संपन्न हुआ। मंदिर परिसर में मंत्रोच्चार, भक्ति गीतों और धार्मिक अनुष्ठानों से वातावरण पूरी तरह आध्यात्मिक बना रहा। इस अवसर पर श्रद्धालुओं को भगवान आदिनाथ के जीवन से प्रेरणा लेते हुए अहिंसा, सत्य, संयम और तप के मार्ग पर चलने का संदेश दिया गया।

# 101 अनुमंडलों के बुनियादी केंद्रों पर सीएससी सेवा शुरू

## अब बुनियादी केंद्रों से ही होगा पेंशन व योजनाओं का मुफ्त आवेदन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** राज्य के सभी 101 अनुमंडलों में संचालित समेकित सेवा प्रदाता केंद्र-सह-बुनियाद केंद्र पर गुरुवार को कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) सेवा का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर समाज कल्याण विभाग के सभागार में आयोजित कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विभागीय सचिव बन्दना प्रेयसी ने कहा इन बुनियादी केंद्रों पर कॉमन सर्विस सेंटर की स्थापना से लाभार्थियों को कई सुविधा मिलेगी। मुख्य रूप से पेंशन, जीवन प्रमाणीकरण, ट्राई साइकिल आवेदन, दिव्यांगजन उद्यमी योजना, यूडीआईडी कार्ड, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना में ऑनलाइन आवेदन आदि के लिए किसी प्रकार का शुल्क नहीं देना होगा। श्रीमती बंदना ने कहा कि राज्य के सभी अनुमंडलों में वृद्धजन और विधवाओं की सामाजिक सुरक्षा, देखभाल के लिए बुनियादी केंद्र का संचालन किया जा रहा है। इसका मूल उद्देश्य उपरोक्त लोगों को एक स्थान पर सम्मानजनक, सुलभ और समग्र सेवाएं मिल सके। लाभुकों को पात्रता के अनुरूप सामाजिक सुरक्षा पेंशन और संबल योजना के तहत कृत्रिम अंग, उपकरण, ट्राई साइकिल का आवेदन प्राप्त करने के लिए सभी बुनियादी केंद्रों को समेकित सेवा प्रदाता केंद्र के रूप में नामित किया गया है। सचिव ने कहा कि आज के डिजिटल युग में यह आवश्यक हो गया है कि सरकारी योजना और सेवाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक आसानी से पहुंचे। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए बुनियादी केंद्र पर कॉमन सर्विस सेंटर की स्थापना की जा रही है। इससे पेंशन का ऑनलाइन आवेदन संभव होगा। साथ ही लाभार्थी पेंशन की राशि भी निकाल सकेंगे। कॉमन सर्विस सेंटर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष-सह-राज्य प्रमुख संतोष कुमार तिवारी ने बताया कि लोगों को समाज कल्याण विभाग की योजनाओं के लिए किसी प्रकार का शुल्क नहीं देना होगा। इस सेंटर पर लोगों को अन्य सेवा का भी लाभ मिलेगा। इसके लिए रेट चार्ट का निर्धारण किया जाएगा।

# निरन्तर 42 वां सीता-राम स्मृति संस्कृत शिक्षण एवं संभाषण शिविर प्रारंभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** विहार संस्कृत संजीवन समाज पटना एवं सर्वत्र संस्कृतम की ओर से आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के अन्तर्गत अन्तर्जालीय अन्तर्राष्ट्रीय दशदिवसात्मक संस्कृत शिक्षण एवं सम्भाषण शिविर का भव्य उद्घाटन संस्कृतमय वातावरण में सम्पन्न हुआ। यह निरन्तर 42वां शिविर है जिसमें सरल पद्धति से संस्कृत बोलने का अभ्यास कराया जाएगा। अपने उद्घाटन उद्बोधन में अभियान के प्रधान संरक्षक एवं सदस्य (प्रशासनिक) लोक सेवा न्यायाधिकरण उत्तर प्रदेश के डा अनिल कुमार सिंह ने कहा कि सीता और राम का जीवन भारतवासियों के लिए सर्वदा अनुकरणीय एवं आचरणीय है। आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के संरक्षक एवं विहार संस्कृत संजीवन समाज पटना के महासचिव डॉ मुकेश कुमार ओझा ने कहा कि भारतीय नववर्ष एवं रामनवमी के अवसर पर सीता और राम के आदर्श चरित्र पर चर्चा अत्यावश्यक है। संस्कृत भाषा के बिना सनातन संस्कृति की रक्षा संभव नहीं है। इस अवसर पर राष्ट्रीय संयोजिका आचार्या रागिनी वर्मा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उग्र नारायण झा एवं डॉ लीना चौहान, मुख्यातिथि प्रो. रंजु कुमारी, संस्कृत विभागाध्यक्षा राजकीय महाविद्यालय गुलजार बाग पटना, विशिष्ट अतिथि डॉ अनिल कुमार चौबे, डॉ नीरा कुमारी डॉ दीप्ति कुमारी, डॉ महेश केवट, डॉ रागनी कुमारी, महेश मिश्र, देवेश प्रसाद, उमा हनोते आदि वक्ताओं ने भी सीता और राम की कथाओं की चर्चा किए एवं संस्कृत में विचारों को व्यक्त करने की सलाह दी।

# भारतीय स्टेट बैंक ने किया मोतिहारी में जीविका समूहों के लिए मेगा क्रेडिट कैंप का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** भारतीय स्टेट बैंक, पटना मण्डल ने मोतिहारी में जीविका समूहों के लिए मेगा क्रेडिट कैंप का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य महाप्रबंधक, पटना मंडल अनुराग जोशी, आर नटराजन, महाप्रबंधक उत्तर बिहार नेटवर्क, पटना मंडल विमलेंदु विकाश, महाप्रबंधक कोर्डिनेसन, कारपोरेट कार्यालय मुंबई प्रफुल्ल कुमार झा, उप महाप्रबंधक (बीएंडओ) मुजफ्फरपुर संजीव कुमार सिंह, क्षेत्रीय प्रबंधक, मोतिहारी, विभिन्न शाखाओं के शाखा प्रबंधक एवं क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय, मोतिहारी के अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल, पूर्वी चंपारण (मोतिहारी) की गरिमामयी उपस्थिति रही। जीविका के तरफ से पुष्पेन्द्र तिवारी, राज्य परियोजना प्रबंधक बिहार, विभिन्न प्रखंड परियोजना प्रबंधक एवं अन्य अधिकारियों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज करायी। इस मेगा क्रेडिट कैंप में 1700 से अधिक जीविका दीदियों ने भाग लिया।

इस अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक की विभिन्न शाखाओं को भी वीडियो कांफ्रेंसिंग से जोड़ा गया था जहां से अनेक समूह की सदस्यों ने भाग लिया। इस अवसर पर पूरे पटना मण्डल की तरफ से एसएचजी (जीविका समूह) को 350 करोड़ रुपये का ऋण प्रदान किया गया जिसका सांकेतिक चेक दीदियों को प्रदान किया।

## राज्यस्तरीय चार दिवसीय कृषि यांत्रीकरण मेला में 18 हजार किसानों एवं आमजनों ने किया भ्रमण

# 1 करोड़ 53 लाख के कृषि यंत्रों की बिक्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** कृषि मंत्री राम कृपाल यादव द्वारा राज्यस्तरीय कृषि यांत्रीकरण मेला एग्रो बिहार 2026 का उद्घाटन किया गया। 12 से 15 मार्च तक गांधी मैदान में आयोजित यह मेला कृषि विभाग द्वारा भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर नर्मदेश्वर लाल, प्रधान सचिव, कृषि विभाग डॉ. वीरेन्द्र प्रसाद यादव, विशेष सचिव सौरभ सुमन यादव, कृषि निदेशक स्पर्श गुप्ता, प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य बीज निगम कल्पना कुमारी, अपर सचिव गौरव साह, अध्यक्ष सीआईआई अखिल कोचर, उपाध्यक्ष सीआईआई धनंजय पति त्रिपाठी, अपर निदेशक (शष्य) संतोष कुमार उत्तम, निदेशक बसोका शशि शेखर मंडल, संयुक्त निदेशक कृषि अभियंत्रण सहित अन्य पदाधिकारीगण भी उपस्थित थे। मंत्री एवं कृषि विभाग के प्रधान सचिव नर्मदेश्वर लाल ने मेला परिसर एवं विभिन्न स्टॉलों का भ्रमण कर प्रदर्शित आधुनिक कृषि यंत्रों, तकनीकों तथा नवाचारों का अवलोकन किया। कृषि मंत्री ने राज्यस्तरीय कृषि यांत्रीकरण मेला एग्रो बिहार 2026 के उद्घाटन अवसर पर कहा कि बिहार मेहनतकश किसानों की धरती है और देश की ताकत खेतों तथा किसानों में निहित है। उन्होंने कहा कि बदलते समय के साथ खेती को आधुनिक तकनीक से जोड़ना आवश्यक हो गया है। कृषि यांत्रीकरण के माध्यम से खेती को अधिक लाभकारी, आसान और समयबद्ध बनाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि गांधी मैदान में आयोजित इस मेले में देश के विभिन्न राज्यों से आए कृषि यंत्र निर्माताओं द्वारा आधुनिक कृषि यंत्रों और नई तकनीकों का प्रदर्शन किया जा रहा है। किसानों को ड्रोन तकनीक, फसल अवशेष प्रबंधन, सूक्ष्म सिंचाई, खरपतवार नियंत्रण तथा कृषि यंत्रों के रख-रखाव की जानकारी भी दी जा रही है। मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार किसानों को अनुदानित दर पर आधुनिक कृषि यंत्र उपलब्ध कराकर उनकी आय बढ़ाने और बिहार की खेती को और सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य स्तरीय कृषि यांत्रिकीकरण मेले के उद्घाटन समारोह में कृषि विभाग के प्रधान सचिव नर्मदेश्वर लाल ने कहा कि यह मेला किसानों का तकनीक के साथ संगम है। वर्ष 2011 से पटना में इस मेले का आयोजन किया जा रहा है। हम तकनीक के सहारे उत्पादन बढ़ा सकते हैं। बढ़ती आबादी और इसके कारण खेती पर बढ़ते दबाव को तकनीक के सहारे ही कम किया जा सकता है। इस मेला में आज पहले दिन आत्मा योजना के माध्यम से पटना एवं मगध प्रमण्डल के सभी जिलों से 3 हजार से अधिक किसानों सहित राज्य के विभिन्न जिलों से लगभग 18000 किसानों एवं आम जनों ने अतिआधुनिक एवं उपयोगी कृषि यंत्रों की प्रदर्शनी का अवलोकन तथा जानकारी प्राप्त की।

✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 283 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, शुक्रवार, 13 मार्च 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



पूर्णिया में विकास योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास करते मुख्यमंत्री नीतीश कुमार

### मुख्यमंत्री ने पूर्णिया में 485 एवं कटिहार में 410 करोड़ की योजनाओं का किया शिलान्यास और उद्घाटन

## लोगों को बेहतर सुविधा देना सरकार का लक्ष्य : नीतीश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पूर्णिया/कटिहार।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपनी समृद्धि यात्रा के तीसरे चरण के तहत आज पूर्णिया एवं कटिहार पहुंचे। यहां उन्होंने कई विकास योजनाओं की शुरुआत की और एक बड़ी जनसभा को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का लक्ष्य राज्य के हर क्षेत्र का विकास करना और लोगों को बेहतर सुविधाएं देना है। मुख्यमंत्री ने अपने दौरे की शुरुआत शहर के ऐतिहासिक मां पूरणदेवी मंदिर में माथा टेककर की। उन्होंने करीब 15 मिनट तक पूजा-अर्चना की। इसके बाद वे सीधे थाना चौक स्थित मत्स्य एवं पशुपालन विभाग के कार्यालय पहुंचे। मत्स्य एवं पशुपालन विभाग के कार्यालय में मुख्यमंत्री ने 485 करोड़ रुपये की लागत वाली 200 महत्वपूर्ण योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इन योजनाओं से सीमांचल क्षेत्र के किसानों और पशुपालकों को सीधा लाभ मिलेगा। वहीं कटिहार में सीएम नीतीश कुमार ने 410 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने इंदिरा गांधी



मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। सभा में उन्होंने वर्ष 2005 से पहले के बिहार की स्थिति को याद किया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2005 में जब पहली बार राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार बनी तब से बिहार की स्थिति बदलनी शुरू हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि उससे पहले की सरकार ने कोई काम नहीं किया था। उस समय लोग शाम होते ही घरों से निकलने से डरते थे। हत्या, लूट और डकैती की घटनाएं अधिक होती थीं। हमारी सरकार ने इन सब पर रोक लगाई और राज्य में कानून का राज स्थापित किया। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में सांप्रदायिक सौहार्द की बात कही। उन्होंने कहा कि पहले जान-बूझकर हिंदू और मुस्लिम समुदाय के बीच झगड़े कराए जाते थे। उन्होंने बताया कि वर्ष 2006 से कब्रिस्तानों की घेराबंदी शुरू कराई गई। इसके बाद वर्ष 2016 से मंदिरों की भी घेराबंदी करवाई गई ताकि किसी तरह का विवाद न हो। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में प्रेम और भाईचारे का माहौल है। मुख्यमंत्री ने महिलाओं से जुड़ी योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि जीविका दीदी योजना से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का काम किया गया है। इसके साथ ही पुलिस भर्ती में महिलाओं को 35 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है, जो सरकार की बड़ी उपलब्धियों में से एक है। युवाओं को लेकर मुख्यमंत्री ने बड़ा ऐलान किया। उन्होंने कहा कि अब तक 50 लाख युवाओं को नौकरी और रोजगार दिया जा चुका है। उन्होंने यह भी कहा कि आने वाले पांच वर्षों में एक करोड़ लोगों को रोजगार और नौकरी देने का लक्ष्य रखा गया है। मुख्यमंत्री ने बिहार के लिए मिले विशेष आर्थिक पैकेज और मखाना बोर्ड के गठन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम के दौरान मंच पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, मंत्री विजय चौधरी, श्रवण कुमार और लेशी सिंह समेत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के कई वरिष्ठ नेता और स्थानीय जनप्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

## बिहार के नये राज्यपाल पटना पहुंचे, हुआ स्वागत



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के नये राज्यपाल (मनोनीत) लेज (अप्रा) सय्यद अता हसनैन के पटना हवाई अड्डा पहुंचने पर उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा एवं अन्य मंत्रीगण, बिहार विधान परिषद् के सभापति अवधेश नारायण सिंह तथा बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार ने उनका अभिवादन और स्वागत किया। इस अवसर पर वरीय प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारीगण तथा अन्य लोगों ने भी उनका अभिवादन किया। राज्यपाल (मनोनीत) को पटना हवाई अड्डा पर गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया। बिहार लोक भवन पहुंचने पर राज्यपाल के प्रधान सचिव रॉबर्ट एल चोंग्थू सहित बिहार लोक भवन के पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने उनका स्वागत किया। बिहार के नये राज्यपाल का शपथ ग्रहण समारोह 14 मार्च को आयोजित किया जाएगा। राजधानी के लोक भवन में यह कार्यक्रम आयोजित होगा। पटना हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे। शपथ ग्रहण समारोह में कई गणमान्य लोगों के शामिल होने की संभावना है। प्रशासनिक स्तर पर इसकी तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। रिटायर्ड लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन भारतीय सेना में अपनी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए जाने जाते हैं।

### संक्षिप्त समाचार

## दुकानदार ने मां-बेटी पर फेंका तेजाब

**मधेपुरा (नबिटा ब्यूरो)।** जिला मुख्यालय स्थित पुरानी बाजार वार्ड संख्या-10 में गुरुवार को एक ज्वेलरी दुकान में गहनों के लेन-देन को लेकर हुए विवाद में दुकानदार ने एक महिला और उसकी बेटी पर तेजाब फेंक दिया। इस हमले में जुलेखा खातून (55) और उनकी बेटी आसमा प्रवीण (22) बुरी तरह झुलस गईं। घटना के बाद आसपास के लोगों ने दोनों को तुरंत मधेपुरा के सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है।

## सीटेट फरवरी की उत्तर कुंजी जारी

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने सीटीईटी (केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा) 2026 परीक्षा की उत्तर कुंजी जारी कर दी है। उत्तर कुंजी बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अपने रोल नंबर और जन्मतिथि अंकित कर देख सकते हैं। साथ ही अभ्यर्थी अपना ओएमआर शीट भी डाउनलोड कर सकते हैं। मालूम हो कि सीटीईटी 7-8 फरवरी और 1 मार्च को हुआ। परीक्षा में 25 लाख से अधिक अभ्यर्थी शामिल हुए थे।

## 15.5 प्रतिशत हुआ राज्य का हरित आवरण : श्रवण

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा है कि बिहार में करीब सात वर्ष पहले शुरू हुए जल-जीवन-हरियाली अभियान से पर्यावरण सुरक्षा की दिशा में क्रांतिकारी बदलाव आया है। अभियान के तहत राज्य में अब तक 21 करोड़ 25 लाख पौधे लगाए गए हैं। इससे राज्य में हरित आवरण 15.5% तक पहुंच गया है। वर्ष 2028 तक हरित आवरण 17 फीसदी तक करने का लक्ष्य है।

## भारत में एलपीजी, तेल, पेट्रोल एवं डीजल की कमी नहीं : मंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** देश में एलपीजी संकट पर लोकसभा में केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि भारत 40 देशों से क्रूड ऑयल ले रहा है। गैस सिलेंडर पर पैनिक होने की कोई बात नहीं है। हरदीप सिंह पुरी ने लोकसभा में वेस्ट एशिया संकट पर कहा कि एनर्जी के इतिहास में दुनिया ने ऐसा पहले कभी नहीं देखा। होर्मुज स्ट्रेट को इतिहास में पहली बार कमर्शियल शिपिंग के लिए बंद कर दिया गया। संघर्ष पैदा करने में कोई भूमिका नहीं है, भारत को इसके नतीजों से निपटना होगा। भारत की क्रूड ऑयल सप्लाई की स्थिति सुरक्षित है। हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि पिछले पांच दिनों में, रिफाइनरी के निर्देशों के जरिए एलपीजी का प्रोडक्शन 28% बढ़ा दिया गया है और असल में आगे की खरीद चल रही है। मोदी सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता यह है कि भारत के 33 करोड़ परिवारों, खासकर गरीबों और जरूरतमंदों की रसोई में किसी भी तरह की कमी न हो। घरेलू सप्लाई पूरी तरह से सुरक्षित है और डिलीवरी साइकिल में कोई बदलाव नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि बड़े एलएनजी कार्गो लगभग रोज दूसरे सप्लाई रास्तों से आ रहे हैं। भारत के पास गैस प्रोडक्शन और सप्लाई के इतने इंतजाम हैं कि लंबे समय तक लड़ाई चलने पर भी यह स्थिति बनी रहेगी। हर घर और इंडस्ट्री के लिए बिजली का प्रोडक्शन पूरी तरह से सुरक्षित है। अब प्रोक्योरमेंट को एक्टिवली डायवर्सिफाई किया गया है और कार्गो को यूनाइटेड स्टेट्स, नॉर्वे, कनाडा, अल्जीरिया और रूस से मंगाया जा रहा है।

## न्याय के साथ विकास के प्रतीक हैं नीतीश कुमार : सम्राट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** समृद्धि यात्रा के दौरान गुरुवार को पूर्णिया के इंदिरा गांधी स्टेडियम में आयोजित मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के जनसंवाद कार्यक्रम को उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भी संबोधित किया। मुख्यमंत्री के संबोधन से पहले सम्राट चौधरी ने कहा कि सत्ता में आने के बाद नीतीश कुमार ने बिहार में न्याय के साथ विकास को स्थापित किया। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार को 2005 में जब सत्ता मिली थी राज्य में अपराधियों का बोलबाला था। अपहरण एक उद्योग बन गया था, सड़कें चलने लायक नहीं थी, बिजली कब आती थी पता नहीं चलता था। मुख्यमंत्री रहते नीतीश कुमार ने 20 साल में बिहार को सींचकर समृद्धि के द्वार पर पहुंचा दिया। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि जब नीतीश कुमार सीएम बने



तो उस समय राज्य में सिर्फ छह हजार किमी सड़कों का निर्माण हुआ था लेकिन आज मुख्यमंत्री के नेतृत्व में एक लाख 40 हजार किमी सड़कों का राज्य में जाल बिछा है। केंद्र सरकार के सहयोग से पूरे राज्य में सड़क परिवहन व्यवस्था मजबूत हुई है। सम्राट ने बताया कि एक्सप्रेस-वे और पूर्णिया में एयरपोर्ट मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की देन है। पूर्णिया से पूरे देश को सबसे सस्ता सीमेन उपलब्ध कराया जा रहा है। नीतीश कुमार के कार्यकाल में खासकर बिजली के क्षेत्र में क्रांति आई है। डिप्टी सीएम ने कहा कि पड़ोस के नेपाल, बांग्लादेश, भूटान सहित अन्य राज्यों की तुलना में बिहार में सबसे अधिक बिजली आपूर्ति हो रही है। आज बिहार में दो करोड़ 16 लाख लोग बिजली का उपयोग कर रहे हैं जिनमें काफी संख्या में उपभोक्ता को यह फ्री मिल रही है। उन्होंने यह भी कहा कि आज राज्य का बजट साढ़े तीन लाख करोड़ पहुंच गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अब राज्य में औद्योगिक विकास को गति देने में लगे हैं। इसके लिए पूर्णिया सहित अन्य जिलों में औद्योगिक क्षेत्र बनाए जा रहे हैं। आगे भी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में बिहार विकास के पथ पर लगातार आगे बढ़ता रहेगा।

## रेड पड़ते ही खिड़की से फेंके नोटों के बंडल, कचरे से मिले पांच लाख

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राजधानी में स्वास्थ्य विभाग के एक बड़े अधिकारी के यहां विशेष निगरानी इकाई (एसयूभी) की छापेमारी से हड़कंप मच गया। छापेमारी के दौरान अधिकारी पंकज कुमार ने कथित तौर पर खिड़की से नोटों के बंडल बाहर फेंक दिए। टीम ने कचरे के ढेर से करीब 5 लाख रुपये बरामद किए हैं। अब तक की कार्रवाई में कुल 15 लाख रुपये नकद, 1 करोड़ 31 लाख रुपए का हीरा,सोना और चांदी के जेवरात जब्त किए जा चुके हैं। अधिकारियों का कहना है कि जांच अभी जारी है और बरामदगी की रकम बढ़ सकती है। विशेष निगरानी इकाई ने आय से अधिक संपत्ति के मामले में पंकज कुमार के तीन ठिकानों पर छापेमारी की है। इनमें उनके दो घर और एक कार्यालय शामिल हैं। पंकज कुमार बिहार मेडिकल सर्विसेज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर कॉर्पोरेशन लिमिटेड यानी बीएमएससीआइएल में डीजीएम (प्रोजेक्ट) के पद पर तैनात हैं। एसयूभी की टीम गुरुवार सुबह करीब 8 बजे पटना के कदमकुआं इलाके स्थित कनिका मैहर



अपार्टमेंट पहुंची। उस समय पंकज कुमार अपने परिवार के साथ घर पर मौजूद थे। छापेमारी शुरू होते ही टीम ने पूरे घर की तलाशी ली। इसी दौरान नकदी और अन्य दस्तावेज बरामद किए गए। जांच एजेंसी का आरोप है कि पंकज कुमार ने अपनी सेवा अवधि के दौरान आय से अधिक संपत्ति अर्जित की है। निगरानी इकाई के अनुसार उन्होंने करीब 96 लाख 46 हजार रुपये से अधिक की ऐसी संपत्ति बनाई है, जो उनकी वैध आय से कहीं ज्यादा है। छापेमारी में कैश, गहने, जमीन से जुड़े दस्तावेज और अन्य कीमती सामान भी मिले हैं। पत्नी के नाम पटना में तीन फ्लैट हैं। एसयूभी की टीम ने पटना स्थित बीएमएससीआइएल के कार्यालय में भी जांच शुरू की है। पांच सदस्यीय टीम दस्तावेजों और फाइलों को खंगाल रही है। इस टीम का नेतृत्व राजकुमार कर रहे हैं। इस मामले में विशेष न्यायाधीश, निगरानी कोर्ट पटना की ओर से तलाशी वारंट जारी किया गया था। उसी के आधार पर गुरुवार को यह छापेमारी की कार्रवाई शुरू की गई। छापेमारी दल का नेतृत्व संजय वर्मा कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि पंकज कुमार के तीनों ठिकानों पर जांच अभी जारी है। जानकारी के मुताबिक पंकज कुमार की नियुक्ति सहायक अभियंता के रूप में हुई थी। करीब 11 वर्षों की सेवा के दौरान उन्होंने कई पदों पर काम किया। जांच में यह भी सामने आया है कि पटना समेत कई जगहों पर उनके और उनके परिवार के नाम पर जमीन और फ्लैट हैं। इन संपत्तियों की अनुमानित कीमत करीब एक करोड़ 39 लाख रुपये बताई जा रही है।

## मुख्यमंत्री पद से 8 या 9 अप्रैल को नीतीश कुमार के इस्तीफा की अटकलें

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राज्यसभा के लिए नामांकन दाखिल करने के बाद बिहार की राजनीति में हलचल तेज हो गई है। राजनीतिक गलियारों में उनके मुख्यमंत्री पद छोड़ने की अटकलें भी तेज हो गई हैं। सूत्रों के अनुसार नीतीश कुमार 8 या 9 अप्रैल को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे सकते हैं। हालांकि इस संबंध में अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। राज्यसभा जाने की खबर के बाद सियासी चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। सत्ता और विपक्ष दोनों इस घटनाक्रम पर नजर बनाए हुए हैं। राजनीतिक सूत्रों के अनुसार यदि नीतीश कुमार इस्तीफा देते हैं तो राज्य में नए मुख्यमंत्री के चयन की प्रक्रिया शुरू होगी। कहा जा रहा है कि 16 मार्च के बाद इसपर औपचारिक चर्चा तेज हो सकती है। गठबंधन के भीतर नेतृत्व को लेकर कई नामों पर मंथन की संभावना जताई जा रही है। हालांकि अब तक किसी नाम की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि आने वाले दिनों में स्थिति स्पष्ट होगी। फिलहाल यह मामला अटकलों और चर्चाओं का विषय बना हुआ है। इन अटकलों के बीच मुख्यमंत्री के पुत्र निशांत कुमार का नाम भी चर्चा में है। हाल के दिनों में उनकी राजनीतिक सक्रियता बढ़ी है। वे लगातार पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर रहे हैं। इसी वजह से उनके भविष्य की भूमिका को लेकर कयास लगाए जा रहे हैं।

## नीतीश कुमार की सलाह पर ही चलेगी एनडीए सरकार : विजय चौधरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जल संसाधन मंत्री विजय चौधरी ने कहा कि शासन के 20 साल में भी नीतीश कुमार की लोकप्रियता कम नहीं हुई है। जैसे-जैसे उनका कार्यकाल बढ़ता गया उनकी लोकप्रियता बढ़ती गई। पूर्णिया में आयोजत जनसंवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि 20 साल बाद भी उनकी लोकप्रियता किस मुकाम पर है, यह जनता ने पिछले विधानसभा चुनाव में मतदान कर दिखा दिया है। विजय चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री ने अपनी न्याय यात्रा से पहली यात्रा शुरू की थी, जो आज समृद्धि यात्रा पर पहुंच गई है। उन्होंने कहा कि अब तक मुख्यमंत्री ने जितनी भी यात्रा निकाली, सभी विकास के विभिन्न चरणों को दर्शाती है। हर यात्रा का अलग-अलग उद्देश्य रहा



लेकिन सभी का मकसद बिहार और यहां के लोगों का विकास था। विकास के साथ समृद्धि आती है, इसलिए मुख्यमंत्री अब समृद्धि यात्रा पर निकले हैं। मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री का पूर्णिया से खास लगाव रहा है। बताया कि जब उन्हें पूर्णिया का प्रभारी मंत्री उन्होंने बनाया था तो यह स्पष्ट तौर पर कहा था कि यहां के विकास के लिए हर प्रयास करें। उन्होंने बताया कि प्रगति यात्रा के दौरान भी जब मुख्यमंत्री पूर्णिया आए तो यहां के विकास के लिए करोड़ों की योजनाओं को स्वीकृति दी।

## बालू घाट छोड़ने वाली 78 कंपनियां होंगी ब्लैकलिस्ट, दोबारा टेंडर में नहीं मिलेगा मौका : विजय सिन्हा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य में बालू घाटों का ठेका लेने के बाद इसे बीच में छोड़कर भागने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। इस वर्ष बालू घाटों की बोली पिछले वर्ष के मुकाबले तीन से चार गुणा अधिक लगाकर घाटों को ले लिया गया लेकिन इन्हें बीच में यह कहते हुए सरेंडर कर दिया कि मुनाफा नहीं हो रहा है। कुछ स्थानों पर बालू माफियाओं ने मिलीभगत करके ऐसा किया है। अब बालू घाटों को सरेंडर करने वाली कंपनी या इसके निदेशकों या मालिकों को अब किसी भी नई टेंडर प्रक्रिया में शामिल नहीं होने दिया जाएगा। यह जानकारी खान एवं भूतत्व विभाग के मंत्री सह उप-मुख्यमंत्री श्री विजय कुमार सिन्हा ने गुरुवार को दी है। वह विकास भवन सचिवालय में मौजूद उद्योग विभाग के सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राजस्व नुकसान पहुंचाने वाली ऐसी करीब 78 कंपनियों को ब्लैक लिस्टेड करने की कवायद शुरू हो गई है। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री श्री सिन्हा ने 71 बिहारी योद्धा को पुरस्कार वितरित किया। ये वैसे योद्धा हैं, जिन्होंने अवैध खनन और ओवरलोडिंग खनिज वाहनों के बारे में विभाग को जानकारी देकर पकड़वाया है। सुरक्षा मानकों का ध्यान रखते हुए इनके नाम और पते गुप्ता रखे गए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में ऐसे करीब 78 घाट हैं, जिनकी बोली अधिक राशि में लगाकर पहले इसे ले लिया गया, फिर बीच में छोड़ दिया गया है।

### खनिज वाहनों को ट्रांजिट चालान लेना अनिवार्य

मंत्री ने कहा कि बाहर के राज्यों से आने वाले खनिज लदे वाहनों के लिए



ट्रांजिट चालान लेना अनिवार्य होगा। ट्रांजिट चालान की प्रक्रिया को कैबिनेट की भी अनुमति मिल चुकी है। इससे सीमावर्ती जिलों की जिम्मेदारी बढ़ गई है। बाहर से प्रवेश करने वाले वाहनों को टीपी (ट्रांजिट पास) लेना अनिवार्य होगा। इन वाहनों को 85 रुपये प्रति घन फीट की दर से टीपी चार्ज देना होगा। सीसीटीवी के जरिए सीमावर्ती जिलों के प्रवेश मार्ग की सशक्त मॉनीटरिंग की जाएगी।

### अब तक तीन हजार करोड़ राजस्व हो चुका संग्रह

खान एवं भूतत्व मंत्री ने कहा कि तमाम मुश्किलों के बाद भी राजस्व संग्रह में लगातार बढ़ोतरी हुई है। वित्तीय वर्ष 2021-22 में 1600 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ था। इसी तरह 2024-25 में 3500 करोड़ रुपये प्राप्त हुए थे। चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में 3800 करोड़ रुपये राजस्व प्राप्ति का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें 3 हजार करोड़ रुपये अब तक प्राप्त हो चुके हैं। मार्च अंत तक विभाग से 200-300 करोड़ रुपये और कार्य विभागों से 500-600 करोड़ रुपये प्राप्त होने की संभावना है। इस तरह लक्ष्य प्राप्त हो जाएगा।

### अवैध खनन को लेकर 31 हजार से अधिक हुई छापेमारी

अवैध खनन को लेकर राज्यभर में 2025 में अप्रैल से नवंबर तक 31 हजार 297 छापेमारी हुई है। 1600 एफआईआर दर्ज की गई है। 400 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गृह विभाग से छापेमारी करने के लिए 400 अतिरिक्त पुलिस बल मंगवाए गए हैं। सभी घाटों की ऑनलाइन मॉनीटरिंग सीसीटीवी के जरिए हो रही है। छापेमारी के लिए फ्लाइंग स्कॉयड का गठन किया गया, जो रैंडम छापेमारी करती है। प्रेस वार्ता के दौरान खान एवं भूतत्व विभाग के सचिव दिवेश सेहरा, निदेशक मनेश कुमार मीणा समेत अन्य मौजूद थे।

C M Y K

# गैस आपूर्ति को लेकर एजेंसियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। गुरुवार को समाहरणालय सभाकक्ष, नवादा में जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में सभी गैस एजेंसियों के प्रतिनिधियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में एलपीजी गैस की आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू, पारदर्शी एवं उपभोक्ताओं के लिए सुविधाजनक बनाना था। बैठक के दौरान विभिन्न गैस एजेंसियों के प्रतिनिधियों द्वारा बताया गया कि जिले में घरेलू गैस सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता है तथा उपभोक्ताओं को घबराने की आवश्यकता नहीं है।

माधुरी श्री भारत गैस एजेंसी के संचालक कौशलेन्द्र कुमार ने सभी भारत गैस उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा कि गैस सिलेंडरों की कोई कमी नहीं है। उपभोक्ता अनावश्यक रूप से बुकिंग न करें। गैस वितरण बुकिंग एवं रजिस्टर्ड मोबाइल पर ओटीपी प्राप्त होने के पश्चात ही किया जाएगा। उन्होंने उपभोक्ताओं से अनुरोध किया कि निर्धारित अवधि पूर्ण होने के बाद ही गैस सिलेंडर की बुकिंग करें तथा 25 दिनों के बाद ही पुनः बुकिंग करें। राजश्री एचपीसीएल गैस एजेंसी, नवादा के संचालक राजेश्वर प्रसाद ने बताया कि सभी डिस्ट्रीब्यूटरों के पास एचपीसीएल गैस सिलेंडर पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। ग्रामीण क्षेत्रों के उपभोक्ता 45 दिनों के बाद तथा शहरी क्षेत्रों के उपभोक्ता 25 दिनों के बाद गैस सिलेंडर की बुकिंग करें।

सुपर गैस एजेंसी (इंडेन) के संचालक प्रवीण कुमार ने भी जानकारी दी कि घरेलू उपभोक्ताओं के लिए गैस सिलेंडर पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि नियमानुसार 25 दिनों के बाद ही गैस सिलेंडर की बुकिंग करें तथा सभी उपभोक्ताओं को उनके घर तक गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की कि घबराने की आवश्यकता नहीं है तथा निर्धारित मूल्य पर ही गैस सिलेंडर की होम डिलीवरी सुनिश्चित की जाएगी। बैठक के दौरान जिला पदाधिकारी द्वारा सभी गैस एजेंसियों को निर्देश दिया गया कि उपभोक्ताओं को समय पर गैस सिलेंडर की आपूर्ति सुनिश्चित करें तथा वितरण व्यवस्था में किसी भी प्रकार की अनियमितता न हो। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि बुकिंग के अनुरूप निर्धारित समय सीमा के भीतर गैस की होम डिलीवरी सुनिश्चित की जाए तथा उपभोक्ताओं से निर्धारित दर से अधिक राशि की वसूली नहीं की जाए। इसके अतिरिक्त गैस एजेंसियों को यह भी निर्देशित किया गया कि उपभोक्ताओं की शिकायतों का त्वरित निष्पादन किया जाए तथा गैस वितरण से संबंधित सभी सरकारी दिशा-निर्देशों का पूर्णतः पालन सुनिश्चित किया जाए।

# सदर अस्पताल में 15 मार्च से अलग-अलग कक्षों में चलेगी ओपीडी



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। सदर अस्पताल में इलाज के लिए आने वाले मरीजों के लिए राहत भरी खबर है। अस्पताल प्रशासन ने मरीजों की बढ़ती संख्या और बेहतर उपचार व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए ओपीडी (बाह्य रोगी विभाग) सेवाओं के विकेंद्रीकरण का फैसला किया है। नई व्यवस्था के तहत अब विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ डॉक्टरों के लिए अलग-अलग ओपीडी कक्ष निर्धारित किए जाएंगे, जिससे मरीजों को लंबी कतारों और भीड़भाड़ से राहत मिलेगी। इस व्यवस्था को लागू करने के लिए सदर अस्पताल के पुराने इमरजेंसी वार्ड भवन का जीर्णोद्धार कर उसे उपयोग में लाया जा रहा है। सदर अस्पताल के प्रभारी उपाधीक्षक डॉ. राजीव रंजन ने बताया कि इस नई पहल को लागू करने की तैयारी अंतिम चरण में है और संभावना है कि 15 मार्च से यह व्यवस्था शुरू कर दी जाएगी। फिलहाल सदर अस्पताल के मॉडल भवन में संयुक्त ओपीडी सेवा संचालित होती है, जहां एक ही स्थान पर विभिन्न रोगों के मरीजों का परामर्श होता है। उन्होंने बताया कि महिला रोगियों के लिए अभी भी अलग ओपीडी की व्यवस्था जारी है। नई योजना के तहत अन्य विभागों को भी अलग-अलग कक्ष दिए जाएंगे। इसके अंतर्गत मेडिसिन, सर्जरी, ईएनटी (नाक-कान-गला), नेत्र रोग, शिशु रोग, हड्डी रोग तथा सिजेरियन परामर्श के लिए अलग-अलग केबिन बनाए जा रहे हैं। अस्पताल प्रबंधन का मानना है कि इस नई व्यवस्था से मरीजों को अपने रोग के विशेषज्ञ डॉक्टर तक सीधे पहुंचने में सुविधा होगी और अस्पताल में भीड़ प्रबंधन के साथ-साथ उपचार की गुणवत्ता में भी सुधार आएगा। 15 मार्च से शुरू होने वाली इस पहल को लेकर स्वास्थ्यकर्मियों और मरीजों में उत्साह देखा जा रहा है।

# सीएम की यात्रा से पहले डीएम ने किया विकास कार्यों का निरीक्षण



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिलसा (नालंदा)**। बिहार के मुख्यमंत्री की संभावित 'समृद्धि यात्रा' के मद्देनजर गुरुवार को जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने हिलसा प्रखंड क्षेत्र में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आईटीआई कॉलेज, रामबाबू हाई स्कूल परिसर और पूर्वी बाईपास निर्माण कार्य का जायजा लिया, साथ ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने आईटीआई कॉलेज में उपलब्ध आधुनिक उपकरणों और संसाधनों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि आईटीआई संस्थान युवाओं को तकनीकी शिक्षा प्रदान करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है, जिससे उन्हें रोजगार के बेहतर अवसर मिल रहे हैं। इसके बाद जिलाधिकारी ने रामबाबू हाई स्कूल परिसर का भी निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय की व्यवस्थाओं, भवन की स्थिति और परिसर में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की। विद्यालय में बनाए गए नए स्मार्ट क्लास को देखकर उन्होंने सराहना की और कहा कि जिले में इस तरह के और भी स्मार्ट क्लास बनाए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने आईसीटी लैब और सीआरसी कक्ष की भी प्रशंसा की।जिलाधिकारी ने बताया कि वर्ष 1936 में स्थापित इस विद्यालय की व्यवस्था सराहनीय है। उन्होंने सुझाव दिया कि विद्यालय से पढ़कर उच्च पदों पर पहुंचे पूर्व छात्रों की सूची बनाकर विद्यालय परिसर में प्रदर्शित की जाए, ताकि वर्तमान छात्रों को प्रेरणा मिल सके। विद्यालय के मुख्य द्वार के पुनर्निर्माण कार्य का भी उन्होंने निरीक्षण किया। चुनाव के दौरान चुनाव से संबंधित सामग्री अंदर प्रवेश करने के दौरान ट्रक से पुराने गेट को क्षति पहुंचने के कारण एक नया भव्य गेट बनाया जा रहा है। जिलाधिकारी ने गेट के डिजाइन की सराहना करते हुए कहा कि यह सुंदर गेट जिले के अन्य सरकारी विद्यालयों के लिए भी एक उदाहरण बन सकता है। उन्होंने निर्माण कार्य को जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। वहीं पश्चिमी बाईपास निर्माण कार्य का निरीक्षण करते हुए जिलाधिकारी ने कार्य की गति तेज करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की संभावित यात्रा से पहले सभी तैयारियां और विकास कार्यों को पूरी तरह व्यवस्थित कर लिया जाए, ताकि क्षेत्र के विकास कार्यों की बेहतर प्रस्तुति हो सके। इस निरीक्षण के दौरान जिला प्रशासन के कई अधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि और संबंधित विभाग के अभियंता मौजूद रहे।

# युवक की गला रेतकर हत्या, खेत से मिला शव



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा**। जिले के नरहट प्रखंड क्षेत्र में एक युवक की गला रेतकर हत्या किए जाने की सनसनीखेज घटना सामने आई है। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत और आक्रोश का माहौल है। बताया जाता है कि नरहट प्रखंड अंतर्गत बनिया बीघा गांव के रेहड़ा स्थित गेहूं के खेत से एक युवक का शव बरामद किया गया। मृतक की पहचान बनिया बीघा निवासी स्वर्गीय महावीर माहतो के पुत्र अनुज कुमार उर्फ सतू के रूप में की गई है। परिजनों के अनुसार अनुज कुमार शादीशुदा थे और उनके दो पुत्र तथा एक पुत्री हैं। अचानक हुई इस घटना से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। स्थानीय लोगों के अनुसार सुबह जब ग्रामीण खेत की ओर गए तो गेहूं के खेत में युवक का शव पड़ा देखा। शव की स्थिति देखकर प्रथम दृष्टया गला रेतकर हत्या किए जाने की आशंका जताई जा रही है। घटना की खबर मिलते ही आसपास के गांवों में सनसनी फैल गई और बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंच गए। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लिया और आसपास के लोगों से पूछताछ की। शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है। फिलहाल हत्या के पीछे के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। पुलिस का कहना है कि सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है और जल्द ही मामले का खुलासा करने का प्रयास किया जाएगा। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है।

## प्रखण्ड पंचायती राज पदाधिकारी ने बैठक कर दिए आवश्यक निर्देश

**कौआकोल**। गुरुवार को प्रखण्ड कार्यालय के सभागार कक्ष में प्रखण्ड पंचायती राज पदाधिकारी शमा बानो ने न्यायमित्र, कचहरी सचिव एवं सरपंच के साथ बैठक कर उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस दौरान सरपंच और न्यायमित्रों को निर्देशित किया गया कि वे अपने क्षेत्र के लंबित मामलों को चिन्हित करें और उन्हें लोक अदालत के माध्यम से सुलझाने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य आपसी सहमति से विवादों को खत्म करना है, ताकि न्यायालयों पर बोझ कम हो सके और ग्रामीणों को सस्ता व सुलभ न्याय मिले।

# कृषि विज्ञान केंद्र में बकरी पालन प्रशिक्षण शुरू




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कौआकोल**। ग्राम निर्माण मंडल, नवादा के तत्वावधान में संचालित कृषि विज्ञान केंद्र नवादा द्वारा गुरुवार को "बकरी पालन" विषय पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ग्राम निर्माण मंडल के प्रधानमंत्री अरविंद कुमार,केवीके के वरीय वैज्ञानिक सह-प्रधान डॉ. जयवंत कुमार सिंह,कृषि वैज्ञानिक डॉ. शशांक शेखर सिंह,अंगद कुमार एवं कोर्स कोआर्डिनेटर रजत रंजन द्वारा संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए ग्राम निर्माण मण्डल के प्रधानमंत्री अरविंद कुमार ने कहा कि बकरी पालन ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने का एक सशक्त माध्यम है। किसान अपनी खेती के साथ-साथ इसे सहायक व्यवसाय के रूप में अपनाकर अपनी आर्थिक स्थिति में व्यापक सुधार कर सकते हैं। इस अवसर पर नाबार्ड के डीडीएम सुशांत रोशन ने किसानों को पशुपालन क्षेत्र में मिलने वाले वित्तीय सहयोग के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बैंक की विभिन्न ऋण योजनाओं और सब्सिडी (अनुदान) की जानकारी देते हुए किसानों को बैंकिंग प्रणाली से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। इस पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में नवादा जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए 40 प्रगतिशील किसानों ने पंजीकरण कराया है। प्रशिक्षण के दौरान वैज्ञानिकों द्वारा उन्नत नस्ल चयन, आवास प्रबंधन, टीकाकरण और आहार प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर तकनीकी जानकारी दी जाएगी।

# रामबाबू हाई स्कूल हिलसा में मध्यमा परीक्षा का होगा आयोजन, 462 परीक्षार्थी होंगे शामिल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हिलसा (नालंदा)**। हिलसा रामबाबू हाई स्कूल में बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित दसवीं कक्षा (मैट्रिक) के समकक्ष 'मध्यमा परीक्षा' के आयोजन को लेकर विद्यालय प्रशासन ने तैयारी पूरी कर ली है। नालंदा जिले में इस परीक्षा के लिए रामबाबू हाई स्कूल में ही एकमात्र परीक्षा केंद्र बनाया गया है।विद्यालय के प्रधानाध्यापक संजीव कुमार से मिली जानकारी के अनुसार इस केंद्र पर जिले के विभिन्न क्षेत्रों से कुल 462 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। मध्यमा परीक्षा 16 मार्च से शुरू होकर चार दिनों तक चलेगी। परीक्षा का आयोजन प्रतिदिन दो पालियों में किया जाएगा। पहली पाली की परीक्षा सुबह 9:00 बजे से प्रारंभ होगी, जबकि दूसरी पाली की परीक्षा शाम 5:00 बजे तक संचालित की जाएगी। विद्यालय प्रशासन ने बताया कि परीक्षा के शांतिपूर्ण, कदाचारमुक्त एवं व्यवस्थित संचालन के लिए सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। परीक्षार्थियों के बैठने की व्यवस्था, कक्षों की साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय तथा सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त किया जा रहा है, ताकि परीक्षा के दौरान किसी प्रकार की परेशानी न हो। विद्यालय के शिक्षकों एवं कर्मियों को परीक्षा संचालन में अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। साथ ही परीक्षा केंद्र पर अनुशासन बनाए रखने और परीक्षा को पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के लिए विशेष सतर्कता बरती जाएगी।विद्यालय प्रशासन ने बताया कि नालंदा जिले में मध्यमा परीक्षा के लिए केवल एक ही केंद्र निर्धारित किया गया है, जिसके कारण जिले के विभिन्न इलाकों से परीक्षार्थी यहां परीक्षा देने पहुंचेंगे।

# बिहार दिवस समारोह की तैयारी को लेकर बैठक



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। आगामी 22 मार्च को श्रम कल्याण मैदान में बिहार दिवस समारोह का आयोजन किया जाना है। जिसकी तैयारी को लेकर अपर समाहर्ता राजीव रंजन कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। समीक्षा के क्रम में संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि इस अवसर पर विधि व्यवस्था, यातायात व्यवस्था,साफ सफाई, सांस्कृतिक कार्यक्रम, स्टेज निर्माण, उद्घाटन, समापन, पेयजल, शौचालय ,विद्युत व्यवस्था, पार्किंग, प्रचार -प्रसार , स्टॉल निर्माण, हेल्थ कैंप, सुरक्षा व्यवस्था आदि की ससमय व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इस अवसर पर सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं यथा कृषि, उद्यान, जीविका, स्वास्थ्य, श्रम कल्याण, सामाजिक सुरक्षा कोषांग, फूड, आपदा, पशुपालन, पर्यटन, आईसीडीएस का स्टॉल लगाकर आम जन को लाभान्वित किया जाएगा, जिसकी पूर्व तैयारी हेतु निदेशक डीआरडीए को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि 16 विभिन्न विभागों का स्टॉल की तैयारी ससमय सुनिश्चित करें। जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि बच्चों की प्रभात फेरी के माध्यम से बिहार दिवस के अवसर पर आम लोगों को जागरूक किया जाए। इस अवसर पर सिविल सर्जन, जिला नजारत शाखा उपसमाहर्ता, जिला शिक्षा पदाधिकारी, कला संस्कृति पदाधिकारी, डीपीएम स्वास्थ्य विभाग, प्रभारी पदाधिकारी बाल संरक्षण इकाई, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग, जिला महाप्रबंधक उद्योग केंद्र, जिला नियोजन पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी गण आदि उपस्थित थे।

# कल्याण बिगहा पहुंचे निशांत कुमार



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। जदयू में औपचारिक रूप से शामिल होने के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पुत्र निशांत कुमार गुरुवार को पहली बार अपने पैतृक गांव कल्याण बीघा पहुंचे। इस दौरान कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों में भारी उत्साह देखने को मिला। समर्थकों ने उनका फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया और 'निशांत कुमार जिंदाबाद' तथा 'बिहार का सीएम कैसा हो, निशांत भैया जैसा हो' के नारे लगाए। दोपहर करीब साढ़े 3 बजे जैसे ही निशांत कुमार का काफिला गांव की सीमा में पहुंचा, पहले से मौजूद सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। पूरे इलाके में नारों और जयकारों से माहौल उत्साहपूर्ण हो गया। गांव पहुंचने के बाद निशांत कुमार सीधे 'रामलखन सिंह वाटिका' गए। यहां उन्होंने अपने दादा स्वर्गीय रामलखन सिंह, दादी परमेश्वरी देवी और माता स्वर्गीय मंजू सिंह की आदमकद प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद उन्होंने गांव के देवी स्थान में विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर बिहार की सुख-समृद्धि की कामना की। पुष्पांजलि और पूजा के बाद निशांत कुमार अपने पैतृक आवास पहुंचे, जहां उन्होंने स्थानीय कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों से मुलाकात की। लोगों की समस्याएं सुनीं और सभी का अभिवादन स्वीकार किया। अपने गांव के लोगों के बीच वे काफी सहज और भावुक नजर आए। इस मौके पर निशांत कुमार ने कहा कि उनके पिता मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पिछले 20 वर्षों में बिहार के विकास के लिए जो काम किए हैं, वे उसे आगे बढ़ाने की कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा कि आज उन्होंने अपने दादा-दादी और मां का आशीर्वाद लिया है और उनकी कोशिश रहेगी कि काम के जरिए जनता का दिल जीता जाए।

# हिसुआ जैन समाज एवं मंदिर समिति के मंत्री बने रंजीत जैन 'बबलू'



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। नवादा जिलांतर्गत हिसुआ के प्रतिष्ठित व्यवसायी एवं समाजसेवी रंजीत जैन 'बबलू' को सर्वसम्मति से हिसुआ जैन समाज-सह-श्री चंद्र प्रभु दिगम्बर जैन मंदिर समिति के मंत्री के रूप में चयनित किया गया है। वे तत्कालीन मंत्री स्व. हेमेंद्र जैन के पुत्र हैं। पिता स्व. हेमेंद्र के निधन के बाद यह पद रिक्त हुआ था। इस आलोक में स्थानीय जैन समाज ने एक सर्वसम्मत प्रस्ताव पारित कर रंजीत जैन 'बबलू' को हिसुआ जैन समाज-सह-श्री चंद्र प्रभु दिगम्बर जैन मंदिर के मंत्री के रूप में चयनित किया। मंत्री के रूप में निर्विरोध चयनित रंजीत जैन 'बबलू' ने समाज एवं मंदिर हित की दिशा में अपना प्रत्येक संभव योगदान देने की बात कही है। स्थानीय जैन समाज के साथ ही नवादा जैन समाज के प्रतिनिधि एवं भगवान महावीर प्रथम साधना स्थली, पावापुरी के महामंत्री पत्रकार दीपक जैन ने रंजीत जैन 'बबलू' के निर्विरोध मंत्री चुने जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की है।

# चलती-फिरती मृदा परीक्षण बस ने पंचायतों का किया दौरा




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नारदीगंज,नवादा**। किसानों की आय दोगुनी करने और मिट्टी की सेहत सुधारने के उद्देश्य से गुरुवार को एक 'चलती-फिरती मृदा परीक्षण बस' ने हड़िया, डोहरा और कोसला पंचायत का दौरा किया। इस कार्यक्रम के माध्यम से क्षेत्र के सैकड़ों किसानों को उनके खेत की मिट्टी की जांच की। यह सुविधा सीधे उनके गांव में ही उपलब्ध कराई गई। कहा गया मिट्टी की जांच होने पर मिट्टी की जानकारी प्राप्त हो जाती है। यह मिट्टी का किस्म किस प्रकार की है। बीएओ विवेक कुमार गौरव ने कहा किसानों को पोषक तत्वों की सही जानकारी प्राप्त होती है। जिससे उर्वरकों का सही उपयोग किया जाता है। लागत भी 20 से 30 प्रतिशत कम लगती है। फसल पैदावार भी बढ़ जाती है। इसके अलावा फसल चक्र के अनुसार सही बीजों का चयन करने में मदद मिलती है। किसानों को फसल उत्पादन करने में सहूलियत मिलती है। अच्छी फसल को उत्पादन कर किसान समृद्ध व खुशहाल बनेंगे। मौके पर कृषि समन्वयक संजय कुमार, अजय कुमार, रवि कुमार,किसान सलाहकार मुन्ना कुमार,सोनम कुमारी समेत अन्य लोग शामिल रहें।

# कस्तूरबा विद्यालय में आयुर्विद्या स्वास्थ्य कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ**। राष्ट्रीय आयुष मिशन अंतर्गत जिला आयुष समिति नालंदा के द्वारा आयुर्विद्या पब्लिक हेल्थ प्रोग्राम के माध्यम से जिला देशी चिकित्सा पदाधिकारी नालंदा की अध्यक्षता में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय ,बेनार एवं +2 उच्च विद्यालय,बेनार में आयुर्विद्या स्वास्थ्य कार्यक्रम का संचालन किया गया। इस कार्यक्रम में दिनचर्या, ऋतुचर्या, रोगों का निदान, आहार, विहार, योग, प्राणायाम एवं चिकित्सा के बारे में सविस्तार बताया गया। इसमें योग का प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षण गण, आयुष चिकित्सा पदाधिकारी, कर्मचारी एवं समस्त छात्र-छात्राओं का सहयोग प्राप्त हुआ। अंत में कार्यक्रम का समापन औषधीय पौधा वितरण एवं पौधारोपण के साथ संपन्न किया गया।

# ग्रामीण युवाओं के लिए रोजगार-सह-मार्गदर्शन मेला का आयोजन 13 व 14 मार्च को

**नवादा/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता**। बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति (जीविका), नवादा के द्वारा दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के तहत ग्रामीण युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रोजगार-सह-मार्गदर्शन मेला का आयोजन किया जा रहा है। यह मेला दिनांक 13 मार्च 2026 को ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) परिसर, मंगर विगहा (नवादा) तथा 14 मार्च 2026 को इंटर लाटो यादव उच्च विद्यालय, मेसकौर (प्रखंड कार्यालय के समीप) आयोजित किया जाएगा। मेला का आयोजन प्रतिदिन सुबह 09:00 बजे से अपराह्न 03:00 बजे तक किया जाएगा। इस रोजगार मेले में टाटा मोटर्स, उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक, टी.वी. एस., इंडो एम.आई.एम. (एन.टी.टी.एफ. के द्वारा), गार्डियन्स सिक्योरिटी एवं फैसिलिटी प्राइवेट लिमिटेड, नव भारत फर्टिलाइजर्स लिमिटेड, महिंद्रा लॉजिस्टिक (आमधने के द्वारा), फ्लिपकार्ट (2 कॉम के द्वारा), एस.बी.पी.एस. हेल्थ केयर प्राइवेट लिमिटेड, यंग ब्रांड अपैरल प्राइवेट लिमिटेड, सिंधुजा माइक्रोक्रेडिट लिमिटेड, हाईली (आमधने प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा), एम.आर.एफ. लिमिटेड (आमधने प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा), याजाकि इंडिया (आमधने प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा), डी.एस.टी.ई.एस., विजन इंडिया सर्विसेस (श्नाइडर इलेक्ट्रिक के लिए), एच.एस.एन. टेक सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड सहित कई कंपनियां भाग लेंगी। मेले में कंपनियों द्वारा प्रशिक्षु, ट्रेनी क्रेडिट एवं रिलेशनशिप ऑफिसर, डिप्लोमा कोर्स, मोबाइल असेम्बलर, सेल्स ट्रेनी, सुरक्षा जवान, सिलाई मशीन ऑपरेटर, असेम्बली ऑपरेटर, सी.एन.सी. ऑपरेटर आदि पदों पर नियुक्ति की जाएगी। इसके अतिरिक्त पंजाब नेशनल बैंक द्वारा नवादा में संचालित ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) के माध्यम से विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए नामांकन भी किया जाएगा।

# एक नजर

## छात्रों का वार्षिक मूल्यांकन शुरु

**नारदीगंज,नवादा**। प्रखंड के विभिन्न प्राथमिक व मध्य विद्यालयों में पहली से आठवीं कक्षा तक अध्ययनरत छात्रों का वार्षिक मूल्यांकन परीक्षा (2025-26 ) गुरुवार से शुरु हुई। जो आगामी 19 मार्च तक चलेगी। प्रथम पाली 10 से 12 बजे तक,दूसरी पाली एक बजे से तीन बजे चली। राजकीय मध्य विद्यालय हंड़िया में प्रथम पाली में सामाजिक विज्ञान,पर्यावरण अध्ययन विषय तीसरी से आठवीं कक्षा का,दूसरी पाली में मौखिक परीक्षा पहली और दूसरी कक्षा की ली गई। प्रधानाध्यापक मनोज कुमार झा के निर्देशन में परीक्षा चल रही है। शिक्षक अखिलेश किशोर के नेतृत्व में हुआ। छात्र व छात्राओं ने शान्तिपूर्ण व कदाचारमुक्त परीक्षा देने में तल्लीन रहे। शिक्षक अखिलेश किशोर ने कहा पहली से आठवीं कक्षा तक 280 छात्र व छात्राएं परीक्षा में शामिल हुए। जिसमे स्नेहा कुमारी,राजनंदनी, सोनाली,राजकुमार, विकास कुमार समेत अन्य छात्र भाग लिए। वीक्षण कार्य में संयुक्ता पांडेय,निर्मला शर्मा,पूजा वर्मा, कुंदन कुमार, राजकुमार, गुड़िया कुमारी ने सहयोग कर रहे हैं।

## बिजली विभाग ने 15 लोगों पर कराई प्राथमिकी

पकरीबरावां। बिजली विभाग ने पकरीबरावां एवं धमौल थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में बिजली चोरी एवं बकाया राशि के विरुद्ध अभियान चलाया है। सहायक अभियंता नवीन कुमार एवं कनीय अभियंता अनिल कुमार के नेतृत्व में अलग- अलग छापेमारी की गई। इस दौरान पकरीबरावां थाना क्षेत्र के दिऔरा, खरान्ट, विशनपुर, भलुकी, एरुरी में 12 लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई। जबकि धमौल थाना क्षेत्र के रेहड़ी, ढोढा एवं दुधाइला गांव में तीन लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। सभी पर जुर्माना भी लगाया गया है।

## आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों को मिले सिले कपड़े

**पकरीबरावां**। गुरुवार को प्रखण्ड कार्यालय में आंगनबाड़ी केंद्रों में पढ़ रहे बच्चों को जीविका दीदियों द्वारा सिलाई किये गए पोशाक दिया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ.मृत्युंजय कुमार एवं जीविका की परियोजना प्रबंधक पूनम प्रजापति ने संयुक्त रूप से बच्चों को पोशाक दिए। बीपीएम ने बताया कि 9242 बच्चों के लिए पोशाक तैयार करने का लक्ष्य है। बताया गया कि लगभग 600 सेट पोशाक तैयार किया गया है। 190 बच्चों को पोशाक दे दिया गया है।

## वार्षिक परीक्षा में शामिल हुए बच्चे

**पकरीबरावां**। प्राथमिक विद्यालय एवं मध्य विद्यालयों में गुरुवार से बच्चों का वार्षिक परीक्षा शुरू हुई। पहले दिन वर्ग तीन से आठ के बच्चों ने पर्यावरण अध्ययन/ सामाजिक विज्ञान की परीक्षा में शामिल हुए। जबकि द्वितीय पाली में वर्ग एक एवं दो के बच्चों की भाषा की मौखिक परीक्षा हुई। प्रश्नपत्र ई शिक्षाकोष से डाउनलोड किया गया। बच्चों को उत्तर पुस्तिका उपलब्ध कराई गई। इस बीच बगल के विद्यालयों को वीक्षण कार्य में लगाया गया। परीक्षा के शांतिपूर्ण समापन के लिए नियंत्रण कक्ष बनाए गए है। इस बीच प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी राहुल रंजन ने कई विद्यालयों में परीक्षा का जायजा लिया।

## प्रखण्ड के सभी विद्यालयों में शुरू हुई पहली से आठवीं कक्षा की वार्षिक परीक्षा

**कौआकोल**। प्रखण्ड के सभी सरकारी एवं सरकारी सहायता प्राप्त प्राथमिक और मध्य विद्यालयों में कक्षा एक से आठवीं तक की वार्षिक परीक्षा गुरुवार से शुरू हो गई। यह परीक्षा 19 मार्च तक संचालित की जाएगी। इसकी जानकारी देते हुए प्रभारी प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी सह बीसीओ अजीत कुमार ने बताया कि शिक्षा विभाग के निर्देश पर सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त प्रारंभिक विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा एक से आठवीं तक के सभी छात्र-छात्राएं का वार्षिक परीक्षा गुरुवार से शुरू हो गई। जिसके तहत कक्षा एक और दो के छात्रों की परीक्षा मौखिक रूप से ली जा रही है जबकि कक्षा तीन से आठवीं तक के विद्यार्थियों के लिए लिखित परीक्षा आयोजित की जा रही है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक विद्यालय में बनें परीक्षा केंद्रों पर दूसरे विद्यालय के शिक्षकों को वीक्षक की जिम्मेवारी दी गई है। तथा परीक्षा पूर्ण रूप से कदाचार मुक्त ली जा रही है।

## राजकिशोर दांगी को जदयू जिलाध्यक्ष बनने पर दी बधाई

**कौआकोल/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**। जनता दल यूनाइटेड के जिलाध्यक्ष पद पर अकबरपुर के जिला पार्षद राजकिशोर दांगी के मनोनयन किए जाने पर प्रखण्ड जदयू के नेताओं समेत अन्य लोगों ने उन्हें बधाई दी है। जदयू सह प्रखण्ड 20सूत्री अध्यक्ष दिलीप कुशवाहा, पूर्व जदयू अध्यक्ष सह पैक्स अध्यक्ष रामाश्रय सिंह, ओमप्रकाश चौहान, शम्भू महतो, राजेन्द्र रावत, शिवबालक कुशवाहा आदि ने जिलाध्यक्ष बनने पर राजकिशोर दांगी को बधाई दिया है।

# गया में ट्रैफिक सिस्टम को लेकर डॉ. प्रेम कुमार ने की समीक्षा बैठक



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने शुक्रवार को गयाजी अतिथि गृह सभागार में गया नगर निगम के नगर आयुक्त तथा अन्य अधिकारियों के साथ शहर में लगाए जा रहे सीसीटीवी कैमरा और ट्रैफिक लाइट सिस्टम को लेकर समीक्षा बैठक की। बैठक में शहर की यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर करने के उद्देश्य से विभिन्न स्थानों पर लगाए जा रहे सीसीटीवी कैमरों और ट्रैफिक सिग्नल प्रणाली की विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरान गया नगर निगम के नगर आयुक्त तथा कार्य एजेंसी एलएनटी कंपनी के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि गया शहर में आधुनिक तकनीक के माध्यम से यातायात नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शहर के आठ प्रमुख स्थलों पर ट्रैफिक लाइट सिस्टम तथा 67 स्थानों पर सीसीटीवी कैमरा लगाने के लिए स्थल का चयन किया गया है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि कुछ महत्वपूर्ण स्थानों पर सीसीटीवी कैमरा और ट्रैफिक लाइट लगाना अत्यंत आवश्यक है, ताकि शहर में यातायात व्यवस्था सुचारु रूप से संचालित हो सके और आम नागरिकों को सुविधा मिल सके। इसके लिए नगर आयुक्त को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि गया एक प्रमुख धार्मिक और पर्यटन नगरी है, इसलिए यहां आधुनिक निगरानी प्रणाली और सुदृढ़ यातायात व्यवस्था विकसित करना जरूरी है। इससे न केवल शहर की सुरक्षा बढ़ेगी बल्कि पर्यटकों और श्रद्धालुओं को भी बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। बैठक में नगर निगम के अधिकारी, तकनीकी विशेषज्ञ तथा संबंधित एजेंसी के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## अवैध शराब के खिलाफ छापेमारी, महुआ शराब बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** आंती थाना क्षेत्र के ग्राम काबर में अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की सूचना पर पुलिस ने छापेमारी कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष दीपक कुमार राव ने शुक्रवार शाम करीब 6:40 बजे बताया कि ग्राम काबर निवासी राहुल चौधरी (पिता– कृष्णा चौधरी) के घर पर छापेमारी की गई। कार्रवाई के दौरान घर से 10 लीटर देसी महुआ शराब, शराब बनाने के उपकरण तथा जमीन के अंदर गाड़कर रखे गए करीब 30 लीटर महुआ मीठा घोल बरामद किया गया। बरामद महुआ मीठा घोल को मौके पर ही विनष्ट कर दिया गया। आरोपी राहुल चौधरी को गिरफ्तार कर थाना लाया गया है। पुलिस ने बताया कि मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# पत्नी द्वारा पति को भोजन में जहर देने का आरोप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** थाना क्षेत्र के नेहोरा गांव में एक युवक को उसकी पत्नी द्वारा भोजन में जहर मिलाकर देने का आरोप सामने आया है। युवक की हालत बिगड़ने पर उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार नेहोरा गांव निवासी सुखदेव भगत के पुत्र धर्मेंद्र कुमार का इलाज अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में चल रहा है। धर्मेंद्र कुमार का आरोप है कि उसकी पत्नी अंजली उर्फ सुधा देवी ने भोजन में जहर मिलाकर उसे खिला दिया जिसके बाद उसकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। परिजनों ने बताया कि 11 मार्च को पति-पत्नी के बीच चल रहे विवाद को सुलझाने के लिए कोंच थाना में बैठक हुई थी। बैठक में दोनों पक्षों के बीच सहमति बनी थी कि पति-पत्नी साथ रहेंगे। सहमति के बाद पत्नी अपने ससुराल जाने के बजाय धर्मेंद्र कुमार को अपने साथ बोधगया स्थित निजी आवास पर ले गई। परिजनों के अनुसार वहीं देर रात पत्नी द्वारा खाना खिलाने के बाद धर्मेंद्र कुमार की तबीयत बिगड़ने लगी। इसके बाद परिजनों की मदद से उसे तुरंत मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। इस संबंध में परिजनों ने दूरभाष के माध्यम से स्थानीय थाना को सूचना देने के साथ ही मेडिकल कॉलेज में भी लिखित आवेदन दिया है। थानाध्यक्ष सुदेह कुमार ने बताया कि पति-पत्नी के विवाद को थाना में बैठाकर सुलह कराया गया था। इसी बीच जहर देने का आरोप सामने आया है। उन्होंने कहा कि मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है और पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

## पुरुषोत्तम एक्सप्रेस में यात्री की मौत, गया जंक्शन पर उतारा गया शव

**गया (नबिटा सं.)।** पुरी से आनंद विहार जा रही 12801 अप पुरुषोत्तम एक्सप्रेस में यात्रा के दौरान एक यात्री की तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। ट्रेन के गया जंक्शन पहुंचने पर कोच संख्या एस-4 से यात्री के शव को आरपीएफ और जीआरपी ने प्लेटफॉर्म पर उतारा।

## रोजगारपरक प्रशिक्षण से ही बेरोजगारी पर किया जा सकता है नियंत्रण : शिशु प्रियदर्शी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज।** कौशल विकास मंत्रालय भारत सरकार के अधीन संचालित जन शिक्षण गया के व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र वजीरगंज में गुरुवार को सहायक परिधान निर्माता पाठ्यक्रम के प्रशिक्षित लाभार्थियों का मिलन समारोह सह प्रमाण पत्र वितरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन केंद्र प्रभारी रवींद्र कुमार सिन्हा के नेतृत्व में किया गया। समारोह में बैंक ऑफ इंडिया के वरिष्ठ शाखा प्रबंधक शिशु प्रियदर्शी और मुख्य पार्षद प्रतिनिधि अमर शंकर उर्फ काकाजी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर मास्टर ट्रेनर रंजु देवी द्वारा कटाई एवं सिलाई के पाठ्यक्रम में प्रशिक्षित 80 सफल लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। प्रमाण पत्र वितरण के दौरान अतिथियों ने प्रशिक्षु महिलाओं और बालिकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि कौशल विकास का प्रशिक्षण स्वरोजगार और उद्यमिता विकास को बढ़ावा देता है। इससे आत्मनिर्भरता का मार्ग प्रशस्त होता है और बेरोजगारी की समस्या को कम करने में मदद मिलती है। वरिष्ठ शाखा प्रबंधक शिशु प्रियदर्शी ने कहा कि रोजगारपरक प्रशिक्षण से ही बेरोजगारी पर नियंत्रण किया जा सकता है। उन्होंने लाभार्थियों से स्वरोजगार से जुड़कर अपनी आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक स्थिति में सुधार लाने तथा समाज और परिवार को मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने यह भी कहा कि बैंक ऑफ इंडिया की ओर से लाभार्थियों को हर संभव सहयोग दिया जाएगा। प्रशिक्षण के बाद स्वरोजगार शुरू करने के लिए जरूरतमंद लाभार्थियों को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने का भी आश्वासन दिया गया। प्रमाण पत्र प्राप्त कर लाभार्थी महिलाएं और बालिकाएं काफी उत्साहित और खुश नजर आईं।

## प्रखंड की बेटी प्रीति अनमोल बनीं बिहार दारोगा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गया)।** प्रखंड के ग्राम घोंघीमठ की निवासी प्रीति अनमोल ने बिहार पुलिस दारोगा परीक्षा में अंतिम रूप से चयनित होकर प्रखंड का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से पूरे इलाके में खुशी का माहौल है। प्रीति अनमोल, पति सुरेन्द्र चौहान (अनुमंडल कल्याण पदाधिकारी, रजौली नवादा) हैं। बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग द्वारा आयोजित बिहार दारोगा भर्ती परीक्षा का अंतिम परिणाम 10 मार्च 2026 को जारी किया गया जिसमें प्रीति अनमोल का चयन हुआ। प्रीति अनमोल ने यह सफलता कड़ी मेहनत, लगन और निरंतर प्रयास से हासिल की है। खास बात यह है कि उन्होंने किसी कोचिंग संस्थान का सहारा नहीं लिया, बल्कि घर पर रहकर ही स्वध्याय के माध्यम से तैयारी कर यह मुकाम हासिल किया। उनकी इस शानदार सफलता से प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी कर रहे सैकड़ों अभ्यर्थियों को प्रेरणा मिलेगी। स्थानीय लोगों और शुभचिंतकों ने उनकी इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

# मगध विश्वविद्यालय में सामाजिक रक्षा और भिक्षावृत्ति उन्मूलन पर दो दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय, बोधगया में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत राष्ट्रीय सामाजिक रक्षा संस्थान, नई दिल्ली द्वारा संपोषित 'भारत में सामाजिक रक्षा के मुद्दे एवं भिक्षावृत्ति में संलग्न व्यक्तियों का पुनर्वास' विषय पर दो दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन मगध विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर समाजशास्त्र विभाग और गया कॉलेज, गया के स्नातकोत्तर श्रम एवं समाज कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। यह कार्यक्रम कुलपति प्रोफेसर शशि प्रताप शाही के संरक्षण तथा कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार मंगलम के सह संरक्षण में आयोजित हुआ। कार्यक्रम के पहले दिन दिल्ली विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रोफेसर संजय भट्ट ने भारत में सामाजिक रक्षा से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने छात्र-छात्राओं को इस क्षेत्र में चल रही सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि युवा किस प्रकार समाज से जुड़कर भिक्षाटन, मानव तस्करी, वेश्यावृत्ति, तृतीय लिंग और दिव्यांगजनों से जुड़े मुद्दों पर काम कर सकते हैं। साथ ही उन्होंने इन सामाजिक समस्याओं के समाधान और इस क्षेत्र में रोजगार की संभावनाओं पर भी चर्चा की। कार्यक्रम में 100 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। आयोजन में राष्ट्रीय सामाजिक रक्षा संस्थान, नई दिल्ली के सलाहकार संजय पवार, श्वेता सहगल और अनुष्का भारद्वाज का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। संस्थान के पूर्व निदेशक डॉ. आर. गिरिराज कार्यक्रम से ऑनलाइन जुड़े। कार्यक्रम के संयोजक तथा सामाजिक विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता प्रोफेसर दीपक कुमार ने अतिथियों का स्वागत करते हुए इस पहल की सराहना की और भविष्य में इस कार्यक्रम को ऑफलाइन रूप में आयोजित करने की बात कही। कार्यक्रम में छात्र कल्याण अध्यक्ष प्रोफेसर प्रमोद कुमार चौधरी भी जुड़े रहे। कार्यक्रम के आयोजन सचिव डॉ. किशोर कुमार और सहायक प्राध्यापक राहुल सिंह ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ. चांदनी रोशन, डॉ. प्रियम शर्मा, डॉ. अनन्या स्वराज, डॉ. वंदना कुमारी, डॉ. कविता कुमारी, डॉ. रति पांडे, डॉ. रघुवंश सिन्हा सहित कई शिक्षक और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## भवन निर्माण में अनियमितता पर ग्रामीणों का आक्रोश, ढलाई कार्य रुकवाया



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** प्रखंड क्षेत्र के मध्य विद्यालय बीटी बीघा परिसर में हाई स्कूल के लिए बनाए जा रहे नए भवन के निर्माण कार्य में अनियमितता को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। आरोप है कि निर्माण कार्य में मानक के अनुरूप सामग्री का उपयोग नहीं किया जा रहा था जिससे भवन की गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे। ग्रामीणों में मनीष कुमार, निरंजन कुमार, अरविंद कुमार समेत कई लोगों ने बताया कि भवन की ढलाई के दौरान मानक के विपरीत 8 एमएम का सरिया लगाया जा रहा था। उनका कहना है कि इस प्रकार के सरिया से भवन की मजबूती प्रभावित हो सकती है और भविष्य में किसी बड़े हादसे की आशंका बनी रह सकती है। ग्रामीणों ने कहा कि निर्माण कार्य में लगातार लापरवाही बरती जा रही थी जिस कारण लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही थी। ग्रामीणों ने बताया कि जब इस मामले को लेकर निर्माण स्थल पर मौजूद मुंशी अभिनंदन कुमार से बातचीत की गई तो उन्होंने कहा कि ठेकेदार द्वारा दी गई व्यवस्था के अनुसार ही काम कराया जा रहा है। वहीं विद्यालय के प्रधानाध्यापक विजय कुमार गुप्ता ने बताया कि निर्माण कार्य में अनियमितता को लेकर विभाग को पहले ही शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इधर निर्माण कार्य लगातार जारी रहने से नाराज ग्रामीणों ने आक्रोश जताते हुए ढलाई का काम बंद करवा दिया और प्रशासन से मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

## हत्या के प्रयास मामले में आरोपित गिरफ्तार, अन्य की तलाश जारी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गया)।** हत्या के प्रयास के एक मामले में कोंच थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया और शुक्रवार को जेल भेजा। कोंच थानाध्यक्ष सुदेह कुमार ने कहा कि विगत 6 मार्च को वादी द्वारा थाना में लिखित आवेदन देकर बताया गया कि वह अपने घर पर था, तभी राहुल कुमार अपने सहयोगियों के साथ वहां पहुंचकर गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर जान मारने की नीयत से लाठी-डंडे एवं ईंट-पत्थर से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। इस संबंध में कोंच थाना कांड संख्या 56/26 दर्ज कर पुलिस ने अनुसंधान प्रारंभ किया। विशेष छापेमारी अभियान के तहत पुलिस ने इस मामले में संलिप्त एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान राहुल कुमार (पिता-उदय यादव), निवासी मंजाठी, थाना कोंच, जिला-गया के रूप में की गई है। पुलिस अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है।

# गैस सिलेंडर की किल्लत से हाहाकार, आधे होटल बंद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों रसोई गैस सिलेंडर की कथित किल्लत से आमजन परेशान हैं। गैस बुकिंग और वितरण प्रक्रिया में आ रही दिक्कतों के कारण उपभोक्ताओं को लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ रहा है।

जानकारी के अनुसार भारत गैस एजेंसी पर सुबह से ही उपभोक्ताओं की भीड़ जुट रही है। लोगों को घंटों इंतजार के बाद बुकिंग करानी पड़ रही है। बुकिंग के लिए जारी फोन नंबर भी अधिकांश समय व्यस्त रहता है। फोन लगने पर ओटीपी प्राप्त होने के बाद ही बुकिंग संभव हो पा रही है। बताया जाता है कि एक गैस कार्ड पर 25 दिनों के बाद ही दोबारा नंबर लग रहा है जिन उपभोक्ताओं का केवाईसी अपडेट नहीं है, उन्हें वापस लौटना पड़ रहा है। सभी औपचारिकताएं पूरी करने के बावजूद सिलेंडर मिलने में दो से तीन दिनों का समय लग रहा है।

ग्राम कंचनपुर निवासी उपेंद्र कुमार यादव ने बताया कि सबसे अधिक परेशानी उन परिवारों को हो रही है जिनके यहां शादी-विवाह या श्राद्ध जैसे कार्यक्रम निर्धारित हैं। समय पर गैस उपलब्ध नहीं होने से घरेलू व्यवस्थाएं प्रभावित हो रही हैं। इधर बाजार क्षेत्र के लगभग 50 प्रतिशत होटल गैस सिलेंडर के अभाव में बंद हो चुके हैं। होटल संचालकों का कहना है कि आपूर्ति सामान्य नहीं रहने से उनके व्यवसाय पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। उल्लेखनीय है कि कोंच में दो गैस एजेंसियां संचालित हैं– भारत गैस एवं इंडियन गैस। हालांकि भारत गैस एजेंसी के प्रोपराइटर मुन्ना कुमार ने गैस की कमी से इनकार किया है। उनका कहना है कि फिलहाल गैस सिलेंडर की कोई कमी नहीं है, बल्कि अफवाहों के कारण लोग अतिरिक्त सिलेंडर स्टॉक करने की कोशिश कर रहे हैं जिससे कृत्रिम संकट की स्थिति उत्पन्न हो रही है। उन्होंने बताया कि काउंटर से सिलेंडर 120 रुपये में तथा ऑनलाइन बुकिंग पर 114 रुपये में उपलब्ध है। प्रखंडवासियों ने प्रशासन से स्थिति की निगरानी कर नियमित आपूर्ति सुनिश्चित कराने की मांग की है, ताकि आम जनजीवन सामान्य रह सके।

# केंद्र सरकार की नीतियों के विरोध में माकपा की नुक्कड़ सभा

## 24 मार्च की आक्रोश रैली में शामिल होने का आह्वान



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज।** केंद्र सरकार की नीतियों के विरोध में भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी (माकपा) की ओर से गुरुवार को वजीरगंज प्रखंड मुख्यालय परिसर में नुक्कड़ सभा आयोजित की गई। सभा के माध्यम से लोगों को 24 मार्च को दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित होने वाली जन आक्रोश रैली में शामिल होने का आह्वान किया गया। सभा को संबोधित करते हुए माकपा की केंद्रीय समिति सदस्य एआर सिंधु ने कहा कि 24 मार्च को आयोजित होने वाली जन आक्रोश रैली केंद्र सरकार की दमनकारी नीतियों के खिलाफ देशव्यापी आवाज बनेगी। उन्होंने कहा कि इस रैली के माध्यम से देशभर के मजदूर, किसान और आम लोग एकजुट होकर मनरेगा को पुनः बहाल करने, चारों श्रम संहिताओं को समाप्त करने, बीज एवं बिजली विधेयक वापस लेने तथा भारत-अमेरिका व्यापार समझौता रद्द करने की मांग करेंगे। राज्य सचिव मंडल की सदस्य रामपरी देवी ने कहा कि यदि अमेरिका के साथ गलत व्यापार समझौता बीच में नहीं आता तो आज देश में गैस की कमी जैसी स्थिति नहीं बनती। उन्होंने कहा कि इस रैली के माध्यम से बिहार में कार्यरत आंगनबाड़ी, आशा, ममता, कुरियर कर्मचारी और रसोइया सहित सभी स्कीम वर्करों को स्थायी करने तथा उनका न्यूनतम मानदेय 26 हजार रुपये निर्धारित करने की मांग भी उठाई जाएगी। सभा में कॉमरेड सरीता सुमन, शंभुशरण शर्मा, देवकी प्रसाद, अनिल कुमार, रविन्द्र प्रसाद सिंह, रामखेलावन दास, कृष्णचन्द्र चौधरी और विकास कुमार सहित सैकड़ों कार्यकर्ता और स्थानीय लोग उपस्थित थे।

## शेरघाटी में गैस सिलेंडर के लिए लगी भीड़, लोगों को हो रही परेशानी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** देश के कई हिस्सों में रसोई गैस सिलेंडर की किल्लत की खबरों के बीच शेरघाटी में भी गैस सिलेंडर के लिए लोगों की लंबी कतारें देखने को मिल रही हैं। गैस एजेंसी के बाहर सुबह से ही उपभोक्ताओं की भीड़ जुटने लगी जहां सिलेंडर लेने के लिए लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इन दिनों त्योहारों के साथ-साथ शादी-विवाह का भी मौसम चल रहा है, ऐसे में गैस सिलेंडर की कमी से घर-घर में परेशानी बढ़ गई है। कई उपभोक्ता खाली सिलेंडर लेकर एजेंसी के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन उन्हें समय पर गैस नहीं मिल पा रही है। गैस लेने आए उपभोक्ता सवीना खातून, उदय कुमार, मीना कुमारी और प्रमोद कुमार ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से गैस की आपूर्ति नियमित नहीं हो पा रही है। इसके कारण लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि घरों में खाना बनाने से लेकर अन्य घरेलू कामकाज प्रभावित हो रहे हैं। उपभोक्ताओं ने बताया कि त्योहार और शादी-विवाह के इस मौसम में गैस की मांग पहले से अधिक हो गई है, लेकिन आपूर्ति कम होने के कारण स्थिति और गंभीर हो गई है।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, डालटनगंज**

**अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 11RIII / 2024–25/EE/RWD/DALTONGANJ**

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से पथों का निविदा आमंत्रित की जाती है ।

1. कार्य का नाम : दिनांक–12.03.2026

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) अंक में | अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | EE/RWD/ DALTONGANJ /52/2024-25 | मिडिल स्कूल बडपुर से पंचायत भवन होते हुए पुराना बड़ेपुर तक पथ निर्माण कार्य। 2.00कि0मी0 | 219.056 | दो करोड़ उन्नीस लाख पांच हजार छः सौ रू0 मात्र | 09 माह | द्वितीय |

2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 18.03.2026
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 25.03.2026 up to 5.00 PM
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 27.03.2026 पूर्वाह्न 3.30 बजे
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज ।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 –06562357595

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट Jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है ।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज।

PR 374916 (Rural Development) 25-26 (D)



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू**

**अति अल्पकालीन ई0 निविदा आमंत्रण सूचना**

**1.ई0–निविदा संख्या– EE/RDSD/Palamau/F2-05/2025-26**

**(Two Envelope System)**

| S. No. | Group No. | Name of Work | Estimated Cost | Amount of Earnest Money | Cost of Tender Paper | Time Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 1 | प्रखंड – नीलाम्बर पीताम्बरपुर अंतर्गत न्यू प्राथमिक उत्क्रमित विद्यालय कुसही डैम के पोषक क्षेत्र से विद्यालय तक पहुंच पथ एवं 20 फीट पुलिया निर्माण। | 91,99,900.00 | 1,84,000 | 10000 | 6 माह |
| 2. | 2 | प्रखंड पांकी में डंडार बगीचा से बसडीहा पी0डब्लू0डी0 पथ तक पथ निर्माण। | 92,81,800.00 | 1,85,700 | 10000 | 4 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 18.03.2026 (05:00 अपराह्न से)
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 18.03.2026 ( अपराह्न 5:00 बजे से दिनांक 25.03.2026 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू।
5. तकनीकि बिड खोलने की तिथि एवं समय – 27.03.2026 अपराह्न 4:00 बजे।
6. वित्तीय बिड खोलेन की तिथि – पत्र द्वारा घोषित किया जायेगा।
7. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पलामू।
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06562–355581
9. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
11. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल पलामू।

PR.NO.374821 Rural Development(25-26):D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू**

**अति अल्पकालीन ई0 निविदा आमंत्रण सूचना**

ई0–निविदा संख्या– EE/RDSD/Palamau/ F2 - 04/ 2025-26

| S. No. | Group No. | Name of Work | Estimated Cost | Amount of Earnest Money | Cost of Tender Paper | Time Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 01 | पलामू जिला के प्रखंड पाण्डू पंचायत महुगावां अनतर्गत ग्राम कानित मुख्य पथ से विनोद शर्मा के घर होते हुए विरनाथ पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 3664700.00 | 73500 | 5000 | 04 माह |
| 2 | 02 | पलामू जिला के प्रखंड पाण्डू अनतर्गत कुटमू पी0डब्लू0डी0 रोड से मेन रोड तक पी0सी0सी0 बरवाही पथ निर्माण। | 4437800.00 | 89000 | 5000 | 04 माह |
| 3. | 03 | पलामू जिला के प्रखंड पाण्डू अन्तर्गत ग्राम रतनाग में गिरजा चौधरी के घर से शिव पासवान के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 4126300.00 | 83000 | 5000 | 4 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 18.03.2026 (05:00 PM से)
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 18.03.2026 ( अपराह्न 5:00 PM से दिनांक 25.03.2026 को 5:00PM तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेश प्रमण्डल, पलामू।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 27.03.2026 अपराह्न 4:00 PM बजे।
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेश प्रमंडल, पलामू।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06562–355581
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू

PR 374823 Rural Development(25-26)#D

संपादकीय

## रावत की किस्मत पलटी

लगता है भाजपा नेता रामनिवास रावत की किस्मत ने फिर पलटा खाया है। ग्वालियर हाई कोर्ट के एक सदस्यीय बेंच ने विजयपुर सीट पर उपचुनाव में रावत को हराने वाले मुकेश मल्होत्रा का चुनाव शून्य घोषित कर रामनिवास रावत को निर्वाचित घोषित कर दिया है। हालांकि कोर्ट ने इस फैसले पर अमल 15 दिन के लिए रोका ताकि मुकेश मल्होत्रा चाहें तो हाईकोर्ट की संविधान पीठ अथवा सुप्रीम कोर्ट में अपील कर सकते हैं। यदि मुकेश मल्होत्रा को ऊंची अदालत से स्टे नहीं मिला तो रावत की विधायक के रूप में बहाली हो जाएगी। इस घटनाक्रम का मप्र की राजनीति पर भी असर होगा। हाई कोर्ट के इस फैसले को जहां भाजपा ने न्याय की जीत बताया है, वहीं कांग्रेस ने इस मामले को आदिवासी विधायक का हक छीना जाना निरूपित किया है। हाईकोर्ट के जस्टिस जीएस अहलूवालिया की एकलपीठ ने अपने फैसले में कहा कि मल्होत्रा ने जानबूझकर मतदाताओं को गुमराह किया और आपराधिक केसों की अधूरी जानकारी दी। इसलिए उनका निर्वाचन निरस्त किया जाना जरूरी है। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक तन्खा ने कहा कि मप्र के इतिहास में यह पहला मामला है जब किसी का चुनाव रद्द कर किसी को विजयी घोषित कर दिया गया हो। मुकेश मल्होत्रा के मामले में नामांकन पत्र की शुरुआत के तीन कॉलम में सारी जानकारी दी गई है, जबकि चौथे कॉलम में नहीं लिखा गया। केवल इस आधार पर किसी का चुनाव शून्य घोषित कर दिए जाने से सवाल उठाता है कि क्या इतनी छोटी त्रुटियों पर विधायक का चुनाव शून्य घोषित हो सकता है दरअसल मुकेश मल्होत्रा जो आदिवासी हैं, को कांग्रेस ने उपचुनाव में सामान्य सीट पर रामनिवास रावत के खिलाफ लड़ाया था, क्योंकि इस सीट पर आदिवासी वोटरों की संख्या काफी है। इस चुनाव में रावत मुकेश से हार गए थे। इसके पूर्व दो साल पहले ही रावत कांग्रेस की विधायकी छोड़कर भाजपा में शामिल हुए थे। उसके बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उन्हें वन मंत्री बना दिया था। चुनाव नतीजों के बाद पता चला कि मुकेश ने अपने शपथ पत्र में उन पर दर्ज अपराधों की पूरी जानकारी नहीं दी है। जबकि उन्हें 2014 के एक वन अपराध (क्रमांक 32773/2014) में सजा हुई थी। इसे पूरी तरह छिपाया गया। साथ ही अपने चुनावी हलफनामे में मल्होत्रा ने गलत घोषणा की थी कि उन पर लंबित आपराधिक मामलों (ऋष्ट्ञ ह्रश. 972/2022 व अपराध क्रमांक 93/2023) में आरोप तय नहीं हुए हैं, जबकि आरोप तय हो चुके थे। उन पर 3 लोगों के साथ मारपीट-गाली-गलौज के आरोप थे। यही नहीं, मुकेश मल्होत्रा ने अपने आपराधिक रिकॉर्ड की जानकारी ऐसे अखबारों में छपवाई जिनका प्रसार निर्वाचन वाले विजयपुर विधानसभा क्षेत्र में नगण्य था। कोर्ट ने इसे वोटर्स को अंधेरे में रखना माना। अदालत मुकेश के वकील ने पक्षकार के बचाव में कानूनी अज्ञानता की दलील दी, जिसे कोर्ट ने नहीं माना। कोर्ट ने इस दलील को खारिज कर दिया। न्यायालय ने कहा कि मल्होत्रा सामाजिक विज्ञान में एमए होने के साथ कानून के स्नातक (एलएलबी) भी हैं। ऐसे में दावा कि उन्हें आरोप तय होने के महत्व की जानकारी नहीं थी, स्वीकार्य नहीं है। कोर्ट ने यह भी माना कि मल्होत्रा ने फॉर्म भरने वाले को गवाह के रूप में पेश नहीं किया और हलफनामे पर सत्यता की घोषणा बिना पढ़े हस्ताक्षर करने का दावा भी विश्वसनीय नहीं है। कोर्ट ने यह भी कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में मतदाता को उम्मीदवार की आपराधिक पृष्ठभूमि जानने का मौलिक अधिकार है ताकि वह सही निर्णय ले सके। हाई कोर्ट का यह फैसला दूरगामी और लोकतंत्र की पवित्रता के हित में है। आगे क्या होता है, यह देखने की बात है।

# बेहतर स्वास्थ्य के लिए अग्रणी भूमिका निभा रहा है योग

**प्रतापराव जाधव**

बीते दशक में योग को केवल पारंपरिक स्वास्थ्य पद्धति के रूप में ही नहीं सराहा गया, बल्कि उसे उत्तरोत्तर रूप से स्वास्थ्य और कल्याण के लिए साक्ष्य-आधारित दृष्टिकोण के रूप में भी पहचाना जाने लगा है। वैज्ञानिक अनुसंधान, डिजिटल नवाचार और वैश्विक सहयोग अब हमें योग को केवल भारत की सांस्कृतिक विरासत ही नहीं, बल्कि एक सशक्त जन-स्वास्थ्य हस्तक्षेप समझने में भी मदद कर रहे हैं।

मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान (एमडीएनआईवाई) को पारंपरिक चिकित्सा (योग) के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन के सहयोगी केंद्र के रूप में नामित किया गया है और योग अनुसंधान में भारत की नेतृत्वकारी भूमिका और भी मज़बूती प्रदान करते हुए वर्ष 2025-2029 के लिए इसे फिर से निमित किया गया है। यह पहचान गैर-संचारी रोग (एनसीडी) के लिए साक्ष्य-आधारित योग हस्तक्षेपों को बढ़ावा देने में संस्थान की बढ़ती भूमिका को दिखाती है। इस पहल के प्रमुख साझेदारों में आयुष मंत्रालय, एम्स दिल्ली, लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज, केंद्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद, और इंस्टीट्यूट ऑफ़ न्यूक्लियर मेडिसिन एंड एलाइड साइंसेज, दिल्ली शामिल हैं।

इन सहयोगों के माध्यम से केंद्र मधुमेह, मोटापा और तनाव से संबंधित विकारों जैसे गैर-संचारी रोगों के लिए योग-आधारित हस्तक्षेपों पर तकनीकी दिशानिर्देश विकसित कर रहा है और अनुसंधान को आगे बढ़ा रहा है। इन प्रयासों में अंतरराष्ट्रीय संगठन भी साझेदारी कर रहे हैं, जिससे योग की वैज्ञानिक आधारशिला और मजबूत हो रही है तथा निवारक स्वास्थ्य देखभाल के लिए व्यापक रूप से लागू किए जा सकने वाले, किफायती और साक्ष्य-समर्थित प्रभावी साधन के तौर पर योग की क्षमता प्रदर्शित हो रही है।

संस्थागत स्तर पर एमडीएनआईवाई योग की वैज्ञानिक आधारशिला को मजबूती प्रदान करना जारी रखे हुए है। शरीर क्रिया विज्ञान, जैव रसायन, बायोमैकेनिक्स और मनोविज्ञान की अनुसंधान प्रयोगशालाओं के माध्यम से यह संस्थान योग के मनो-शारीरिक और जैव-रासायनिक प्रभावों, उम्र बढ़ने में इसकी भूमिका तथा जीवनशैली से जुड़े विकारों पर इसके प्रभाव का अध्ययन करता है। यह कार्य पारंपरिक ज्ञान को आधुनिक वैज्ञानिक प्रमाणों के साथ जोड़ने की दिशा में भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाता है

डिजिटल प्लेटफॉर्मों ने योग की पहुँच को और अधिक बढ़ाया है, जिससे साक्ष्य-आधारित पद्धतियाँ सीधे लोगों के दैनिक जीवन का हिस्सा बन रही हैं। m-Yoga मोबाइल एप्लिकेशन और Y-Break प्रोटोकॉल जैसे प्रयास यह दिखाते हैं कि योग की प्रामाणिकता और चिकित्सकीय महत्व बनाए रखते हुए उसे बड़े स्तर पर पहुँचाया जा सकता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के सहयोग से विकसित किए गए m-Yoga प्लेटफॉर्म पर 1.1 लाख से अधिक डाउनलोड दर्ज किए जा चुके हैं, जो सुलभ डिजिटल वेलनेस टूल्स में बढ़ती रुचि को दर्शाता है। वहीं कार्यस्थल योग कार्यक्रम Y-Break — जो काम के दौरान 5-10 मिनट का सरल योग ब्रेक है – से अब तक 33 लाख से अधिक सरकारी अधिकारियों को लाभ मिल चुका है।

इन पहलों से प्राप्त अनुसंधान निष्कर्ष और सहभागिता विश्लेषण अत्यंत उत्साहजनक हैं। Y Break अभ्यास से कुछ ही सप्ताहों में अनुभूत तनाव में लगभग 40 प्रतिशत तक कमी देखी गई है। अध्ययनों से यह भी पता चलता है कि इससे मानसिक सतर्कता, भावनात्मक दृढ़ता और निर्णय-क्षमता में सुधार होता है। इसके साथ-साथ कॉर्टिसोल स्तर जैसे शारीरिक संकेतकों में भी सकारात्मक परिवर्तन पाए गए हैं।

शारीरिक लाभों में गर्दन, कंधे और कमर के दर्द में कमी, श्वास अभ्यास से सांस लेने की क्षमता में सुधार और संपूर्ण जीवन शक्ति में वृद्धि शामिल हैं–ये परिणाम विशेषकर आज के निष्क्रिय, स्क्रीन-आधारित कार्यस्थलों में प्रासंगिक हैं। Y-Break अभ्यास ने अनुपस्थिति में कमी लाने , कर्मचारियों के मनोबल में सुधार लाने, और कार्य-जीवन में स्वस्थ संतुलन कायम करने में भी योगदान दिया है, जो व्यक्तिगत और संगठनात्मक कल्याण दोनों को मजबूत बनाने की योग की क्षमता को दर्शाता है।

एमडीएनआईवाई और केंद्रीय योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान परिषद द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित राष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा सम्मेलन-2026 के दौरान भी वैज्ञानिक प्रमाण के महत्व पर जोर दिया गया। विशेषज्ञों ने यह रेखांकित किया कि सुदृढ़ अनुसंधान, अंतरविषयक सहयोग, और प्रभावी डिजिटल सहभागिता आधुनिक स्वास्थ्य देखभाल प्रणालियों में योग को एकीकृत करने और स्पष्ट स्वास्थ्य परिणाम सुनिश्चित करने के लिए अनिवार्य हैं।

ये घटनाक्रम योग के प्रति वैश्विक दृष्टिकोण में महत्वपूर्ण बदलाव को दर्शाते हैं। अब इसे केवल व्यक्तिगत कल्याण के अभ्यास के रूप में नहीं देखा जाता, बल्कि यह उत्तरोत्तर रूप से जन-स्वास्थ्य, कौशल विकास और वेलनेस आधारित रोजगार के अवसरों के एक मार्ग के रूप में उभर रहा है। योग परंपरा को विज्ञान और प्रौद्योगिकी के साथ जोड़ते हुए ग्लोबल योग क्रांति की प्रेरक शक्ति के रूप में उभर रहा है तथा अंतरराष्ट्रीय वेलनेस क्षेत्र में भारत के नेतृत्व को और मजबूत कर रहा है।

जैसे-जैसे हम 13 मार्च के करीब पहुँच रहे हैं, जो 21 जून को मनाए जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के 100-दिन के काउंटडाउन का संकेत है, यह हमें इस बारे में सोचने का अवसर देता है कि किस प्रकार योग एक प्राचीन पद्धति से लेकर वैश्विक रूप से मान्यता प्राप्त, साक्ष्य-आधारित स्वास्थ्य और कल्याण मार्ग के रूप में विकसित हो गया है। ये सौ दिन हमें याद दिलाएं कि हम दैनिक योग अभ्यास शुरू करें या उसे नवीनीकृत करें, और अपने परिवार, मित्रों और समुदायों को योग को जीवन जीने का तरीका बनाने के लिए प्रेरित करें।

योग को दैनिक जीवन में शामिल करके, हम केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य को ही मजबूत नहीं करते, बल्कि सामूहिक कल्याण, संगठनात्मक दक्षता और सामाजिक समरसता को भी बढ़ावा देते हैं। आज, अनुसंधान, प्रौद्योगिकी और अंतरराष्ट्रीय सहयोग के माध्यम से, भारत योग की अनंत ज्ञान परंपरा को वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित और सार्वभौमिक रूप से सुलभ मार्ग में बदलने का अगला निर्णायक कदम उठा रहा है, जो वैश्विक स्वास्थ्य, संतुलन और कल्याण के लिए मार्गदर्शक बन सकेगा।

**(लेखक आयुष मंत्रालय के स्वतंत्र प्रभार वाले केंद्रीय राज्य मंत्री और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के राज्य मंत्री हैं।)**

अध्यात्म

## ज्ञान का सार्थक प्रयोग

किसी ब्राह्मण के चार पुत्र थे। उनमें परस्पर गहरी मित्रता थी। चारों में से तीन शास्त्रों में पारंगत थे, लेकिन उनमें बुद्धि का अभाव था। चौथे ने शास्त्रों का अध्ययन तो नहीं किया था, लेकिन वह था बड़ा बुद्धिमान।

एक बार चारों भाइयों ने परदेश जाकर अपनी-अपनी विद्या के प्रभाव से धन अर्जित करने का विचार किया। चारों पूर्व के देश की ओर चल पड़े।

रास्ते में सबसे बड़े भाई ने कहा - हमारा चौथा भाई तो निरा अनपढ़ है। राजा सदा विद्वान व्यक्ति का ही सत्कार करते हैं। केवल बुद्धि से तो कुछ मिलता नहीं। विद्या के बल पर हम जो धन कमाएँगे, उसमें से इसे कुछ नहीं देंगे। अच्छा तो यही है कि यह घर वापस चला जाए।

दूसरे भाई का विचार भी यही था। किंतु तीसरे भाई ने उनका विरोध किया। वह बोला - हम बचपन से एक साथ रहे हैं, इसलिए इसको अकेले छोड़ना उचित नहीं है। हम अपनी कमाई का थोड़ा-थोड़ा हिस्सा इसे भी दे दिया करेंगे। अतः चौथा भाई भी उनके साथ लगा रहा।

रास्ते में एक घना जंगल पड़ा। वहाँ एक जगह हड्डियों का पंजर था। उसे देखकर उन्होंने अपनी-अपनी विद्या की परीक्षा लेने का निश्चय किया। उनमें से एक ने हड्डियों को सही ढंग से एक स्थान पर एकत्रित कर दिया। वास्तव में ये हड्डियाँ एक मरे हुए शेर की थीं।

दूसरे ने बड़े कौशल से हड्डियों के पंजर पर मांस एवं खाल का अवरण चढ़ा दिया। उनमें उसमें रक्त का संचार भी कर दिया। तीसरा उसमें प्राण डालकर उसे जीवित करने ही वाला था कि चौथे भाई ने उसको रोकते हुए कहा, 'तुमने अपनी विद्या से यदि इसे जीवित कर दिया तो यह हम सभी को जान से मार देगा।'

तीसरे भाई ने कहा - तू तो मूर्ख है! मैं अपनी विद्या का प्रयोग अवश्य करुँगा और उसका फल भी देखूँगा।' चौथे भाई ने कहा, 'तो फिर थोड़ी देर रुको। मैं इस पेड़ पर चढ़ जाऊँ, तब तुम अपनी विद्या का चमत्कार दिखाना।' यह कहकर चौथा भाई पेड़ पर चढ़ गया।

तीसरे भाई ने अपनी विद्या के बल पर जैसे ही शेर में प्राणों का संचार किया, शेर तड़पकर उठा और उन पर टूट पड़ा। उसने पलक झपकते ही तीनों अभिमानी विद्वानों को मार डाला और गरजता हुआ चला गया। उसके दूर चले जाने पर चौथा भाई पेड़ से उतरकर रोता हुआ घर लौट आया। इसीलिए कहा गया है कि विद्या से बुद्धि श्रेष्ठ होती है।

# ईरान में सत्ता संघर्ष, क्षेत्रीय तनाव और भारत की चिंता

**अंशुमान**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस हमले को ईरान की जनता के लिए न्याय बताया और खुलकर शासन परिवर्तन की बात कही। इससे यह घटना केवल नेतृत्व का संकट नहीं रह गई, बल्कि एक बड़े रणनीतिक मोड़ में बदल गई है। इसके जवाब में तेहरान ने इराक और खाड़ी क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य ठिकानों तथा इजराइल के सैन्य प्रतिष्ठानों पर मिसाइल हमले किए हैं। इन घटनाओं से साफ है कि आने वाले समय में हालात शांत होने के बजाय और अधिक तनावपूर्ण हो सकते हैं। ईरान के संविधान के अनुसार, नए सर्वोच्च नेता के चयन तक एक अस्थायी तीन सदस्यीय परिषद सत्ता संभालती है। इस परिषद में राष्ट्रपति मसूद पेज़ेश्कियन, न्यायपालिका प्रमुख गोलाम हुसैन मोहसेनी एजेई और गार्जियन काउंसिल का एक न्यायविद शामिल होते हैं। कागजों पर भले ही यह व्यवस्था एक व्यवस्थित व्यवस्था का संकेत देती है, लेकिन वास्तविकता में सत्ता परिवर्तन की प्रक्रिया इतनी सरल नहीं होगी। इन सबके बीच में सबसे बड़ी ऊहोपोह जो है वह है संभावित उत्तराधिकारियों की, उत्तराधिकारियों के रूप में कई नाम चर्चा में हैं। अयातुल्लाह अलीरेज़ा अराफी, अयातुल्लाह मोहसिन अराकी, अयातुल्लाह हाशेम हुसैनी बुशहरी और मोहसेनी-एजेई जैसे नाम धार्मिक व्यवस्था की निरंतरता का प्रतिनिधित्व करते हैं। वहीं कुछ अधिक विवादास्पद विकल्प भी सामने आए हैं, जैसे मोजतबा ख़ामेनेई, जिन्हें सर्वोच्च नेता बनाए जाने पर वंशवादी उत्तराधिकार के आरोप लग सकते हैं, और इन सबके इतर हसन खोमेनी का नाम भी चर्चा मे है जिनका अपेक्षाकृत उदार रुख कट्टरपंथी धड़ों को असहज कर सकता है।

ईरान में वर्तमान परिस्थितियों में आगे की स्थिति तीन अलग-अलग दिशाओं में विकसित हो सकती है। पहला रास्ता नियंत्रित निरंतरता का है, जिसे ख़ामेनेई के बिना भी ख़ामेनेई की नीति कहा जा सकता है। इसमें कोई नया धार्मिक नेता औपचारिक रूप से सर्वोच्च पद संभालेगा, जबकि इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स यानी आईआरजीसी वास्तविक शक्ति को और मजबूत करेगा। दूसरा विकल्प खुला सैन्य प्रभुत्व है, जिसमें आईआरजीसी सीधे तौर पर सत्ता पर हावी हो जाए और धार्मिक संस्थाओं की भूमिका केवल प्रतीकात्मकता तक सीमित रह जाएँ। तीसरा और सबसे अस्थिर विकल्प व्यवस्था के टूटने का है।

**पूरे मामले में केजरीवाल और सिसोदिया नहीं बल्कि जन सेवक, निजी व्यापारी और राजनीतिक दल के स्वयंसेवक भी शामिल थे। सीबीआई ने पाया कि जिन कुछ कारोबारियों को नई शराब नीति से फायदा हुआ वो 'साउथ ग्रुप' के थे। इस पर भी अदालत की आपत्ति आई कि नाम लोगों के क्षेत्र से जुड़ा है जिसका कानून से कोई मतलब नहीं। साउथ ग्रुप नाम प्रतिकूल प्रभाव के लिए उपयोग हुआ। अदालत ने यहां तक कहा कि कथित साजिश शुरूआत से ही लचर रही और लगने लगा कि सारा कुछ महज अटकलों का खेल है जो न कानूनन मान्य है और न ही सबूतों पर आधारित है। सरकारी गवाह बनाते वक्त भी कानूनी प्रक्रिया का पालन नहीं हुआ। बार-बार नए आरोप जोड़ने से लगता है कि ऐसे लोगों को भी फंसाया गया जिनके विरुद्ध ठोस आधार ही नहीं था।**

# दिल्ली शराब नीति : सारे दोषी डिस्चार्ज आप हुई रिचार्ज

**ऋतुपर्ण दवे**

अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और बाकी अन्य 23 अभियुक्तों को शराब घोटाले के मामले में अदालत ने डिस्चार्ज कर दिया। जब अदालत को लगता है कि चार्जशीट में कई खामियां हैं जिनका समर्थन किसी गवाह या बयान से नहीं होता और प्रथम जिन धाराओं में मुकदमा चलना चाहिए, वो न हों तो अभियुक्तों को डिस्चार्ज भी किया जा सकता है। जबकि अदालत सभी गवाहों के बयान और बचाव पक्ष के सारे सबूत देख कर, किसी अभियुक्त को निर्दोष करार देती है, तो बरी करना कहलाता है। राउज एवेन्यू कोर्ट ने देश की सर्वोच्च जांच एजेंसी केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो यानी सीबीआई द्वारा रखे सबूतों को न केवल कमजोर बल्कि बेहद नाकाफी माना। इस फैसले को लेकर पूरे देश में एक नई बहस शुरू हो गई। सीबीआई और ईडी के कामकाज के तौर तरीकों पर हमेशा से उंगली उठती रही। बड़ी जांच एजेंसियों की छवि पर भी बड़ा सवाल है। निश्चित रूप से इसके राजनीतिक मायने भी निकाले जा रहे हैं जो झलकता भी है। आम आदमी पार्टी पर दर्ज मामलों के पीछे राजनीतिक विद्वेष समझ आने लगा है। लोगों के जेहन में था, है और फिर कौंधगा कि क्या जानबूझकर ऐसे मामले राजनीतिक पूर्वाग्रहवश दर्ज किए जाते हैं

पूरे मामले को देखने-समझने से ऐसा प्रतीत होता है कि आरोपियों के खिलाफ आरोपों का कोई ठोस आधार नहीं था बल्कि प्रस्तुत आरोप पत्र (चार्ज शीट) में जबरदस्त खामियां और विरोधाभास भी था। अब मामला भले ही राजनीतिक प्रतिद्वन्दिता का हो, देश की सबसे बड़ी और विश्वनीय समझे जाने वाली जांच एजेंसी को शामिल करने से कामकाज पर फिर उंगली उठ गई। ऐसा पहली बार भी नहीं है और न आखिरी बार होगा। दिल्ली की बहुचर्चित शराब नीति से जुड़े मामले में आए फैसले को बड़ा और अहम माना जा रहा है। इसने स्पष्ट किया कि महज दावों से काम नहीं चलेगा। आरोपों पर भरोसे के साथ में ठोस और पर्याप्त सबूत हों, जो नहीं थे। अदालत ने कई बार कहा कि जांच एजेंसी की ओर से प्रस्तुत सबूत काफी कमजोर और अपर्याप्त हैं। बरी होने के क्रम में सबसे पहले कुलदीप सिंह, जो आबकारी विभाग में कमिश्नर रहे उन्हें, फिर मनीष सिसोदिया और उनके बाद अरविंद केजरीवाल डिस्चार्ज किए गए।

चार्जशीट खामियों से भरी थीं जिससे सवाल उठता है कि क्या जांच एजेंसी पर दबाव था जांच एजेंसी को पता था कि आरोपों में दम नहीं है और सबूत नाकाफी है तो जल्दबाजी में बिना अध्ययन, चार्जशीट क्यों प्रस्तुत की गई। यह तो समझ आता है कि मामले के जांचकर्ताओं ने बेमन से केवल औपचारिकता निभाई। अदालत ने साफ कहा कि कई बिंदुओं का संतोषजनक जवाब नहीं मिला। इसी चलते सभी को राहत मिली।



दरअसल अदालतें सबूतों को प्रथम दृष्टया देख, तय करती हैं कि किन धाराओं में मुकदमा चलना चाहिए। सीबीआई का आरोप था कि दिल्ली में 2021 में लाई गई नई शराब नीति एक साजिश थी जिसे चुनिंदा लोगों के लाभार्थ लाया गया। बाद में इसे हटा दिया गया। काफी वृहद फैसला जो कि 549 पन्ने का है में अदालत ने कई बार सीबीआई की जांच पर सवाल उठाए और कड़ी निंदा की। मामले की शुरुआत चुनाव प्रचार से जुड़ी कंपनियों से और छोटे व्यापारियों पर केन्द्रित थी जो बढ़ते-बढ़ते आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय नेताओं तक जा पहुंची। अदालत की यह टिप्पणी काफी मायने रखती है कि पूरा मामला महज कल्पनाओं यानी धारणाओं पर आधारित है न कि पुख्ता सबूतों पर। ऐसे में जांच टीम सवाल उठना स्वाभाविक है।

यहां तक कि कोई भी सबूत यह नहीं दर्शाता कि मनीष सिसोदिया कथित पैसों के लेन-देन में शामिल थे। अभियोजन पक्ष उनके खिलाफ एक भी बरामदगी, दस्तावेज या पैसों के लेन-देन या ट्रांसफर का कोई सबूत पेश कर पाई। बड़ी बात यह रही कि कथित घोटाले से जोड़ने खातिर इलेक्ट्रॉनिक वार्तालाप, दस्तावेज या लेन-देन का डिजिटल साक्ष्य भी नहीं है। अदालत ने पाया कि स्वतंत्र जांच करने पर भी पैसों की लेन-देन की कड़ी ऐसे दस्तावेजों पर आधारित है जो कतई कानूनन स्वीकार्य नहीं हैं। बयान भी ऐसे हैं जिसकी पुष्टि तक नहीं हुई। अदालत ने इन्हें मामूली कमियां न मान पूरे मामले की बुनियाद को ही शुरुआत से कमजोर माना। वहीं तथ्यों से अदालत संतुष्ट हुई कि शराब नीति एक सोची समझी थी जो सुपात्रों से विमर्श कर, विधिवत लाई गई। जबकि दिल्ली के उप राज्यपाल से विचार-विमर्श की कोई कानूनी या संवैधानिक जरूरत ही नहीं थी तब भी उनसे राय लेकर, नीति में जोड़ा गया।

पूरे मामले में केजरीवाल और सिसोदिया नहीं बल्कि जन सेवक, निजी व्यापारी और राजनीतिक दल के स्वयंसेवक भी शामिल थे। सीबीआई ने पाया कि जिन कुछ कारोबारियों को नई शराब नीति से फायदा हुआ वो 'साउथ ग्रुप' के थे। इस पर भी अदालत की आपत्ति आई कि नाम लोगों के क्षेत्र से जुड़ा है जिसका कानून से कोई मतलब नहीं। साउथ ग्रुप नाम प्रतिकूल प्रभाव के लिए उपयोग हुआ। अदालत ने यहां तक कहा कि कथित साजिश शुरूआत से ही लचर रही और लगने लगा कि सारा कुछ महज अटकलों का खेल है जो न कानूनन मान्य है और न ही सबूतों पर आधारित है। सरकारी गवाह बनाते वक्त भी कानूनी प्रक्रिया का पालन नहीं हुआ। बार-बार नए आरोप जोड़ने से लगता है कि ऐसे लोगों को भी फंसाया गया जिनके विरुद्ध ठोस आधार ही नहीं था। केजरीवाल और सिसोदिया समेत कई अभियुक्तों पर प्रवर्तन निदेशालय, यानी ईडी, द्वारा एक 'मनी लॉडरिंग' केस भी चल रहा है। देखना है इस मामले में इस फैसले का कैसा असर पड़ता है

यह तो तय है कि राउज एवेन्यू कार्ट के फैसले को चुनौती दी जाएगी। कहने की जरूरत नहीं कि ऐसा क्यों होगा। बहरहाल बड़ी और प्रतिष्ठित जांच एजेंसियों को केन्द्रीय सत्ता की कठपुतली या तोता कहलाना अब भारत जैसे देश में अच्छा जरूर नहीं लगता ! हां, आम आदमी पार्टी जरूर सुकून और जोश से भरी है क्योंकि डिस्चार्ज होने से एक तरह से नया जीवनदान जो मिला।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
व्यवसाय में नये समझौते और अनुबन्धों को लेकर कुछ योजना बना सकते हैं। वैवाहिक जीवन मधुर रहेगा। विद्यार्थी उच्च शिक्षा में काफी अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

**वृषभ**
राजनीति से जुड़े मामलों में आप रुचि ले सकते हैं। अचानक गर्मी के कारण खुजली और एलर्जी की समस्या हो सकती है। जिम्मेदारियों से घिरे रहेंगे।

**मिथुन**
दोपहर के बाद आपके काम अचानक से बनते हुये प्रतीत होंगे। रुका हुआ कमीशन आपको प्राप्त होने वाला है। मित्रों के साथ निजी समस्या शेयर कर सकते हैं।

**कर्क**
नये काम में कुछ बाधायें लगी रहेंगी। अपनी उन्नति से सन्तुष्ट नहीं रहेंगे। दूसरों की सहायता करके आपके मन में प्रसन्नता होगी।

**सिंह**
आपको रिश्तेदारों से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। पदोन्नति के लिये प्रयास करने हेतु उत्तम समय है। बच्चों को करियर के लिये परामर्श दे सकते हैं।

**कन्या**
दिनचर्या प्रारम्भ करने से पहले माता-पिता का आशीवार्द अवश्य लें। निजी सम्बन्धों में कटुता बढ़ सकती है। किसी परिचित व्यक्ति से धोखा मिल सकता है।

**तुला**
परिवार के साथ अच्छा समय बितायेंगे। बुद्धिमान मनुष्यों की संगत प्राप्त होगी। आपके स्वास्थ्य में आ रही बाधा दूर होगी। बहुमूल्य उपहार आपको प्राप्त हो सकते हैं।

**वृश्चिक**
व्यावसायिक योजनाओं में धीमापन हो सकता है। चुनौतियों का सामना डटकर करें। जुकाम होने जैसी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

**धनु**
आपके सम्पर्क दायरे में बढ़ोत्तरी होगी। घर में धार्मिक वातावरण रहेगा। परिवार के सदस्य आपका मनोबल बढ़ायेंगे। नया वाहन खरीद सकते हैं। आपकी सलाह से दूसरों को बहुत बड़ा लाभ प्राप्त होगा।

**मकर**
समाज में आपकी छवि काफी अच्छी रहेगी। पति-पत्नी एक दूसरे का काफी ध्यान रखेंगे। परिजनों के साथ प्राकृतिक स्थलों की यात्रा करने का विचार बनायेंगे।

**कुंभ**
दोस्तों के साथ वैचारिक मनमुटाव हो सकता है। रिश्तों को अहंकार और ईर्ष्या की भेंट न चढ़ने दें। विद्यार्थी नये विषयों के अध्ययन में रुचि लेंगे।

**मीन**
व्यवसाय में प्रतिद्वन्द्वियों से परेशान रहेंगे। कब्ज और बवासीर के रोगियों की समस्या बढ़ सकती है। प्रेम-सम्बन्धों को लेकर थोड़े गम्भीर रहेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### गैस गोदाम स्टॉक की जांच प्रशासन ने कहा मसौढ़ी में नहीं है गैस के किल्लत रखें धैर्य

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** इराक और इजराइल देश में हो रहे युद्ध के बीच भारत में गैस और तेल के किल्लत की आशंकित सूचनाओं को देखते रहे हुए हर जगह गैस लेने को लेकर लोगों की चिंताएं बढ़ गई है। वहीं गैस गोदाम पर उपभोक्ताओं की भीड़ उमड रही हैं। जिसको लेकर बुधवार को अनुमंडल पदाधिकारी अभिषेक कुमार के आदेश पर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ने मसौढ़ी एवं धनरूआ के विभिन्न गैस एजेंसी के गोदाम की गहनता



पूर्वक जांच की गई, जांचों उपरांत पाया गया कि मसौढ़ी और धनरूआ में पर्याप्त मात्रा में एलपीजी घरेलू गैस का स्टॉक है। ऐसे में मसौढी वासियों से अपील की गई है कि धैर्य रखें मसौढ़ी में अभी गैस की किल्लत नहीं है। इसके अलावा प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी वीरेंद्र भारती ने बताया की बुकिंग करने में कुछ समस्याएं आ रही है सर्वर डाउन चल रहा है ऐसे में दो से तीन बार लगाने पर वह बुकिंग हो जा रही है, वहीं इसकी तकनीकी कारणों को भी समझा जा रहा है। उपभोक्ताओं को आश्वस्त किया है की मसौढ़ी और धनरूआ में पर्याप्त मात्रा में एलपीजी गैस का स्टॉक रखा गया है,मसौढी भारत गैस एजेंसी में जांच के दौरान कहा कि एक ट्रक में 500 से अधिक गैस की सिलेंडर लाया जाता है और यहां 25 से 30 दिन में उपभोक्ताओं को डिलीवरी कर दी जा रही है ऐसे में उपभोक्ताओं को परेशान होने की आवश्यकता नहीं है।

### कामरेड केशव प्रसाद केसरी का हार्ट अटैक से निधन

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भाकपा माले के 90 के दशक के सक्रिय कार्यकर्ता रहे धनरूआ प्रखंड के केशव केसरी का बिते देर रात को हार्ट अटैक से निधन हो गया है। कामरेड केशव प्रसाद केसरी पटना के एक निजी अस्पताल में रात में हार्ट अटैक से उसका निधन हो गई, भाकपा माले के 90 के दशक से ही सक्रिय कार्यकर्ता थे धनरूआ प्रखंड के पंडित गंज बाजार में कामरेड केशव प्रसाद केसरी का पार्टी का विशेष पहचान था और चुनाव के समय सक्रिय भूमिका निभाया करते थे, सामंतवाद के खिलाफ संघर्ष में अग्रणी भूमिका में रहते थे उनके अधूरे कार्यों को पूरा करने का लोगों ने शपथ लिया और 1 मिनट का शोक श्रद्धांजलि दिया कामरेड केशव प्रसाद केसरी के अंतिम यात्रा में कामरेड कमला देवी, कामरेड निरंजन वर्मा, कामरेड खुर्शीद अंसारी, कामरेड कमलेश यादव ,कामरेड रामानंद विश्वकर्मा, पूर्व मुखिया कामरेड महेंद्र प्रसाद यादव पंचायत समिति सदस्य कामरेड चितरंजन पासवान कामरेड राजकिशोर प्रसाद इत्यादि दर्जनों कार्यकर्ता एवं आसपास गांव से सैकड़ो ग्रामीण जनता शामिल रहे।

### तीन दिवसीय उर्स मेले में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**दनियावां(पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के पीरबढ़ौना गांव स्थित बाबा भोलेशाह और उनकी अर्धांगिनी के मजार पर आयोजित तीन दिवसीय उर्स मेला का आयोजन श्रद्धा और सौहार्द के माहौल में प्रारंभ हुआ।इस मेले में पटना,नालंदा,नवादा,जहानाबाद और उत्तरप्रदेश के कुछ जिलों से सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया।स्थानीय निवासी और सामाजिक कार्यकर्ता बीरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि श्रद्धालुओं ने मजार पर चादरपोशी कर क्षेत्र में अमन-चैन,सुख समृद्धि और भाईचारे की कामना की।कार्यक्रम में बाबा अलीम शाह की अगुवाई में गुलपोशी भी हुई।

### चमकाने के बहाने चार लाख के आभूषण ले भागे दो जालसाज

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आभूषण चमकाने के बहाने ठग गिरोह मसौढी के गांव-गांव में सक्रिय हो चुका है, जो महिलाओं का भरोसा जीतकर सोने-चांदी के गहने लेकर चंपत हो रहे हैं। ये शातिर अपराधी पहले विशेष केमिकल या पाउडर से जेवर चमकाने का झांसा देते हैं और सफाई के नाम पर गहने गलाकर वजन कम कर देते हैं या लेकर भाग जाते हैं।ऐसा ही मामला मसौढी थाना के बेगमचक गांव की है।जहाँ दो महिलाओं के गहने साफ सफाई करने के झांसे में लेकर बाइक से आए बाइक सवार दो जालसाजों ने करीब चार लाख रुपये के सोने के जेवर साफ करने के बहाने लेकर भाग गए। दरअसल बेगमचक गांव के पीड़ित उत्तम कुमार पिता नागेश्वर ठाकुर ने बताया कि गांव में बाइक पर सवार होकर दो जलसाज आये और अपने आप को आरसीएम का कर्मचारी बताएं और बताया की आयुर्वेदिक दवाई बेचते हैं इसके अलावा आभूषण की सफाई करते हैं।

### रसोई गैस सिलेंडर के वाणिज्यिक उपयोग पर रोक लगाने के लिए कई जगह छापेमारी

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडल पदाधिकारी बार गरिमा लोहिया के निर्देश पर रसोई गैस की कृत्रिम किल्लत के मद्देनजर आपूर्ति विभाग एवं पुलिस पदाधिकारी की संयुक्त टीम गठित कर टीम के द्वारा बाढ़ नगर क्षेत्र में घरेलू गैस सिलेंडर का वाणिज्यिक उपयोग पर रोक लगाने हेतु कई रेस्टोरेंट, ढाबा एवं होटलों में औचक छापामारी कराया गया। छापेमारी में दो रेस्टोरेंट से चार घरेलू गैस सिलेंडर उपयोग करते हुए रंगेहाथ जप्त किया गया। छापेमारी दल में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी बाढ़, सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारी, बाढ़ एवं बाढ़ थाना के पुलिस पदाधिकारी के अतिरिक्त बख्तियारपुर में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी बख्तियारपुर एवं बख्तियारपुर थाना के पुलिस पदाधिकारी शामिल थे। इसके पूर्व अनुमंडल पदाधिकारी के निर्देश पर सभी गैस एजेंसियों की प्रतिष्ठान की भी जांच कराई गई थी, जिसमें पर्याप्त संख्या में रसोई गैस सिलेंडर गोदाम में उपलब्ध पाया गया है। रसोई गैस सिलेंडर की कमी नहीं है केवल पेट्रोलियम कंपनी के द्वारा घरेलू गैस सिलेंडर की आपूर्ति की समय सीमा निर्धारित करते हुए गैस सिलेंडर की वितरण की व्यवस्था की गई है।

### दो दिन में ही फट गया नया ट्रांसफार्मर, धू-धू कर जला

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ थाना क्षेत्र के बलौर गांव में गुरुवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई जब गांव में लगा बिजली ट्रांसफार्मर अचानक तेज धमाके के साथ फट गया और देखते ही देखते उसमें भीषण आग लग गई। धमाके की आवाज इतनी तेज थी कि आसपास के लोग दहशत में घरों से बाहर निकल आए। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार बिजली विभाग द्वारा महज दो दिन पहले ही पुराने खराब ट्रांसफार्मर को बदलकर नया ट्रांसफार्मर लगाया गया था, लेकिन गुरुवार को अचानक उसमें जोरदार विस्फोट हो गया और वह धू-धू कर जलने लगा।ग्रामीणों ने बताया कि पिछले पांच दिनों से गांव में बिजली आपूर्ति ठप है।

# कॉल करके बुलाया घर, बेरहमी से पिटाई कर हत्या, नाले से शव बरामद

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के गंगाचक मलिकाना वार्ड नं 13 मोहल्ले में गुरुवार की अल्हे सुबह एक युवक का शव नाले के पास से बरामद किया गया, शव मिलते ही पुरे इलाके सनसनी फैल गई है। मौके पर सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर अनुमंडल अस्पताल से उसे पोस्टमार्टम के लिए पटना रेफर कर दिया गया है। मृतक की पहचान मोहम्मद सिकंदर आलम उर्फ बिट्टू उम्र 25 वर्ष पिता अली हसन उर्फ बेंगू मियां मालिकाना वार्ड नंबर 31 के रूप में हुई है। मृतक के परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए 10 लोगों के खिलाफ मसौढी थाने में नामजद प्राथमिकी का आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की हैः इस पूरे मामले में मृतक सिकंदर आलम की मां लाडली बानो





पति अली हसन ने मालिकाना मोहल्ले के तनु कुमारी पिता मुकेश यादव, मुकेश कुमार यादव पिता स्वर्गीय अवध यादव, भोली देवी पति मुकेश कुमार यादव, पिंटू यादव पिता मुन्ना यादव, आदित्य यादव पिता हेमंत यादव, लालमुनी देवी के पति और दोनों जुड़वा बेटा संघत पर के अलावा पप्पू कुमार यादव पिता जटहु यादव महाराज चक निवासी आदि को नामजद आरोपी बनाते हुए प्राथमिकी दर्ज की है। मृतक की मां लाडली बानो ने बताया कि सुबह चार बजे फोन कर-के हमारे बेटे के फोन पर कॉल आया उसके बाद वह घर से चला गया हैः मुझे पुर्ण विश्वास है कि वह कॉल कर-के बुलाकर पहले उसकी पूरी पिटाई की है और हत्या कर उसके बाद उसका घर से दूर नाले के पास फेंक दिया गया है। कुछ महीने पहले हमारे घर के दरवाजे के पास फायरिंग कर दहशत मचाते हुए जान से मारने की धमकी भी दी थी। बहरहाल पुलिस पूरे मामले की गहनता से छानबीन और जांच में जुटी हैं। पुलिसिया अनुसंधान के दौरान आरोपी के घर के ठीक सामने रेलवे लाइन पर मृतक का चप्पल गंजी और कपड़े बरामद किए गए हैं। मौके पर एफएसएल की टीम स्क्वाड डॉग की बुलाई गई है और पूरे मामले की छानबीन की जा रही है। हत्या के आरोपी मुकेश कुमार के घर पर पुलिस छापेमारी करते हुए प्रत्येक कमरे की तलाशी और जांच अभियान में जुटी हैं। मौके पर घर से दो महिलाओं को भी हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के मुताबिक मुकेश यादव की बेटी तनु कुमारी के साथ मृतक सिकंदर आलम उर्फ बिट्टू के साथ प्रेम संबंध था और कयास यह लगाया जा रहे हैं कि संबंधों के कारण उसकी हत्या की गई है ।बहरहाल पुलिस पूरे मामले की गहनतम से जांच पड़ताल में जुटी है।

## बिजली चोरी के खिलाफ एसटीएफ की टीम गठित

**कई जगहों पर छापेमारी मे दो लोगों पर, 3 लाख7 हजार 798 जुर्माना रसीद**

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी में बिजली चोरी के खिलाफ एक बार फिर से मसौढी बिजली विभाग एक्टिव मोड में नजर आ रही है। ऐसे में छापेमारी दल गठित करते हुए छापेमारी की जा रही है।गठित छापेमारी टीम में राजा अहमद अंसारी एसटीएफ, सुरेंद्र कुमार सहायक विद्युत अभियंता के साथ रंजीत कुमार कनिय अभियंता विद्युत आपूर्ति के साथ मानव बल सुनील कुमार के टीम गठित की गई है, जहां छापेमारी के दौरान मसौढी प्रखंड के शाहाबाद गांव में छापेमारी की गई जहां औद्योगिक क्षेत्र में जया शर्मा पति राम इकबाल शर्मा के यहां छापेमारी की गई, जहां जांच पड़ताल के दौरान मीटर बायपास कर टोकन फंसाकर बिजली चोरी कर रहे थे जिसमें तकरीबन बकाया जुमार्ना और मीटर रेंट कुल मिलाकर 2 लाख 276 रुपया जुर्माना लगाया गया है। इसके अलावा बेदौली गांव में छापेमारी के दौरान शीला देवी पति रामजान शर्मा के घर पर बिजली चोरी के मामले कुल में 1लाख 7 हजार 522 रुपए का जुर्माना रसीद किया गया है।

## समझौते से सुलझेंगे हजारों विवाद, मसौढी न्यायालय में तैयारियां तेज, पांच बेंच का हुआ गठन

**2 हजार से अधिक लोगों को नोटिस**

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आगामी 14 मार्च को मसौढ़ी सिविल कोर्ट में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए न्यायालय परिसर में तैयारियां तेज कर दी गई हैं। राष्ट्रीय लोक अदालत में सभी मामलों की सुनवाई को लेकर पांच बेंच का गठन किया गया है इसके अलावा 2000 से अधिक पक्षकारों को नोटिस भेज दी गई है गठित बेंच प्रथम बेंच में एसीजीएम रूपा रानी, एवं अधिवक्ता विमल कुमार होंगे, वही दुसरे बेंच पर नवीन कुमार मुंशीफ,अधिवक्ता सर्वजीत कुमार, तिसरे बेंच पर सत्य प्रकाश फर्स्ट क्लास जूनियर मजिस्ट्रेट,अधिवक्ता बलजीत कुमार, चौथे बेंच पर न्यायाधीश आशुतोष कुमार के साथ अधिवक्ता लालु प्रसाद, एवं पांचवें बेंच पर नवीन कुमार गौतम प्रथम सत्र न्यायाधीश, अधिवक्ता संदीप कुमार भारद्वाज होगें। सभी बैंच पर सभी तरह के कंफर्टेबल क्रिमिनल केस बैंक रिकवरी बिजली टेलीफोन बल समेत सभी वादों का निपटारा किया जाएगा। एसडीजेएम शुभम त्रिपाठी कहा कि लोक अदालत आमजन के लिए त्वरित, सरल और कम खर्च में न्याय प्राप्त करने का एक प्रभावी मंच है, जहां आपसी सहमति और समझौते के आधार पर वर्षों से लंबित विवादों का सौहार्दपूर्ण समाधान संभव होता है। बहरहाल विधिक सेवा प्राधिकार,के द्वारा न्यायालयों में लंबित समझौता योग्य मामलों की पहचान कर संबंधित तकरीबन 2 हजार पक्षकारों को नोटिस जारी किए जा चुके हैं, ताकि अधिक से अधिक मामलों का निपटारा इस राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से कराया जा सके। इसके साथ ही शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाकर लोगों को लोक अदालत के लाभों की जानकारी दी जा रही है। पैरा लीगल वॉलंटियर्स की सक्रिय भागीदारी से पक्षकारों को नोटिस तामील कराने, उन्हें लोक अदालत की प्रक्रिया समझाने तथा अधिक-से-अधिक लोगों को इसमें भाग लेने के लिए प्रेरित करने का कार्य किया जा रहा है।

## अवैध उगाही के विरोध में ग्रामीणों ने मुखिया को किया डिटेन

**बीडीओ ने लिया संज्ञान, आवास सहायक पर गिरी गाज**



**अथमलगोला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखण्ड अंतर्गत बहादुरपुर पंचायत के बहादुरपुर गांव के वार्ड संख्या 8 और 9 में उस समय अफरातफरी का माहौल बन गया जब मुखिया की मौजूदगी में इंदिरा आवास के लाभार्थियों से फोटो खींचने के नाम पर उनके समर्थक द्वारा प्रति घर 500 रुपए की अवैध उगाही की जाने लगी। जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में जुटे ग्रामीणों ने मुखिया नगीना गुप्ता पर सनसनीखेज आरोप लगाते हुए मुखिया को करीब एक घंटे तक बंधक के रूप में बैठाकर पूछताछ करना शुरू किया तथा तत्काल इसकी सूचना अथमलगोला प्रखण्ड विकास पदाधिकारी राजेश कुमार को भी दूरभाष पर दी। बीडीओ द्वारा आरोप पर संज्ञान लेते और मामले को तूल पकड़ता देख मुखिया ने उगाही करने वाले से पल्ला झाड़ते हुए ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि किसी से पैसे की मांग नहीं होगी।और प्रखंड में कार्यरत अपने पुत्र जयशंकर कुमार को बाइक से बुलाकर मौके से निकल भागे। जब मिडिया की टीम ने उनसे संपर्क का प्रयास किया तो उन्होंने बार बार फोन लगाने के बावजूद भी जवाब देना मुनासिब नहीं समझा। ग्रामीण सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को अथमलगोला प्रखण्ड के बहादुरपुर पंचायत के मुखिया नगीना गुप्ता बहादुरपुर गांव में एक फोटोग्राफर एवं समर्थक को लेकर इंदिरा आवास की वेरिफिकेशन में आये थे।ग्रामीणों का यह आरोप है की जिनका -जिनका वेरिफिकेशन किया जा रहा था।उन सभी लाभूकों से पांच पांच सौ रुपए की अवैध उगाही की जा रही थी।ग्रामीणों की माने तो कुछ लाभुकों से पांच पांच सौ रूपए की उगाही कर भी ली गई थी। जानकारी मिलते ही ग्रामीणों द्वारा इस उगाही का विरोध व हंगामा किया जाने लगा। जिसके बाद ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई और मुखिया को करीब एक घंटे तक बैठाकर रखा गया। गांव के ही राम लगन देव ने बताया कि आवास सहायक पंचायत के ही कुछ लड़के को पैसा वसूली के लिए अपने साथ लेकर घूम रहा था और फोटो के नाम पर पंचायत के दर्जनों लोगों से अवैध वसूली किया जब मामला तूल पकड़ लिया तो मुखिया जी भी पिंड छुड़वाकर वहां से निकल पड़े और भूमिगत हो गए । ग्रामीणों का यह भी शिकायत है की मुखिया जी का पुत्र जयशंकर कुमार स्वच्छता पर्यवेक्षक है।जिसके चलते प्रखंड कार्यालय पर उसकी मजबूत पकड़ है और हर मामला रफा दफा हो जाता है। मिडिया टीम के सामने कई लाभुक और ग्रामीणों ने अवैध उगाही करने के विरोध में मुखिया को डिटेन करने की बात स्वीकार की है।वहीं कुछ ग्रामीणों ने मुखिया पर यह आरोप लगाया की चूंकि बिहार में इसी साल ( 2026 ) में पंचायत चुनाव निर्धारित है,इसलिए मुखिया चुनावी साल में अवैध उगाही कर रहा है।बहरहाल बहादुरपुर गाँव के ग्रामीणों द्वारा मुखिया पर लगे इस अवैध उगाही के आरोप के बाद क्या प्रशासनिक कार्यवाही होती है,यह देखने वाली बात होगी। पंचायत के ही सरिता देवी और उर्मिला देवी ने बताया कि उनसे अवैध पैसे की वसूली की गई है वहीं दूसरी तरफ वार्ड सदस्य मिथिलेश कुमार और वार्ड सदस्य प्रतिनिधि बबलू कुमार ने बताया कि पंचायत में अराजकता की स्थिति फैली हुई है मुखिया के द्वारा ना तो बैठक बुलाया जाता है और ना ही विकास कार्य के लिए वार्ड सदस्य से मंतव्य लिया जाता है लाइट लगाने की बात हो या नली/गली बनाने की बात मुखिया जी अपने दलाल के माध्यम से हर काम पूरा कर लेते हैं प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि राज किशोर सिंह का कहना है कि गरीब जनता के साथ इस तरह का अवैध वसूली बिल्कुल गलत है इसके लिए मैं विभाग को अवगत कराते हुए दोषी के खिलाफ कार्रवाई की मांग करता हूं।बीडीओ ने जानकारी देते हुए बताया कि मामला मेरे संज्ञान में आया है।और त्वरित करवाई करते हुए आवास सहायक पप्पू कुमार को शॉ काउज का पत्र दिया जा रहा। और मामले की जानकारी ली जा रही है।उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की किसी भी पंचायत में अवैध उगाही की शिकायत मिलने पर साक्ष्य के अनुरूप तत्काल कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## 'अनाज प्रोफाइलिंग विथ हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग' विषयक तीन दिवसीय कार्यशाला का समापन

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पटना के प्रतिष्ठित ठाकुर प्रसाद सिंह महाविद्यालय (टीपीएस कॉलेज) में 10 से 12 मार्च 2026 तक 'अनाज प्रोफाइलिंग विथ हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग' विषय पर तीन दिवसीय कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य प्रतिभागियों को अनाजों में उपस्थित पोषक तत्वों—विशेषकर प्रोटीन, विटामिन आदि के विश्लेषण की आधुनिक तकनीकों से परिचित कराना तथा हाई परफॉर्मेंस लिक्विड क्रोमैटोग्राफी एवं यूवी-विस स्पेक्ट्रोफोटोमीटर पर व्यावहारिक (हैंड्स-ऑन) प्रशिक्षण प्रदान करना था। समापन सत्र में मुख्य वक्ता प्रो. तपन कुमार शांडिल्य ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा कि ह्लस्वस्थ मानव पूंजी किसी भी राष्ट्र के विकास की आधारशिला है। भारत जैसे देश में जहाँ कुपोषण अभी भी एक गंभीर चुनौती बना हुआ है, वहाँ अनाज प्रोफाइलिंग के माध्यम से भोजन के पोषक तत्वों—विशेषकर प्रोटीन—की सटीक जानकारी प्राप्त कर अनाजों का उचित वर्गीकरण एवं



गुणवत्ता सुधार संभव है। प्रो. श्यामल किशोर (प्राचार्य, रामेश्वर दास महाविद्यालय) ने कहा कि अनाज प्रोफाइलिंग जैसे प्रासंगिक विषय पर कार्यशाला आयोजित करना अत्यंत सार्थक है। वेदों में अन्न को ह्यप्राणह्व कहा गया है, अर्थात अन्न ही जीवन का आधार है। डॉ. शशि प्रभा दुबे (कार्यशाला समन्वयक) ने कहा कि इस प्रकार की प्रशिक्षण आधारित कार्यशालाएँ विद्यार्थियों और शोधार्थियों को आधुनिक वैज्ञानिक उपकरणों के प्रयोग में दक्ष बनाती हैं तथा अनुसंधान की गुणवत्ता को भी सुदृढ़ करती हैं। कार्यक्रम के दौरान डॉ. रेखा कुमारी (स्नातकोत्तर विभागाध्यक्ष, प्राणिविज्ञान विभाग), प्रो. रूपम ,आईक्यूएसी समन्वयक, डॉ. राकेश कुमार ,मुख्य प्रशिक्षक, प्रो. कृष्णानंदन प्रसाद (कॉलेज निरीक्षक, पटलिपुत्र विश्वविद्यालय) ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में डॉ. उमेश कुमार, डॉ. मुकुंद कुमार, अंकित तिवारी, शिवम कुमार, विशाल कुमार, डॉ. अमरेंद्र धारी द्विवेदी, डॉ. राकेश कुमार, डॉ. विनय भूषण कुमार सहित अनेक शिक्षक एवं शोधार्थियों ने सक्रिय सहभागिता की। कार्यक्रम का सफल संचालन शोध छात्र कृष्ण कुमार ने किया, जबकि डॉ. नरेश कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

## देनी टीवीएस के नए शोरूम, पाट्र्स काउंटर एवं ऑटोमेटेड वर्कशॉप का भव्य उद्घाटन



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** दोपहिया वाहन क्षेत्र की अग्रणी कंपनी टीवीएस मोटर कंपनी लिमिटेड के अधिकृत मुख्य डीलर द्वारा पटना में अपने नए लैंडमार्क शोरूम, पाट्र्स काउंटर तथा आधुनिक ऑटोमेटेड वर्कशॉप का भव्य उद्घाटन 12 मार्च 2026 को दोपहर 2:00 बजे किया। यह नया शोरूम ग्राहकों को अत्याधुनिक सुविधाओं और बेहतर सेवाओं का अनुभव प्रदान करेगा। उद्घाटन समारोह में कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहें । शोरूम का उद्घाटन एरिया मैनेजर - सेल्स, बिहार द्वारा किया गया, जबकि ऑटोमेटेड वर्कशॉप का उद्घाटन एरिया मैनेजर - सर्विस, बिहार के द्वारा किया गया । यह नया शोरूम पटना के फुलवारीशरीफ क्षेत्र में बीएमपी -16, रिलायंस स्मार्ट बाजार के समीप स्थापित किया गया है। यहां ग्राहकों को टीवीएस के नवीनतम दोपहिया वाहन, ओरिजिनल स्पेयर पाट्र्स और अत्याधुनिक सर्विसिंग सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध होंगी। ऑटोमेटेड वर्कशॉप में आधुनिक मशीनों और प्रशिक्षित तकनीशियनों की सहायता से वाहनों की तेज, सुरक्षित और उच्च गुणवत्ता वाली सर्विस दी जाएगी। देनी टीवीएस के प्रबंधन के अनुसार इस नए शोरूम का उद्देश्य ग्राहकों को विश्वसनीय सेवा, पारदर्शी कार्यप्रणाली और अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराना है। यहां ग्राहकों को आसान फाइनेंस सुविधा, कम समय में लोन अप्रूवल, आसान ईएमआई विकल्प तथा आधार कार्ड के माध्यम से फाइनेंस जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी। उद्घाटन समारोह के अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य लोग, ग्राहक, वाहन प्रेमी तथा स्थानीय नागरिकों को आमंत्रित किया गया था । देनी टीवीएस परिवार ने इस शुभ अवसर पर उपस्थित सभी लोगों का कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने के लिए धन्यवाद् दिया ।

## 18 मार्च को भाकपा माले का राजभवन मार्च, तैयारी को लेकर पुनपुन में दो दिवसीय बैठक



**मसौढी /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भाकपा माले पटना ग्रामीण जिला कमेटी की दो दिवसीय बैठक 12- 13 मार्च को पुनपुन प्रखंड के नीमा गांव में आहूत की गई, बैठक में बिहार को भाजपाई बुलडोजर राज की प्रयोगशाला बनाने के खिलाफ व्यापक जन प्रतिरोध खड़ा करने एकजुट रहे न्याय और अधिकार की लड़ाई तेज करने वर्तमान राजनीतिक स्थिति और हमारी पहल कदमी पार्टी सदस्यता नवीकरण सदस्यता भर्ती ढाचा पुनर्गठन पार्टी पत्रिकाएं अन्य पत्रिकाओं यूजीसी विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अनुशंसा को लागू करने के बारे मे चल रहे आंदोलन 18 मार्च को पटना में राज्य स्तरीय राज भवन मार्च पटना गांधी मैदान की तैयारी जन संगठनों खेग्रामस किसान महासभा ट्रेड यूनियन ऐक्टू नौजवान सभा ऐपवा स्कीम वर्कर के तमाम संगठनों के बारे में विचार होगा साथी 16-17- 18 मई को राज्य सम्मेलन आरा की तैयारी राज्य सम्मेलन के लिए प्रतिनिधि चुनाव की अधिसूचना जारी करने सहित अन्य विषयों पर बैठक में चर्चा जारी है बैठक को भाकपा माले के पोलित ब्युरो सदस्य सह जिला सचिव कामरेड अमर केन्द्रीय कमिटी के सदस्य सह पालीगंज के विधायक संदीप सौरभ केंद्रीय कमेटी के सदस्य सह फुलवारी के पुर्ब विधायक गोपाल रविदास कमलेश कुमार सतनारायण प्रसाद जय प्रकाश पासवान आशा देवी सुरेंद्र पासवान अमर सेन दास मोहन राकेश नागेश्वर पासवान वीरेंद्र प्रसाद निरंजन वर्मा श्री भगवान पासवान प्रमोद यादव मंगल यादव श्रीकांत दास महेश यादव गुरुदेव दास देवीलाल पासवान साधु शरण पासवान मुन्ना चौहान शैलेन्द्र यादव अवधेश चंद्रवंशी सोना देवी राजाराम आनन्दी पासवान शंकर पासवान मंटू यादव नागो देवी उमेश मान्झी ललन सिह सहित पूरे पटना ग्रामीण जिला से तमाम प्रखंडों मे कार्यरत सदस्य बिचार विमर्श सागठनिक रूप से मजबूत बनाने की दिशा मे चर्चा हुई ।

## कृषि अनुसंधान परिसर में 'बिहार में दलहन उत्पादन बढ़ाने की रणनीति' विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

**मेड़ पर अरहर लगाकर बढ़ाएँ आय और मिट्टी की उर्वरता : डॉ. अनुप दास**

**दलहनी फसलें मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने में महत्वपूर्ण : डॉ. अनुप दास**

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना में ह्लबिहार में दलहन उत्पादन बढ़ाने की रणनीतिह्व विषय पर आयोजित तीन दिवसीय (10झ12 मार्च, 2026) प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हुआ। इसका उद्देश्य किसानों तथा प्रसार कर्मियों के ज्ञान एवं कौशल का विकास करना था, ताकि बिहार में दलहन उत्पादन एवं उत्पादकता बढ़ाने के लिए वैज्ञानिक तकनीकों को अपनाया जा सके।

तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना; भा.कृ.अनु.प.झभारतीय दलहन अनुसंधान संस्थान, कानपूर; राष्ट्रीय बीज निगम, पटना; रानी लक्ष्मीबाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय तथा भा.कृ.अनु.प.झराष्ट्रीय कृषि उपयोगी सूक्ष्मजीव ब्यूरो, मऊ के वैज्ञानिकों ने किसानों तथा प्रसार कर्मियों को




सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक जानकारी प्रदान की। समापन कार्यक्रम के अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ. अनुप दास ने बताया कि दलहनी फसलें कृषि प्रणाली के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि धान की कटाई के बाद खेत में अवशेष को सुरक्षित रखते हुए उन्नत तकनीकों—जैसे बेहतर बीज, संतुलित उर्वरक प्रबंधन, खरपतवार नियंत्रण, मृदा स्वास्थ्य सुधार तथा जल प्रबंधन को अपनाकर उत्पादन बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने किसानों को मेड़ पर अरहर जैसी दलहनी फसल लगाने की सलाह दी, जिससे अतिरिक्त आय के साथ-साथ मिट्टी की उर्वरता में भी सुधार होता है। डॉ. उज्ज्वल कुमार, प्रभागाध्यक्ष, सामाजिक-आर्थिक एवं प्रसार ने बताया कि दलहन उत्पादन में गुणवत्तायुक्त बीज की उपलब्धता एक प्रमुख चुनौती है। उन्होंने किसानों को उन्नत किस्में अपनाने, सामूहिक बीज उत्पादन करने तथा सीड हब जैसी पहलों का लाभ लेने की सलाह दी। कार्यक्रम के दौरान भोजपुर जिले के प्रगतिशील किसान श्री राधेश्याम पांडेय द्वारा ह्लमिट्टीह्व विषय पर प्रस्तुत कविता ने कार्यक्रम को विशेष आकर्षण प्रदान किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में बिहार के पाँच जिलों पटना, औरंगाबाद, नालंदा, भोजपुर तथा गया से आए प्रसार कर्मियों एवं किसानों ने भाग लिया।

## ऑपरेशन मुस्कान के तहत गुम हुए मोबाइल को धनरूआ पुलिस ने वापस लौटाया

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ऑपरेशन ऑपरेशन मुस्कान के तहत इन दोनों मोबाइल धारकों के चोरी एवं खोए हुए हुए मोबाइल को पुलिस उन्हें वापस खोज कर लौट रही है। ऐसे में अपने मोबाइल को वापस लेकर उनके चेहरे पर मुस्कान छा रही है। ऐसे में धनरूआ पुलिस ने तीन दिन के अंदर तीन मोबाइल धारकों को उनके खोए हुए मोबाइल को वापस लौटाया है। सभी मोबाइल धारक काफी खुश दिखे ,धनरूआ थानाध्यक्ष अंमित कुमार ने बताया कि तकनीकी विश्लेषण एवं सतत अनुसंधान के माध्यम से बरामद कर उनके वास्तविक धारक दीपक कुमार पिता- चंदन प्रसाद सा.- धनरूआ थाना-धनरूआ को सुपुर्द किया गया।इसके



अलावा दो दिन पहले दो मोबाइल धारक को मोबाइल वापस किया गया है, इसके अलावा कल भी एक मोबाइल धारक को उनका मोबाइल को दिया गया है जिसमें मोबाइल धारक विकाश कुमार पिता छोटे राम,ग्राम जलालपुर,थाना धनरूआ एवं सुमन कुमार,पिता धन्नू प्रसाद,ग्राम गोनाई बिगहा,थाना तेल्हाडा जिला नालंदा के निवासी है।

# मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर जिला प्रशासनिक चौकस

## अभेद्य रहेगी सुरक्षा व्यवस्था, सभी विभागों को दिये गए टास्क

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**बीहट।** बरौनी प्रखण्ड के बियाडा क्षेत्र में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का शनिवार को प्रस्तावित आगमन कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट हो गया है। बृहस्पतिवार को जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री और पुलिस अधीक्षक (एसपी) मनीष कुमार ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम स्थल, विशेषकर नवनिर्मित मेडिकल कॉलेज का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान जिले के सभी विभागों के वरीय पदाधिकारी भी मौजूद रहे। सुरक्षा और बुनियादी सुविधाओं पर जोर निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि मुख्यमंत्री के हेलीपैड से उतरकर मंच तक पहुंचने के लिए सड़क मार्ग को अविलंब दुरुस्त किया जाए। इसके साथ ही बुनियादी सुविधाओं को लेकर निर्देश दिए गए। पीएचईडी विभाग को कार्यक्रम स्थल पर पर्याप्त चापाकल और शुद्ध पेयजल की व्यवस्था करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। मुख्यमंत्री जीविका दीदियों के कार्यों का अवलोकन करेंगे। जिसके लिए बनाए जा रहे स्टालों का डीएम ने बारीकी से निरीक्षण किया और आवश्यक सुधार के निर्देश दिए। अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक के लिए एक अत्याधुनिक मीटिंग हॉल का निर्माण भी अंतिम चरण में है। सुरक्षा व्यवस्था को अभेद्य बनाने के लिए एसपी मनीष कुमार ने यातायात डीएसपी को सख्त लहजे में निर्देश दिया कि यातायात प्रबंधन में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शहर के प्रमुख चौक-चौराहों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती रहेगी और सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह सक्रिय रहेगी। मनीष कुमार पुलिस अधीक्षक भीड़ नियंत्रण और सुरक्षा के मद्देनजर कार्यक्रम स्थल की घेराबंदी की जा रही है। मुख्यमंत्री और विशिष्ट अतिथियों के लिए अलग से वीआईपी गेट का निर्माण किया जा रहा है। जनता के प्रवेश के लिए मंच के पश्चिम दिशा में प्रवेश द्वार बनाया जा रहा है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि समय सीमा के भीतर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली जाए ताकि कार्यक्रम का सफल और सुरक्षित संचालन सुनिश्चित हो सके। निरीक्षण के दौरान जिले के लगभग सभी वरीय अधिकारी उपस्थित रहे, जिनमें मुख्य रूप से शामिल थे। कार्यपालक पदाधिकारी रंजीत कुमार एसडीपीओ सदर अनिल कुमार डीटीओ राजीव कुमार डीएसपी सदर 2 पंकज कुमार डीएसपी तेघरा कृष्ण कुमार सीडीपीओ बरौनी जीएम (जिला उद्योग केंद्र): ज्ञानेश्वरी किरण पदाधिकारी अनुरंजन कुमार इसके अलावा पीएचईडी जेई अमित कुमार, नगर कार्यपालक पदाधिकारी अवनीश कुमार और रेशू अचलाधिकारी सूरज कंत बरौनी थाना अध्यक्ष इंस्पेक्टर विकास कुमार रंजन, एसआई पप्पू कुमार, एसआई आलोक कुमार आदि मौजूद थे।

# निःशुल्क आयुर्वेदिक स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** सार्वजनिक स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम के तहत राज्य आयुष समिति पटना के निर्देश पर तथा राजकीय अयोध्या शिव कुमारी आयुर्वेद महाविद्यालय बेगूसराय के सौजन्य से गुरुवार को एपीएस उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नावकोठी के मैदान में वृद्ध एवं जरा रोग के निदान के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर स्वास्थ्य जांच कराई और चिकित्सकीय परामर्श प्राप्त किया। शिविर के नोडल अधिकारी डॉ. राम सागर दास के नेतृत्व में आयुर्वेदिक कॉलेज के उपाधीक्षक डॉ दिलीप कुमार वर्मा, डॉ. किश्वर सुल्ताना, डॉ संतोष कुमार सिंह एवं डॉ उर्वशी सिन्हा ने रोगियों की जांच कर उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और दीर्घायु व निरोग जीवन के लिए आवश्यक सुझाव दिए। चिकित्सकों ने बताया कि नियमित दिनचर्या, संतुलित आहार और योग-व्यायाम से वृद्धावस्था से जुड़ी कई बीमारियों से बचाव संभव है। शिविर में मरीजों को निःशुल्क दवाएं भी वितरित की गईं। वहीं साठ वर्ष से कम आयु वर्ग के लोगों के लिए भी अलग से व्यवस्था की गई थी। मांसपेशियों में खिंचाव, दर्द एवं अन्य सामान्य समस्याओं के उपचार के लिए डॉ. माधुरी प्रसाद के नेतृत्व में डॉ प्रदीप कुमार वर्मा, डॉ आनंद मिश्रा तथा डॉ राजीव कुमार शर्मा ने करीब डेढ़ सौ से अधिक मरीजों की जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श एवं निःशुल्क दवा उपलब्ध कराई। शिविर के सफल आयोजन में जितेन्द्र कुमार, हिमांशु कुमार, रेखा कुमारी, अमलेश कुमार, डेजी कुमारी, नेहा कुमारी, अमित कुमार, गुड्डू कुमार एवं नीतेश कुमार सहित अन्य सहयोगियों की सक्रिय भूमिका रही।

# लाभुक बुनियाद केंद्र में संचालित सेंटर के माध्यम से निःशुल्क कर सकेंगे आवेदन

## पांच प्रखंडों में सीएससी सेंटर का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** समाज कल्याण विभाग की सचिव वंदना प्रेयसी द्वारा गुरुवार को जिले के पांच प्रखंडों में सीएससी सेन्टर का शुभारंभ किया। इतना ही नही राज्य भर में संचालित 101 बुनियाद केंद्रों में कॉमन सर्विस सेंटर का गुरुवार को विधिवत उद्घाटन किया। इस पहल का उद्देश्य समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं के आवेदन की प्रक्रिया को सरल, सुगम एवं पारदर्शी बनाना है। इसी क्रम में जिला अंतर्गत संचालित सभी बुनियाद केंद्रों मटिहानी, तेघड़ा, चेरिया बरियारपुर, बखरी एवं साहेबपुर कमाल में भी कॉमन सर्विस सेंटर का भव्य उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर बुनियाद केंद्रों के सभी पदाधिकारी एवं कर्मियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बुनियाद केंद्रों में सेंटर प्रारंभ किए जाने का मुख्य उद्देश्य यह है कि समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं के लिए आम नागरिकों को ऑनलाइन आवेदन करने में सुविधा मिल सके। अब जिले के लाभुक अपने नजदीकी बुनियाद केंद्र में संचालित सेंटर के माध्यम से समाज कल्याण विभाग की योजनाओं का ऑनलाइन आवेदन निःशुल्क कर सकेंगे। इससे आमजन को आवेदन प्रक्रिया में होने वाली कठिनाइयों से राहत मिलेगी तथा योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक पात्र व्यक्तियों तक सुगमता से पहुँच सकेगा।बुनियाद केंद्रों में संचालित के माध्यम से मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के पेंशनधारकों का जीवन प्रमाणीकरण, बैटरी चालित ट्राइसाइकिल हेतु ऑनलाइन आवेदन, सहायक उपकरण एवं कृत्रिम अंग हेतु आवेदन, दिव्यांगजन सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना हेतु ऑनलाइन आवेदन, मुख्यमंत्री दिव्यांगजन उद्यमी योजना हेतु ऑनलाइन आवेदन, यूडीआईडी कार्ड हेतु ऑनलाइन आवेदन, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना हेतु ऑनलाइन आवेदन तथा सिविल सेवा प्रोत्साहन राशि योजना (मुख्यमंत्री नारी शक्ति योजना अंतर्गत) सहित समाज कल्याण विभाग की विभिन्न सेवाओं का लाभ निःशुल्क प्राप्त किया जा सकेगा।जिला प्रशासन द्वारा जिले के सभी पात्र लाभुकों से अपील की गई है कि वे अपने नजदीकी बुनियाद केंद्र में स्थापित सेंटर का लाभ उठाते हुए समाज कल्याण विभाग की योजनाओं के लिए निःशुल्क ऑनलाइन आवेदन करें।ताकि अधिक से अधिक लोगों तक सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुँचाया जा सके।

# रसोई गैस को लेकर जिलेवासी नहीं हो पैनिक : डीएम

## प्रतिदिन आठ हजार सिलेंडरों का हो रहा वितरण, बुकिंग के डेढ़ दिनों में हो रही आपूर्ति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बेगूसराय।** समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री एवं पुलिस अधीक्षक मनीष द्वारा गुरुवार को संयुक्त रूप से बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी महेश्वर प्रसाद सिंह के साथ-साथ एचपीसीएल, बीपीसोएल, आईओसीएल तथा थिंक गैस के पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक के दौरान जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने कहा कि मध्य पूर्व (खाड़ी देशों) में उत्पन्न युद्ध जैसी परिस्थितियों के कारण अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पेट्रोलियम उत्पादों एवं गैस की आपूर्ति प्रभावित होने की आशंका व्यक्त की जा रही है। इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए जिले में पेट्रोल, डीजल एवं एलपीजी गैस की उपलब्धता पर नियमित और सघन निगरानी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि सभी पेट्रोल पंपों एवं गैस एजेंसियों पर आपूर्ति की स्थिति पर सतत निगरानी रखी जाए, ताकि आम उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। पुलिस अधीक्षक मनीष ने सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि पेट्रोल पंपों और गैस एजेंसियों पर संभावित भीड़ की स्थिति में विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी तरह सतर्क रहें तथा आवश्यकता पड़ने पर पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि किसी भी परिस्थिति में जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था भंग नहीं होने दी जाएगी। समीक्षा के क्रम में आईओसीएल के नोडल पदाधिकारी श्री निशिकांत ने जानकारी दी कि उपभोक्ताओं को गैस बुकिंग के लगभग डेढ़ दिनों के भीतर एलपीजी गैस की आपूर्ति की जा रही है। उन्होंने बताया कि पूर्व में जहां प्रतिदिन लगभग 8000 गैस सिलेंडरों का वितरण किया जाता था। वहीं वर्तमान में प्रतिदिन लगभग 14000 गैस सिलेंडरों की आपूर्ति की जा रही है। उन्होंने यह भी बताया कि सोशल मीडिया पर चल रही अफवाहों के कारण गैस सिलेंडरों की बुकिंग में अचानक वृद्धि हुई है, जिससे गोदामों एवं गैस एजेंसियों पर भीड़ बढ़ गई है और एजेंसियों को कुछ असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि उन्होंने स्पष्ट किया कि एलपीजी गैस की पर्याप्त मात्रा उपलब्ध है। इसी प्रकार थिंक गैस के नोडल पदाधिकारी विजय कांत तिवारी ने बताया कि पाइपलाइन के माध्यम से गैस की आपूर्ति बिना किसी बाधा के नियमित रूप से की जा रही है। उन्होंने कहा कि जो उपभोक्ता पाइपलाइन के माध्यम से गैस की आपूर्ति प्राप्त कर रहे हैं, उन्हें किसी प्रकार की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। एचपीसीएल एवं बीपीसीएल के प्रतिनिधियों द्वारा भी बैठक में बताया गया कि घरेलू गैस की आपूर्ति में किसी प्रकार की कमी नहीं है तथा वितरण सामान्य रूप से जारी है। बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि यदि कोई व्यक्ति अथवा विक्रेता पेट्रोलियम पदार्थों या एलपीजी गैस की जमाखोरी अथवा कालाबाजारी करते हुए पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध विधि-सम्मत कठोर कार्रवाई की जाएगी। संबंधित विभागों को ऐसे मामलों पर विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया गया है। जिला पदाधिकारी ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। जिले में पर्याप्त मात्रा में एलपीजी गैस सिलेंडर उपलब्ध है।

# आंध्र प्रदेश से श्री सत्य साइ बाबा का रथ पहुंचा जमालपुर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**जमालपुर (मुंगेर)।** श्री सत्य साइ बाबा के 100वे जन्मोत्सव के उपलक्ष पर देश में एकता प्रेम और आध्यात्मिक चिंतन को बढ़ावा देने को लेकर आंध्र प्रदेश स्थित बाबा के आश्रम से निकल गई शोभा रथ यात्रा गुरुवार को दौलतपुर जमालपुर पहुंची। दौलतपुर चौक पर रथ पहुंचते ही धर्म प्रेमियों में उत्साह का माहौल देखा गया। रंग-बिरंगे परिधानों से सज कर महिला पुरुष बच्चे श्री सत्य साइन बाबा के जयकारे लगाए। वही धर्म प्रेमियों की ओर से रथ का स्वागत महा आरती के साथ किया गया। आंध्र प्रदेश से चलकर भारत भ्रमण पर निकले श्री सत्य साइन बाबा के रथ के बारे में संगठन के जिला अध्यक्ष अनिल कुमार ने बताया कि श्री सत्य साइन प्रेम प्रवाहिनी रथ 24 अप्रैल 2025 को आंध्र प्रदेश आश्रम से निकल गई थी जो भारत भ्रमण करते हुए मुंगेर होते हुए जमालपुर दौलतपुर पहुंचा। उन्होंने यह भी बताया कि यह रथ देश के 600 से अधिक जिलों का भ्रमण करते हुए जमालपुर पहुंची है इसलिए महा आरती का आयोजन रथ का स्वागत किया जा रहा है। महा आरती एवं स्वागत होने के बाद यह रथ घोरघाट होते हुए भागलपुर जिले के लिए रवाना होगी। रथ के साथ साइ बाबा का भव्य तस्वीर एवं उनके साथ चलने वाले भक्तगण भजन कीर्तन प्रवचन के माध्यम से जनमानस के बीच शांति प्रेम का संदेश दे रहे हैं। मौके पर सुबोध गुप्ता, संजय कुमार उपाध्याय, संदीप वर्मा, अशोक कुमार रजक, शीला रजक, प्रीति कुमारी, गौतम कुमार, राजेश कुमार सहित दर्जनों धर्म प्रेमी मौजूद थे।

# पशुपालकों की समृद्धि के लिए राज्य सरकार है संकल्पित : मंत्री



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** प्रखंड मुख्यालय मैदान में बुधवार को बिहार डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग विभाग द्वारा आत्मनिर्भर बिहार के सात निश्चय -2 एवं बेहतर पशु स्वास्थ्य प्रबंधन के लिए आधारभूत व्यवस्थाएं के तहत पशु बांझपन चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन विधायक सह मंत्री सुरेंद्र मेहता ने किया। श्री मेहता ने कहा कि पशुपालकों के समृद्धि के लिए राज्य सरकार कृत संकल्पित है।शिविर का उद्देश्य बिहार के सभी किस्म के किसानों को सरकार द्वारा चलाए गए योजनाओं व कार्यक्रमों से अवगत कराना है ताकि किसान जागरूक होकर सरकारी लाभ को प्राप्त कर सके। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार पशुपालकों की चिंता करती है, इसलिए बकरी पालन, गाय पालन, सुअर पालन, मत्स्य पालन के लिए सरकार प्रोत्साहन दे रही है। इसमें 90 प्रतिशत की सब्सिडी तक दी जा रही है, ताकि एक गरीब बकरी पालन कर अच्छा आमदनी प्राप्त कर सके। उन्होंने कहा कि बकरी ग़रीब गुरबा का एटीएम है। जिसे जब चाहे राशि प्राप्त कर सकता है। उन्होंने कहा कि बकरी का दूध रोग-प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है इसलिए इसका दूध बहुत महंगा होता है। अब इसका दूध डेयरी में भी उपलब्ध हो सकेगा, इसके लिए सरकार व्यवस्था कर रही है वहीं उन्होंने कहा कि बिहार मछली उत्पादन के क्षेत्र में भी आत्मनिर्भर हो चुका है। अब यहां का स्वादिष्ट मछली का स्वाद दुनिया के लोग चखेंगे। अब मत्स्यजीवी जहां तहां मछली नहीं बेचेंगे। उनके लिए सभी जगह शेड बनाये जायेंगे, मछली जल्दी ख़राब नहीं हो उसकी व्यवस्था भी की जायेगी। इससे बिहार के लोगों का आर्थिक विकास होगा। उन्होंने कहा कि कहा पटना के तर्ज पर बिहार के सभी जिलों में हाईटेक पशु अस्पताल होगा, जहां पशुओं का सभी इलाज सम्भव होंगे।

# कृषि मेला में किसानों को दी गई उन्नत खेती की जानकारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** प्रखंड के पहसारा पूर्वी पंचायत के मजनूपुर गांव में किसानों को आधुनिक एवं उन्नत खेती की जानकारी देने के उद्देश्य से एक दिवसीय कृषि मेला का आयोजन किया गया। इस कृषि मेले की अध्यक्षता सरपंच संजिव यादव ने की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान एवं महिला किसान उपस्थित होकर कृषि से जुड़ी नई तकनीकों एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रखंड कृषि पदाधिकारी रौशन कुमार ने कहा कि आज के समय में कृषि क्षेत्र में महिला किसानों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण हो गई है। उन्होंने बताया कि महिला किसान खेती-बाड़ी के विभिन्न कार्यों में सक्रिय रूप से भागीदारी निभा रही हैं और उनके योगदान से कृषि क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है। उन्होंने किसानों को उन्नत खेती, आधुनिक तकनीक तथा सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कृषि योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। इस अवसर पर बीटीएम विवेकानंद ने किसानों को सरकार की विभिन्न कृषि योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किसान भाई-बहन इन योजनाओं का लाभ लेकर अपनी आय बढ़ा सकते हैं तथा आधुनिक खेती को अपनाकर उत्पादन में वृद्धि कर सकते हैं। प्रदान संस्था से एसएमएस शिवचन्द्र कुमार ने संस्था द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों एवं योजनाओं की जानकारी किसानों को दी। उन्होंने बताया कि प्रदान संस्था किसानों के विकास, आजीविका संवर्धन तथा कृषि के क्षेत्र में नई तकनीकों को बढ़ावा देने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। वहीं प्रदान संस्था से अफसाना रोजी ने किसानों को जैविक खेती के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि जैविक खेती अपनाने से मिट्टी की उर्वरता बनी रहती है, उत्पादन की गुणवत्ता बेहतर होती है और किसानों को अधिक लाभ प्राप्त हो सकता है। कार्यक्रम का मंच संचालन गौतम गोस्वामी द्वारा किया गया, जिन्होंने पूरे कार्यक्रम को सुव्यवस्थित तरीके से संचालित किया।इस कृषि मेले में मनोज, गोपाल, विकास, जीविका से सीसी अर्चना, कारगिल से संतोष, राजीव, पूर्व उपमुखिया अनिल, बेबी, नीतू, वर्षा, आरती, भारती, मधु सहित कई गणमान्य व्यक्ति एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे। कृषि मेले के माध्यम से किसानों को आधुनिक खेती, जैविक खेती तथा सरकारी योजनाओं के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई। जिससे वे भविष्य में अपनी खेती को और अधिक उन्नत एवं लाभकारी बना सकेंगे। कार्यक्रम के अंत में किसानों ने इस प्रकार के आयोजन को काफी उपयोगी बताते हुए आगे भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने की मांग की।

# महिला सशक्तिकरण सप्ताह पर सम्मानित हुईं महिलाएं

## नगर परिषद बलिया द्वारा आयोजित किया गया कार्यक्रम



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला सशक्तिकरण सप्ताह के तहत गुरुवार को नगर परिषद बलिया द्वारा महिला सशक्तिकरण एवं स्वच्छता के क्षेत्र में योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नगर परिषद क्षेत्र की महिला वार्ड पार्षदों, महिला सफाई कर्मियों एवं स्वच्छता साथियों को उनके उत्कृष्ट कार्य एवं समाज में दिए जा रहे योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधारोपण भी किया गया।इसके साथ ही आयोजित चिकित्सा शिविर में स्वच्छता कर्मी महिलाओं, पदाधिकारियों एवं कार्यालय कर्मियों के स्वास्थ्य से संबंधित विभिन्न प्रकार की जांच की गई तथा कैंसर स्क्रीनिंग भी कराई गई।कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि समाज के समग्र विकास में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। नगर परिषद द्वारा आयोजित यह पहल न केवल महिलाओं के योगदान को सम्मानित करती है। बल्कि समाज में नारी सशक्तिकरण और स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने का भी कार्य करती है।इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं के कार्यों को प्रोत्साहित करना तथा समाज में उनके प्रति सम्मान और सहभागिता की भावना को मजबूत करना है।

# मॉडल स्टेशन पर महिला प्रतीक्षालय बना शोभा की वस्तु

## प्रतीक्षालय बंद होने से महिला यात्रियों को हो रही परेशानी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**जमालपुर (मुंगेर)।** यात्री सुविधा को लेकर रेलवे की ओर से स्टेशन हो या प्लेटफार्म या फिर ट्रेन में नई-नई सुविधाएं बहाल की जा रही है। जिसका लाभ रेलयात्री को मिल रहा है। लेकिन मॉडल स्टेशन जमालपुर की बात करें तो यहां महिला यात्री अपने आप को सुरक्षित नहीं बता रही हैं। स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या एक पर महिला यात्रियों के लिए बने प्रतीक्षालय में बराबर बंद रहता है जिसके कारण महिला यात्रियों को प्लेटफार्म पर काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। महिला प्रतीक्षालय बंद होने से प्लेटफार्म पर ट्रेन का इंतजार कर रही निशा सिंह, सुनीता देवी, गुड़िया देवी, पूनम देवी आदि ने बताई की खाने को तो महिलाओं के लिए प्रतीक्षालय बनाया गया पर यहां किसी प्रकार की सुविधा हम महिलाओं को नहीं मिल रही है। प्रतीक्षालय हमेशा बंद रहने के कारण हम लोगों को पुरुष प्रतीक्षालय या प्लेटफार्म पर ट्रेन का इंतजार करना पड़ रहा है। यहां तक की शौच लगने पर पुरुष शौचालय का मजबूरी बस इस्तेमाल करना पढ़ रहा है। हम लोगों के द्वारा कई बार स्टेशन प्रबंधक के पास शिकायत किया गया इसके बावजूद इस दिशा में कोई कार्रवाई नहीं हुई है। हालांकि स्टेशन प्रबंधक दीपक कुमार ने बताया कि प्रतीक्षालय अगर बंद है तो उसको खुलवाने की दिशा में पहल की जाएगी।

# रोमांचक मुकाबले में इलेवन स्टार मुबारकचक विजयी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जमालपुर (मुंगेर)।** युगल रंजीत मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट दूसरे सेमीफाइनल मैच में इलेवन स्टार जमालपुर बनाम इलेवन स्टार मुबारकचक मुंगेर के बीच फुल्का मैदान में खेला गया। खेले गए रोमांचक मैच में इलेवन स्टार मुबारकचक मुंगेर ने इलेवन स्टार जमालपुर को 1-0 से पराजित फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। सेमी फाइनल मैच में बेहतर प्रदर्शन करने वाले इलेवन स्टार जमालपुर के गोल कीपर कृष्णा का चयन किया गया। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में जेआरएस कॉलेज के प्राचार्य देवराज सुमन एवं विशिष्ट अतिथि के तौर पर सर्किल इंस्पेक्टर एसएन मंडल ने खिलाड़ियों से मिलकर उनका हौसला अफजाई किया। मैच में निर्णायक मंडली के रूप में रामरक्षा यादव, शिवब्रत गौतम, अजय कुमार और देवब्रत राणा मौजूद थे।कमेटी के द्वारा बताया गया कि फाइनल मैच 14 तारीख को फाइनल रोमांचक मैच आशीर्वाद क्लब शीतलपुर बनाम मुबारकचक के बीच 3:30 खेला जाएगा। गणमान्य व्यक्तियों में मनोज कुमार, अनिल कुमार यादव, अजय कुमार, कोषाध्यक्ष अशोक कुमार विनय कुमार, प्रताप कुमार, कन्हैया तांती, प्रवीण शंकर सिंह, संजय कुमार, शंभू सिंह, सुमित राज आदि मौजूद थे।

# सरकारी स्कूलों में वार्षिक परीक्षा शुरू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** प्रखण्ड क्षेत्र के सरकारी विद्यालयों में वर्ग 1 से 8 तक के बच्चों की वार्षिक परीक्षा गुरुवार से शुरू हो गई। इस बार शिक्षा विभाग द्वारा प्रश्नपत्र ई-शिक्षाकोष पोर्टल पर परीक्षा शुरू होने से 45 मिनट पहले उपलब्ध कराया गया। वीक्षण कार्य मे लगे शिक्षक ई-शिक्षाकोष पोर्टल से प्रश्नपत्र देखकर श्यामपट पर लिखे। पहले दिन प्रथम पाली में क्लास 3 से 8 तक के बच्चों ने पर्यावरण/सामाजिक विज्ञान की लिखित परीक्षा दी, जबकि क्लास 1 व 2 के बच्चों ने दूसरी पाली में भाषा की परीक्षा दी। सीआरसी मेहदौली के प्रभारी संचालक अमित कुमार ठाकुर ने बताया कि क्लास 1 से 8 तक नामांकित 1072 बच्चों में 996 बच्चे पहले दिन शामिल हुए। परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में संचालित की गई। मध्य विद्यालय मेहदौली में एचएम अशोक कुमार सिंह के नेतृत्व में वीक्षक गोपाल, विजय, अरविंद, ज्योति, स्मृति, बेबी ने वीक्षण का कार्य किया।

# मारपीट मामले में तीन गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जमालपुर (मुंगेर)।** भूमि विवाद एवं रुपए लेनदेन को लेकर लकड़ी गोला रोड केशोपुर में दो पक्षों के बीच हुई जमकर मारपीट मामले को लेकर पुलिस ने एक पक्ष की ओर से नामजद तीन अभियुक्तों पर कार्रवाई करते हुए जेल भेजने की बात कही है। मारपीट मामले को लेकर थाने में दोनों पक्षों की ओर से दिए गए आवेदन के आधार पर थानाध्यक्ष पंकज कुमार पासवान ने प्राथमिक की दर्ज करते हुए कार्रवाई करने की बात कही है। जबकि एक पक्ष की ओर से गंभीर रूप से घायल सूरज कुमार एवं स्वीटी मंडल के आवेदन पर करवाई करते हुए सूरज पंडित सागर पंडित एवं फूलों देवी के खिलाफ दर्ज प्राथमिक की के आधार पर गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजने की बात थानाध्यक्ष ने कही है। इधर जमीनी एवं रुपए लेनदेन के पूर्व के मामले को लेकर हुई मारपीट भले ही पुलिस की त्वरीत कार्रवाई के बाद मामला शांत हो गया पर यह मामला निश्चित रूप से एक बड़े विवाद की ओर इशारा कर रहा है। हालांकि विवाद बढ़े नहीं इसको लेकर कई सामाजिक कार्यकर्ता पहल कर रहे हैं।

# लाभुक और बैंक से समन्वय स्थापित कर लंबित आवेदनों का त्वरित निष्पादन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** जिला प्रशासन एवं उद्योग विभाग के संयुक्त तत्वाधान में उद्योग विभाग द्वारा संचालित योजनाएं यथा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमइजीपी-I और II), प्रधानमंत्री सूक्ष्म खादय उगम उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) एवं प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के लाभुको के लिए ऋण स्वीकृति एवं भुगतान शिविर का आयोजन किया गया। यह आयोजन जिलाधिकारी के निदेशानुसार उपविकास आयुक्त अनन्या सिंह की अध्यक्षता में किया गया। उक्त ऋण शिविर में महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, औरंगाबाद, अग्रणी जिला प्रबंधक, औरंगाबाद, सहायक उत्शोग निदेशक, उद्योग विभाग, मुख्य प्रबंधक पजाब नेशनल बैंक, औरगाबाद, जिला कला एव सस्कृति पदाधिकारी, औरंगाबाद के साथ बैंकों के जिला समन्वयक, जिला उद्योग केन्द्र के पदाधिकारी तथा कर्मी के साथ उक्त योजनाओं के लाभान्वित लाभुक भाग लिया।




महाप्रबंधक द्वारा बताया गया कि 11 मार्च 2026 तक प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी-I और II), योजना के तहत कुल 78 लक्ष्य के विरूद्ध 67 ऋण आवेदनों की स्वीकृति एवं 23 ऋण आवेदनों की राशि का भुगतान किया गया है। महाप्रबंधक द्वारा बताया गया कि स्वीकृत के उपरात भुगतान हेतु लंबित आवेदनों का आरसेटी में ईडीपी प्रशिक्षण करायी जा रही है, प्रशिक्षण के उपरात भुगतान की प्रकिया अबिलंब बैंको द्वारा कर दी जाएगी। प्रधानमंत्री सूक्ष्म खादय उत्तम उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) की जानकारी महाप्रबंधक द्वारा दी गई एवं बताया गया कि इस योजना में विभाग द्वारा कुल 239 लक्ष्य के विरुद्ध 11 मार्च 2026 तक 156 ऋण आवेदनों की स्वीकृति की गई है एवं स्वीकृति के विरूद्र 79 आवेदकों को ऋण राशि का भुगतान कर दिया गया है। उपविकास आयुक्त द्वारा अग्रणी जिला प्रबंधक एवं जिला उद्योग केन्द्र के पदाधिकारियों को निदेश दिया गया कि लाभुक एवं बैंक से समन्वय स्थापित कर लंबित आवेदनों का त्वरित निष्पादन करना सुनिश्चित करें साथ ही साथ बैंक अधिकारियों को पीएमईजीपी/पीएमएफएमई के शेप लक्ष्य को प्राथमिकता देते हुए अविलब वित्तीय वर्ष समाप्ति से पूर्व शत प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति अचूक रूप से कर लें। सहायक उद्योग निदेशक, उद्योग विभाग द्वारा भी बताया गया कि विभाग के वरीय पदाधिकारी द्वारा लगातार प्रगति की समीक्षा की जा रही है एवं अविलंब लंबित आवेदनों का निष्पादन करते हुए शत-प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति हेतु निर्देशित किया गया है। उपविकास आयुक्त द्वारा शिविर में उपस्थित उक्त योजनाओ के लाभार्थियो को ऋण स्वीकृति एवं भुगतान पत्र दिया गया एवं उन सभी के उद्योग के उज्जवल भविष्य की कामना भी की साथ ही सभी को सत्यनिष्ठा एव मेहनत से उद्योग चलाने हेतु प्रेरित किया।

ऋण शिविर में पीएमईजीपी योजना के दो लाभुकों को विभिन्न परियोजनाओं के लिए स्वीकृति 7 लाख रूपये मात्र एवं कुल 25 लाभुकों को ऋण राशि का भुगतान 5728 लाख रूपये मात्र तथा पीएमएफएमई योजना अंतर्गत कुल 20 लाभुकों को विभिन्न परियोजनाओं के लिए स्वीकृति 7106 लाख रूपये मात्र एवं कुल 18 लाभुकों को ऋण राशि का भुगतान 53.54 लाख रूपया भुगतान किया गया।

# कासमा के युवक की सड़क हादसे में मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज प्रखंड के कासमा थाना क्षेत्र अंतर्गत कासमा बाजार निवासी प्रवेश मिश्र के इकलौते पुत्र 28 वर्षीय सतीश मिश्र की झारखंड में सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। इस दर्दनाक घटना से पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों ने बताया कि सतीश मिश्र झारखंड के चतरा जिले में एक फाइनेंस कंपनी में कार्यरत थे। बुधवार को कंपनी के काम से वे अपने एक साथी के साथ बाइक से कहीं जा रहे थे। इसी दौरान चतरा से लगभग 15 किलोमीटर दूर गुमला मार्ग पर उनकी बाइक को एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि



बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान सतीश मिश्र की मौत हो गई। बताया जाता है कि सतीश की शादी करीब दो वर्ष पहले ही हुई थी, जिससे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। बुधवार की शाम जैसे ही मृतक का शव कासमा स्थित उनके घर पहुंचा, पूरे गांव में मातम छा गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था और हर किसी की आंखें नम हो गईं। मृतक के परिजनों सुधीर मिश्र, सुचित मिश्र और अन्य परिजनों से मिलने तथा उन्हें ढांढस बंधाने के लिए मुखिया नरेंद्र मिश्र, मुकेश गुप्ता, विरेंद्र यादव, साधू यादव, संजय मिश्र, अनिल मिश्र, आशुतोष पाठक, अर्जुन साव, सुरेश साव, पप्पू कुमार, रंजन अग्रवाल, चंदन, शशी यादव सहित कई ग्रामीण पहुंचे।

# फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम की केंद्रीय टीम ने की जांच

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** फरवरी माह में चलाए गए फाइलेरिया उन्मूलन अभियान की जांच के लिए केंद्रीय टीम ने रफीगंज क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान टीम में शामिल डॉक्टर अंतरा सिंह एवं मिस उर्वशी तिवारी का डीआईओ मिथिलेश कुमार सिंह, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अरविंद कुमार सिंह तथा स्वास्थ्य प्रबंधक नेहा सिन्हा द्वारा बुके और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।



जांच टीम ने फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम से संबंधित सभी प्रतिवेदन एवं माइक्रो प्लान की गहन जांच की। इसके बाद टीम रफीगंज में फाइलेरिया पॉजिटिव पाए गए क्षेत्र ग्राम डिहवा पहुंची। वहां डीआईओ मिथिलेश कुमार सिंह, पिरामल स्टेट से अभिषेक कुमार एवं हर्षवर्धन, जिला पिरामल से विश्वास कुमार तथा जितेंद्र कुमार ने लाभार्थियों से मुलाकात की और उन्हें नियमित रूप से दवा सेवन के लिए प्रेरित किया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम की जांच केंद्र एवं राज्य स्तर की टीम द्वारा की गई है और जांच टीम ने कार्यक्रम की सराहना की।

इस अवसर पर स्वास्थ्य प्रबंधक नेहा सिंह, बीसीएम सनी कुमार, बीएमसी सुभाष कुमार, लैब टेक्नीशियन रविंद्र कुमार, नदीम अख्तर, रंजीत कुमार, सफाई सुपरवाइजर लालू तथा गार्ड सुपरवाइजर पप्पू रजक सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद थे।

## रजिस्टर्ड मोबाइल से कराएं एलपीजी गैस बुकिंग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर।** खाड़ी देशों में हो रहे युद्ध से एलपीजी गैस आपूर्ति की दिक्कतों से निपटने के लिए सरकार व जिला प्रशासन गंभीर है। इसको लेकर मां उमंगेश्वरी एलपीजी एजेंसी संचालक रवीन्द्र कुमार सिन्हा ने बताया कि गैस सिलेंडर लेने के लिए कनेक्शन से जुड़े रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर से ही बुकिंग कराए। केवाईसी कराना अनिवार्य है। बुकिंग करने के लिए मोबाइल नंबर 94602222 पर मिस्ड कॉल करेंगे। इसके बाद ओटीपी डिलिवरी देने के समय डिलिवरी देने वाले व्यक्ति को लेकर गैस सिलेंडर प्राप्त कर सकते हैं। गैस सिलेंडर की दिक्कत नहीं होगी। रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर से ही पहली बुकिंग होगी। 26 दिन बाद दुसरी बुकिंग हो सकता है। रसोई गैस का उपयोग केवल रसोई के लिए ही करेंगे।

# एलपीजी गैस की न हो कोई कमी, कालाबाजारी व जमाखोरी पर होगी कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बिहार के विकास आयुक्त मिहिर कुमार सिंह की अध्यक्षता में राज्य के सभी जिलाधिकारियों एवं पुलिस अधीक्षकों के साथ एलपीजी गैस आपूर्ति व्यवस्था से संबंधित समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा सहित सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह, दाउदनगर अनुमंडल पदाधिकारी अमित राजन, जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्वेतांक लाल एवं पुलिस उपाधीक्षक उपस्थित रहे। बैठक के दौरान विकास आयुक्त द्वारा स्पष्ट किया गया कि राज्य में एलपीजी गैस की किसी प्रकार की कमी नहीं है तथा आम उपभोक्ताओं के लिए पर्याप्त मात्रा में गैस सिलेंडर उपलब्ध है। उन्होंने निर्देश दिया कि




एक ही व्यक्ति के नाम पर एक से अधिक सिलेंडर की आपूर्ति नहीं की जाए, ताकि सभी जरूरतमंद उपभोक्ताओं को गैस की सुलभ उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके। साथ ही यह भी निर्देश दिया गया कि व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में केवल वाणिज्यिक उपयोग के लिए निर्धारित ब्लू (नीले) सिलेंडर का ही उपयोग किया जाए। यदि किसी भी व्यावसायिक प्रतिष्ठान में घरेलू उपयोग के लिए निर्धारित लाल सिलेंडर का उपयोग पाया जाता है तो संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। बैठक में यह भी बताया गया कि डीजल एवं पेट्रोल की आपूर्ति में भी किसी प्रकार की कमी नहीं है। आम लोगों को सही एवं प्रमाणिक जानकारी उपलब्ध कराते हुए कृत्रिम कमी (आर्टिफिशियल स्कार्सिटी) की स्थिति से बचने तथा अनावश्यक अफवाहों को रोकने के निर्देश दिए गए। साथ ही आम जनता के बीच उत्पन्न हो रहे पैनिक की स्थिति को समाप्त करने पर बल दिया गया। विकास आयुक्त ने कालाबाजारी एवं जमाखोरी पर सख्ती से रोक लगाने तथा गैस एजेंसियों पर विधि-व्यवस्था के संधारण एवं उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए आवश्यकतानुसार दंडाधिकारी एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति करने के निर्देश भी दिए। बैठक में यह भी उल्लेख किया गया कि ओटीपी प्राप्त नहीं होने के कारण कुछ उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर प्राप्त करने में कठिनाई हो रही है। इस समस्या के समाधान के लिए उच्चस्तरीय स्तर पर विचार किया जा रहा है, ताकि उपभोक्ताओं को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। जिला प्रशासन द्वारा आम नागरिकों से अपील की गई है कि किसी भी प्रकार की भ्रामक सूचना या अफवाहों पर ध्यान न दें तथा आवश्यकता के अनुरूप ही गैस सिलेंडर की बुकिंग करें। जिला में एलपीजी गैस की पर्याप्त उपलब्धता है।

# गेहूं की कटाई के बाद खाली खेत में करें गरमा फसल की खेती

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** प्रखंड मुख्यालय परिसर में गुरुवार को जिला स्तरीय एकदिवसीय प्रशिक्षण सह किसान गोष्ठी कार्यक्रम (गरमा) का आयोजन किया गया। इस दौरान कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को पारंपरिक खेती के साथ उन्नत तकनीक से गरमा फसल (मूंग, मूंगफली, उड़द) की खेती करने की जानकारी दी। कृषि वैज्ञानिक अनूप चौबे ने कहा कि बदलते मौसम की समझ और वैज्ञानिक तरीकों से कम पानी में भी अधिक उत्पादन किया जा सकता है। उन्होंने गेहूं की कटाई के बा9ञद गरमा फसल की खेती तथा फार्मर आईडी बनवाने पर जोर दिया। डॉ. चौबे ने कहा कि फार्मर आईडी के माध्यम से किसानों का डिजिटल पहचान मिलेगी। सरकार द्वारा दी जाने वाली सुविधाएं अब किसानों तक सीधे पहुंचेगी। प्रशिक्षण में प्रखंड कृषि पदाधिकारी दीपक, आत्मा अध्यक्ष ब्रजकिशोर मेहता, प्रखंड कोऑर्डिनेटर, किसान सलाहकार और सैकड़ो किसानों ने शामिल थे।





**पूर्व रेलवे**

वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/(सामान्य), पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, रिमोट कंट्रोल बिल्डिंग, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए नीचो उल्लोखिता ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **क्रमांक 1, निविदा सं.: ईएलईजी-ओटी-1290-2025-26, दिनांक 11.03.2026, कार्य का विवरण:** सियालदह स्टेशन से यात्रा आरम्भ करने वाली ट्रेनों में एसी के संचालन, समस्या निवारण के लिए एसी कोचों में एस्कर्टिंग ड्युटी, अभिलेख रखने, एचओजी तथा अन्य कपलिंग को जोड़ने तथा अलग करने, एसी एवं नॉन एसी कोचों में रेलमदद के संबंध में ध्यान देने, रेलवे प्राधिकारियों के साथ संचार तथा मार्ग में आवश्यकता पड़ने पर ओईडी को सहायता प्रदान करने के लिए 1 वर्ष के लिए आउटसोर्सिंग द्वारा कुशल एवं इसके गैर-कुशल कर्मियों की सहायता प्रदान करना। **क्रमांक 2, निविदा सं.: ईएलईजी-ओटी-1302-2025-26, दिनांक 11.03.2026, कार्य का विवरण:** बीईबी (पीएफ-1 एवं आईलैंड पीएफ-2/3), आरईजे (पीएफ-1 एवं आईलैंड पीएफ-2/3), जेजेजी (पीएफ-1), बीक्यूजी (पीएफ-1 एवं पीएफ-2), बीपीसी (पीएफ-1 एवं आईलैंड पीएफ-2/3), डीईबी (पीएफ-1 एवं आईलैंड पीएफ-2/3), एनएच (आईलैंड पीएफ-2/3 एवं आईलैंड पीएफ-4/5) एवं बीपी (पीएफ-4 एवं पीएफ-3) में प्लेटफॉर्म का विस्तार। **क्रमांक 3, निविदा सं. ईएलईजी-ओटी-1303-2025-26, दिनांक 11.03.2026, कार्य का विवरण:** एसएसई/विद्युत/जी/आरएचए एवं एनएच के अधिकार क्षेत्र के अधीन विद्युतीय सामान्य विभाग के रखरखाव के अंतर्गत मौजूदा विभिन्न विद्युतीय सम्पत्तियों का मजबूतीकरण। **निविदा मूल्य:** रु. 11,17,40,890.12 (क्रमांक 1 के लिए), रु. 1,93,83,522/- (क्रमांक 2 के लिए) तथा रु. 53,48,269.60 (क्रमांक 3 के लिए)। **बयाना राशि:** रु. 7,08,700/-(क्रमांक 1 के लिए), रु. 2,46,900/- (क्रमांक 2 के लिए) एवं 1,07,000/- (क्रमांक 3 के लिए)। **समापन अवधि:** 12 महीने (क्रमांक 1 के लिए), 9 महीने (क्रमांक 2 के लिए) एवं 6 महीने (क्रमांक 3 के लिए)। **बोली शुरू होने की तारीख:** 19.03.2026 (क्रमांक 1 के लिए) एवं 24.03.2026 (क्रमांक 2 एवं 3 के लिए)। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 02.04.2026 को 14.00 बजे (क्रमांक 1 के लिए) तथा 07.04.2026 को 14.00 बजे (क्रमांक 2 एवं 3 के लिए)। निविदा सूचना का विवरण एवं समय-समय पर जारी संशोधनी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

(SDAH-435/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस अथवा अन्य किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के साथ पंजीकृत सहित समतुल्य प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं वांछित वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से निम्नलिखित ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं : सीनि. डीईएन/1/हावड़ा। **क्रमांक 1, एनआईटी सं.: 292_2025-26, दिनांक 10.03.2026, कार्य का विवरण:** सीनि. डीईएन/1/एचडब्ल्यूएच के अधीन एईएन/एलएलएच के अधिकार क्षेत्र के अधीन एसएचई-जीओजीटी: एसएल-37.900-38.500, 42.000-42.700, एसएचई-जीओजीटी: एसएल- 62.495-63.265 लोकेशनों में रिटेनिंग वॉल के निर्माण के साथ अन्य आनुषंगिक कार्य। **अनुमानित लागत:** रु. 2,94,87,700.12; **बयाना राशि:** रु. 2,97,400। **क्रमांक 1, एनआईटी सं.: 293 _ 2025-26, दिनांक 10.03.2026, कार्य का विवरण:** सीनि. डीईएन/1/एचडब्ल्यूएच के अधीन एईएन/एलएलएच के अधिकार क्षेत्र के अधीन बीएलवाई-बीडीसी अप2 20.350-21.000, डाउन 20.350-21.000 लोकेशनों में रिटेनिंग वॉल के निर्माण के साथ अन्य आनुषंगिक कार्य। **अनुमानित लागत:** रु. 2,06,53,671.35; **बयाना राशि:** रु. 2,53,300। **निविदा प्रपत्र की कीमत:** दोनों के लिए शून्य। **समापन अवधि:** दोनों के लिए 9 महीने। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 25.03.2026 को 14.00 बजे। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लेखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी का दिन/बंद/हड़ताल घोषित होने पर भी ऑनलाइन निविदा बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में एप्लीकेशन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत कोई भी प्रस्ताव जमा करने की अनुमति नहीं देती है। हालांकि, ऑनलाइन निविदा अगले कार्यकारी दिवस को खोली जाएगी। निविदाओं का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अपने प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। ई-निविदा से संबंधित बयाना राशि जमा (ईएमडी) तथा निविदा दस्तावेज की कीमत का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग अथवा पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

(HWH-684/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **ww.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


**फार्मेट-सी-2**

**(राजनैतिक दलों के लिए वेबसाइट, समाचार-पत्रों/टी वी में प्रकाशन हेतु)**

दल द्वारा खड़े किये गये अभ्यर्थियों के आपराधिक पूर्ववृत के बारे में घोषणा

(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) संख्या-536 (पब्लिक इंटरेस्ट फाउंडेशन एवं अन्य बनाम भारत संघ एवं अन्य) में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितम्बर, 2018 के निर्णय के अनुसार)

राजनीतिक दल का नाम : **राष्ट्रीय लोक मोर्चा**

निर्वाचन क्षेत्र का नाम : **राज्यसभा**

राज्य का नाम : **बिहार**

| 1 | 2 | 3 | 4 | | 5 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र. सं. | अभ्यर्थी का नाम | निर्वाचन क्षेत्र का नाम | (क) लंबित आपराधिक मामले | | आपराधिक मामलों के लिए दोषसिद्धि के लिए मामलों के संबंध में विवरण | | |
| | | | न्यायालय का नाम मामले सं एवं मामलों की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धाराएं एवं अपराध का संक्षिप्त विवरण | न्यायालय का नाम, आदेश की तारीख | अपराध और अधिरोपित किये गये दण्ड का विवरण | अधिकतम अधिरोपित दण्ड |
| 1 | उपेन्द्र कुशवाहा | **बिहार से राज्यसभा के लिए वर्ष 2026 में होने वाला द्विवार्षिक चुनाव** | ए सी जे एम-1, पटना एमपी/एमएलए/एमएलसी न्यायालय, पटना कोतवाली पटना कांड संख्या 83/20 | भारतीय दंड संहिता की धारा 147, 148,149,188,341,342,323, 353, 504, 506 सरकारी कार्य में बाधा डालना, यातायात बाधित करना, निषेधाज्ञा का उल्लंघन | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 2 | | | ए सी जे एम-1, पटना एमपी/एमएलए/एमएलसी न्यायालय, पटना गांधी मैदान पटना कांड संख्या 241/20 | भारतीय दंड संहिता की धारा 269,270,188,143,145 एवं महामारी रोग अधिनियम, 1897 की धारा 03 सरकारी कार्य में बाधा डालना, यातायात बाधित करना, निषेधाज्ञा का उल्लंघन कोरोना प्रोटोकॉल का उल्लंघन | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 3 | | | प्रथम श्रेणी न्यायालय, सासाराम करगहर (रोहतास) कांड संख्या 206/20 | भारतीय दंड संहिता की धारा 188 एवं आपदा प्रबंधन अधिनियम की धारा 51 सरकारी कार्य में बाधा डालना, यातायात बाधित करना, कोरोना प्रोटोकॉल का उल्लंघन | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 4 | | | ए सी जे एम-1, पटना एमपी/एमएलए/एमएलसी न्यायालय, पटना कोतवाली पटना कांड संख्या 91/19 | भारतीय दंड संहिता की धारा 147,148,149,188,352,341 ,342, 323, 332, 353, 506, 427 सरकारी कार्य में बाधा डालना, यातायात बाधित करना, निषेधाज्ञा का उल्लंघन | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 5 | | | ए सी जे एम-1, पटना एमपी/एमएलए/एमएलसी न्यायालय, पटना कोतवाली पटना कांड संख्या 1126/19 | भारतीय दंड संहिता की धारा 147, 149, 188, 341, 342, 504, 505, एवं ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) कानून की धारा 09 सरकारी कार्य में बाधा डालना, यातायात बाधित करना, निषेधाज्ञा का उल्लंघन, लाउडस्पीकर प्रयोग संबंधित | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 6 | | | ए सी जे एम, दानापुर बिहटा, पटना कांड संख्या 1059/19 | भारतीय दंड संहिता की धारा 147,149,188, 363, 34 सरकारी कार्य में बाधा डालना, यातायात बाधित करना, निषेधाज्ञा का उल्लंघन | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 7 | | | ए सी जे एम-1, मुजफ्फरपुर मीनापुर( मुजफ्फरपुर) कांड संख्या 201/19 | भारतीय दंड संहिता की धारा 188 एवं जनप्रतिनिधत्व अधिनियम की धारा 126 सरकारी कार्य में बाधा डालना, चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |

राज्य सभा के निर्वाचन या विधान सभा सदस्यों द्वारा, विधान परिषद के निर्वाचन के मामले में, निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख करें।

# प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के ऋण वितरण में रोहतास जिला राज्य में दूसरे स्थान पर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सासाराम।** विभागीय निदेशानुसार जिला उद्योग केंद्र रोहतास के सभागार में ऋण वितरण हेतु मेगा कैम्प का आयोजन किया गया जिसमें प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उधम उन्नयन योजना के लाभुकों को रोहतास जिला के विभिन्न बैंकों द्वारा ऋण वितरण किया गया। बैठक में उद्योग विभाग के संयुक्त सचिव, राज कुमार यादव द्वारा भाग लिया गया। इसके अतिरिक्त महाप्रबंधक आशीष रंजन, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक शैलेश कुमार, परियोजना प्रबंधक दिलीप कुमार, बैंकों के वरीय अधिकारी, उद्योग विस्तार पदाधिकारी एवं जिला संसाधन सेवी कार्यक्रम में शामिल हुए। इस मेगा कैम्प में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के 3 लाभुकों को कुल 35 लाख की राशि स्वीकृत किया गया। इसी प्रकार प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम योजना में कुल 28 लाभुकों को कुल 1 करोड़ 89 लाख की राशि को स्वीकृत किया गया तथा 13 लाभुक के बीच कुल 78 लाख वितरित की गई। इस प्रकार आज के इस मेगा कैम्प में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम योजना में कुल 44 लाभुकों के बीच 302.56 लाख रुपया की राशि का स्वीकृत /वितरण किया गया। इस अवसर पर संयुक्त सचिव उद्योग विभाग द्वारा जिला उद्योग केंद्र की योजनाओं की समीक्षा की गई एवं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना अंतर्गत ऋण वितरण में रोहतास जिला राज्य में दूसरे स्थान पर होने के कारण जिला उद्योग केंद्र रोहतास के पदाधिकारियों एवं बैंकों के अधिकारियों को धन्यवाद दिया गया।

# नीतीश कुमार के नेतृत्व में आगे बढ़ेगा बिहार : बैरिस्टर सिंह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** जदयू के प्रवक्ता, रोहतास व वरिष्ठ अधिवक्ता नीतीश कुमार के करीबी माने जाने वाले बैरिस्टर सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने समाजवादी विचारक राम मनोहर लोहिया के विचारों से प्रेरित होकर राज्य में विकास की योजनाएं बनाई और पिछले करीब 20 वर्षों में लगातार विकास के लिए काम किया है जिसके परिणाम आज पूरे बिहार में दिखाई दे रहे हैं।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बिहारियों के दिलों में राज करते हैं और उनके मार्गदर्शन में ही सरकार आगे भी चलती रहेगी। जातीय समीकरणों और जनता की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली राजनीति सफल नहीं होगी। साथ ही उन्होंने कहा कि कुछ लोग चमचागिरी की हद पार कर रहे हैं, जो ठीक नहीं है।

राज्यसभा सदस्य बनने की चर्चा पर उन्होंने कहा कि आगे क्या होता है, यह समय बताएगा। पाटलिपुत्र की धरती एक बार फिर इतिहास दोहराएगी और इसके सूत्रधार नीतीश कुमार ही होंगे। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के मुख्यमंत्री बनने की संभावना पर पूछे गए सवाल के जवाब में बैरिस्टर सिंह ने कहा कि यदि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की इच्छा होगी तो इसमें किसी को कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। हालांकि अभी तक उन्होंने मुख्यमंत्री पद छोड़ने की बात नहीं कही है।

उन्होंने यह भी कहा कि संभव है कि नीतीश कुमार राज्यसभा सदस्य बनें, लेकिन मुख्यमंत्री पद पर बने रहें। इसलिए जल्दबाजी में निष्कर्ष निकालने के बजाय इंतजार करना चाहिए। बैरिस्टर सिंह ने दावा किया कि नीतीश कुमार 2025 से 2030 तक भी सरकार का नेतृत्व कर सकते हैं और जिस तरह वे अब तक कई बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ले चुके हैं, उसी तरह 11वीं बार भी जदयू के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण कर सकते हैं।

# कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में सखी वार्ता कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**सासाराम।** कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय डिहरी में बुधवार को 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' के तहत 'सखी वार्ता' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महिला एवं बाल विकास निगम, रोहतास के अगुआई में किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किशोरियों को उनके संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूक करना और समाज में बालिकाओं की शिक्षा एवं सुरक्षा को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम के जरीय यह बताया गया कि हिंसा से पीड़ित महिलाओं को एक ही छत के नीचे 24 गुणे 7 सहायता प्रदान करता है जिसमें चिकित्सा, कानूनी सहायता, पुलिस सहायता और अस्थाई आश्रय शामिल है। मिशन शक्ति के तहत संचालित महिलाओं को यह केंद्र शारीरिक हो या घरेलू हिंसा, सरकार सुरक्षा, सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता के लिए तत्काल सहायता प्रदान करती है। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को 181 एवं 112 के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। सखी वार्ता के माध्यम से छात्राओं ने शिक्षा, करियर और सामाजिक सुरक्षा से जुड़े अपने अनुभवों और चुनौतियों को साझा किया। विद्यालय परिसर को प्रेरक पोस्टरों और नारों से सजाया गया था जिससे छात्राओं में उत्साह का संचार हुआ।

# दो दिनों में तीन बाइकों की चोरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** नगर थाना क्षेत्र से अज्ञात अपराधियों ने दो दिनों के दौरान तीन बाइक की चोरी कर लिया। पुलिस के अनुसार पाली रोड स्थित एक मॉल के पास से अज्ञात अपराधियों ने बुधवार शाम बाइक की चोरी कर ली। पुलिस के अनुसार न्यू एरिया निवासी उपेंद्र कुमार सिन्हा अपने भाई विकास कुमार की बाइक बी आर 26 जी 6406 लेकर मार्केटिंग के लिए मॉल में गए थे। लौटे तो बाइक गायब थी। चोरी की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। वही स्टेशन रोड स्थित सब्जी मंडी के पास से औरंगाबाद जिले के माली थाना के सोनवारा निवासी अखिलेश गुप्ता की बाइक चोरी हो गई। वे अपनी बाइक बी आर 24 एम 8706 खड़ी कर सब्जी खरीदने गए थे। इधर, तारबंगला निवासी ओम प्रकाश सिंह की बाइक बी आर 24 वी 6110 की अज्ञात अपराधियों ने मंगलवार को चोरी कर लिया। इस संबंध में उनके पुत्र सोनू कुमार ने प्राथमिकी किया है। गत बीस दिनों के दौरान 15 से अधिक बाइक चोरी की घटना से वाहन मालिकों में भय व्याप्त है। एसपी रौशन कुमार के अनुसार थानाध्यक्ष को बाइक चोरी की घटनाओं पर त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है।

# बिहार में पहली बार होगी डिजिटल जनगणना, प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू


**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**भभुआ।** बिहार के कैमूर (भभुआ) जिले में आज से आगामी जनगणना 2027 की तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो गई हैं। जिलाधिकारी-सह-प्रधान जनगणना पदाधिकारी की अध्यक्षता में समाहरणालय के मुण्डेश्वरी सभाकक्ष में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस बार की जनगणना की सबसे बड़ी विशेषता इसका डिजिटल होना है। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि जनगणना का कार्य मुख्य रूप से दो चरणों में विभाजित किया गया है। स्वगणना में आगामी 17 अप्रैल से 1 मई तक कोई भी व्यक्ति स्वेच्छा से ऑनलाइन माध्यम से अपनी गणना स्वयं कर सकता है। इसके बाद घर-घर गणना आगामी 2 मई से 31 मई तक प्रगणक और पर्यवेक्षक मोबाइल ऐप के जरिए घर-घर जाकर मकान सूचीकरण और गणना का कार्य संपन्न करेंगे। मकान सूचीकरण के प्रथम चरण में नागरिकों से कुल 33 प्रकार के प्रश्न पूछे जाएंगे। जनगणना निदेशालय, बिहार पटना के राज्य स्तरीय प्रशिक्षकों नीरज कुमार सिंह और गंगेश कुमार द्वारा डिजिटल माध्यम से इस कार्य को पूरा करने का तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया। इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में जनगणना 2027 का परिचय, कानूनी प्रावधान, मानव संसाधन प्रबंधन और आम जनता के बीच इसके महत्व के प्रचार-प्रसार पर विस्तृत चर्चा की गई। जिले में वर्तमान में कुल 11 ग्रामीण और 5 शहरी चार्ज निर्धारित किए गए हैं। प्रशिक्षण में उपविकास आयुक्त, अपर समाहर्त्ता, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी सहित जिले के सभी प्रमुख विभागों के पदाधिकारी, अनुमण्डल पदाधिकारी (भभुआ/मोहनियां) और सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों ने भाग लिया।

# खुशनसीब को नसीब होता है रमजान का मुबारक महीना : बाबू अंसारी

**मदन कुमार / नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** खुशनसीब लोगों को ही रमजान का मुबारक महीना नसीब होता है। उक्त बातें रमजान में रोजा रखने वाले मो. अलीमुद्दीन अंसारी उर्फ बाबू अंसारी ने कही। उन्होंने कहा कि इस पवित्र माह में अल्लाह ताला अपनी पूरी रहमत बरसाते हैं। इस महीने में सभी सुख-सुविधाओं और अपनी पसंदीदा चीजों का त्याग कर अल्लाह की इबादत में खुद को मशगूल रखना हर मुसलमान का उद्देश्य होता है।

उन्होंने कहा कि हजरत मोहम्मद साहब को कुरान पाक का संदेश इसी महीने में प्राप्त हुआ था। उसी रोशनी में जीवन व्यतीत करना और उसकी हिदायतों का पालन करते हुए उसे अपने दिल और दिमाग में उतारना हर सच्चे मुसलमान का फर्ज है। उन्होंने कहा कि परवरदिगार की यह पाक किताब किसी एक नस्ल, वर्ग या मजहब के लिए नहीं है, बल्कि उन सभी लोगों के लिए है जो इंसानियत, नेकी और ईमान पर विश्वास रखते हैं। कुरान इंसानों को पक्षपात रहित समाज के निर्माण की प्रेरणा देता है।

रमजान में हर वर्ष रोजा रखने वाले अधिवक्ता व पत्रकार मो. तस्लीमुल हक ने बताया कि पवित्र कुरान में तीस पारों (अध्याय) का वर्णन है और रमजान के दौरान तीस दिनों में नियमपूर्वक प्रतिदिन कुरान पढ़ा जाता है। उन्होंने कहा कि रोजाना अदा की जाने वाली पांच वक्त की नमाज के अलावा इस महीने में विशेष रूप से तरावीह की नमाज भी पढ़ी जाती है।

उन्होंने बताया कि रमजान की सत्ताइसवीं रात को बेहद मुकद्दस माना जाता है जिसे शब-ए-कद्र कहा जाता है। शब-ए-कद्र का अर्थ है वह रात जिसकी कद्र की जाए। इस रात की इबादत का दर्जा हजार रातों की इबादत के बराबर माना गया है और लोग पूरी रात जागकर अल्लाह की इबादत करते हैं।

वरिष्ठ पत्रकार मो. इमरान ने कहा कि इस महीने में रोजा रखकर और सांसारिक इच्छाओं पर नियंत्रण रखकर खुदा को खुश किया जा सकता है। रोजा पारसी शब्द है और अरबी भाषा में इसे सियाम कहा जाता है। इसका अर्थ है परहेज करना और खुद को बुराइयों से दूर रखते हुए अल्लाह के हवाले कर देना। उन्होंने कहा कि रोजा इसलिए फर्ज किया गया है ताकि इंसान को भूख और प्यास का महत्व समझ में आए और वह जरूरतमंदों की मदद कर सके। इस्लाम का पैगाम है कि अगर अल्लाह की सच्ची इबादत करनी है तो उसके सभी बंदों से प्यार करो और हमेशा उनकी मदद करो। रमजान के इस पवित्र महीने में मुस्लिम समाज के साथ-साथ हिंदू समुदाय के लोग भी दावत-ए-इफ्तार का आयोजन कर भाईचारे की मिसाल पेश करते हैं।

## रमजान और ईद पर किए वस्त्र दान से बरसती है अल्लाह की रहमत : अख्तर अंसारी



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** पवित्र रमजान माह और ईद के अवसर पर समाजसेवी नवाब अख्तर अंसारी 'पानी वाले' द्वारा जरूरतमंद लोगों के बीच वस्त्र दान किया गया। इस दौरान उन्होंने मो. अलीमुद्दीन अंसारी उर्फ बाबू अंसारी सहित दर्जनों लोगों को ईद पर्व पर पहनने के लिए सभी आवश्यक कपड़े भेंट किए। इस मौके पर अख्तर अंसारी ने कहा कि रमजान का महीना रहमत और बरकत का महीना होता है। इस पवित्र माह में दान-पुण्य करने से अल्लाह की रहमत बरसती है।

# लॉ की छात्रा ने पंखे से लटक की आत्महत्या

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** प्रखंड क्षेत्र के जमुहार स्थित गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के लॉ कॉलेज की एक छात्रा ने हॉस्टल में गुरुवार को पंखे से लटक कर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि लॉ के पांचवें सेमेस्टर की छात्रा प्रियंका आज क्लास करने नहीं गई थी। दोपहर में जब उसकी रूम की छात्राएं पहुंची तो दरवाजा बंद था। ताक- झांक करने पर उसे पंखे में लटकते देखा। इसकी सूचना अपने विभाग को दी गई। पुलिस की मौजूदगी में कमरे का ताला तोड़ा गया। उसके कमरे से सोसाइडल नोट भी बरामद होने की बात चर्चा में है, लेकिन पुलिस अभी कुछ भी बता नहीं रही है। थानाध्यक्ष नितेश कुमार के अनुसार मृत छात्रा कैमूर जिले के चांद थाना क्षेत्र के बेरी पेरियार गांव की निवासी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सासाराम भेज दिया है।

# शिविर में 11 उद्यमियों को 78 लाख रुपये के ऋण स्वीकृत



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** कैमूर जिले के उद्यमियों को स्वावलंबी बनाने और स्वरोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा गुरुवार को कलेक्ट्रेट स्थित मुण्डेश्वरी सभागार में विशेष ऋण कैंप का आयोजन किया गया। डीडीसी दिव्या शक्ति की अध्यक्षता में आयोजित इस कैंप में उद्योग विभाग की विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं के तहत ऋण आवेदनों की स्वीकृति और भुगतान की प्रक्रिया पूरी की गई।

शिविर के दौरान विभिन्न बैंकों के द्वारा कुल 11 आवेदनों को मंजूरी देते हुए 78 लाख रुपये की ऋण राशि स्वीकृत की गई। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत चार आवेदकों को कुल 30 लाख, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के तहत खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र को मजबूती देने के लिए सात आवेदनों को कुल 48 लाख रुपये की ऋण स्वीकृति प्रदान की गई। इस दौरान डीडीसी ने बैंकों को निर्देश देते हुए कहा कि वित्तीय वर्ष की समाप्ति 31 मार्च से पहले निर्धारित लक्ष्यों को शत-प्रतिशत प्राप्त करना सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिकारियों को लंबित आवेदनों के त्वरित निष्पादन और ऋण वितरण में तेजी लाने को कहा, ताकि अधिक से अधिक युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ा जा सके।

# शादी समारोह का सामान लाने निकले युवक की सड़क हादसे में मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** शहर के डिहरी बिक्रमगंज रोड में रेलवे फाटक के पास भीषण सड़क दुर्घटना में बाइक सवार एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। दुर्घटना में अमृत युवक का नाम मोहन प्रसाद उम्र 24 वर्ष बताया जाता है जबकि एक अन्य बाइक सवार राजू कुमार घायल बताया जाता है। मोहन प्रसाद बिक्रमगंज शहर के श्यामनगर निवासी दिनेश प्रसाद उर्फ पयहारी जी का पुत्र था। घटना के संबंध में बताया जाता है कि दोनों शादी समारोह के लिए सामग्री खरीदने गए थे और सामग्री लेकर घर लौट रहे थे, तभी यह दुर्घटना हुई। स्थानीय लोगों ने पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मवेशी लदे ट्रक को जब्त कर लिया। थानाध्यक्ष ललन कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेजा गया है। सभी मवेशियों को गौ सेवा केंद्र सासाराम भेज दिया गया है। इस मामले में ट्रक चालक और मालिक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मवेशियों के संबंध में भी जानकारी जुटाई जा रही है।हादसे से स्थानीय लोगों में आक्रोश है। लोगों का कहना है कि रेलवे क्रॉसिंग के पास अक्सर तेज रफ्तार से वाहन गुजरते हैं, जिससे हादसे होने का खतरा बना रहता है।

# हेरोइन के साथ तस्कर गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** बिक्रमगंज थाना क्षेत्र के धनगाईं में उत्पाद विभाग ने गुरुवार शाम एक बड़ी कार्रवाई की। यहां से 14 ग्राम हेरोइन के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। उनके पास से हेरोइन की बिक्री के 17,650 रुपये नकद भी बरामद किए गए। पकड़े गए तस्करों की पहचान राकेश सिंह (36 वर्ष) और छोटेलाल (27 वर्ष) के रूप में हुई है। दोनों धनगाई वार्ड नंबर-07 के रहने वाले हैं। उत्पाद निरीक्षक अजीत कुमार ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि धनगाई नहर के पास राकेश सिंह अवैध शराब बेच रहा है। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर दोनों को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान राकेश सिंह के पास से हेरोइन और नकद रुपये बरामद हुए।


## जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका आम)-सह-उपायुक्त, गढ़वा (व्यय अनुश्रवण कोषांग)

### प्रेस विज्ञप्ति

गढ़वा नगरपालिका (आम) निर्वाचन–2026 हेतु राज्य निर्वाचन आयोग के निदेशों एवं नगरपालिका निर्वाचन 2026 निर्वाचन व्यय के अनुश्रवण हेतु हस्तपुस्तिका के अध्याय 16 की कण्डिका 16.4 एवं 6.6 में निहित अनुदेशों के आलोक में अभ्यर्थियो / निर्वाचन के दौरान प्रचार–प्रसार एवं अन्य दैनिक व्यय का संधारित लेखा परिणाम की घोषणा के 30 दिनों के भीतर दाखिल किया जाना है। निर्वाचन व्ययों का लेखा जमा करने के अंतिम तिथि के एक सप्ताह के भीतर सभी अभ्यर्थियो / निर्वाचन अभिकर्ताओं तथा लेखा प्राप्ति से जुड़े कर्मियों के लिए एक दिवसीय सरलीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम (Facilitation Training Programme) आयोजित करने का प्रावधान है। उक्त के आलोक में सरलीकरण प्रशिक्षण निम्नवत् निर्धारित की जाती है।

| क0सं0 | पद | तिथि एवं समय | स्थान |
|---|---|---|---|
| 1 | गढ़वा नगर परिषद(वर्ग–ख) अध्यक्ष एवं वार्ड पार्षद के सभी अभ्यर्थी | 17.03.2026 पूर्वाह्न 11:00 से 1:00 बजे अपराह्न तक | प्रखण्ड कार्यालय गढ़वा सभाकक्ष में |
| 2 | मंझिऑव नगर पंचायत अध्यक्ष एवं वार्ड पार्षद के सभी अभ्यर्थी | 17.03.2026 पूर्वाह्न 11:00 से 1:00 बजे अपराह्न तक | प्रखण्ड कार्यालय मंझिऑव सभाकक्ष में |
| 3 | श्री बंशीधर नगर पंचायत अध्यक्ष एवं वार्ड पार्षद के सभी अभ्यर्थी | 17.03.2026 पूर्वाह्न 11:00 से 1:00 बजे अपराह्न तक | प्रखण्ड कार्यालय श्रीबंशीधर नगर सभाकक्ष में |

**अभ्यर्थियो द्वारा संधारित निर्वाचन व्यय पंजी की अंतिम जाँच तिथि**

| क0सं0 | पद | तिथि एवं समय | स्थान |
|---|---|---|---|
| 1 | गढ़वा नगर परिषद (वर्ग–ख) अध्यक्ष एवं वार्ड पार्षद के सभी अभ्यर्थी | 19.03.2026 पूर्वाह्न 10:00 से 5:00 बजे अपराह्न तक | प्रखण्ड कार्यालय गढ़वा सभाकक्ष में |
| 2 | मंझिऑव नगर पंचायत अध्यक्ष एवं वार्ड पार्षद के सभी अभ्यर्थी | 19.03.2026 पूर्वाह्न 10:00 से 5:00 बजे अपराह्न तक | प्रखण्ड कार्यालय मंझिऑव सभाकक्ष में |
| 3 | श्री बंशीधर नगर पंचायत अध्यक्ष एवं वार्ड पार्षद के सभी अभ्यर्थी | 19.03.2026 पूर्वाह्न 10:00 से 5:00 बजे अपराह्न तक | प्रखण्ड कार्यालय श्री बंशीधर नगर सभाकक्ष में |

सभी अभ्यर्थी / निर्वाचन अभिकर्ता व्यय पंजी निरीक्षण की अंतिम निर्धारित तिथि को निर्वाचन के दौरान प्रचार–प्रसार एवं अन्य दैनिक व्यय के साथ मतगणना तिथि तक व्यय राशि को अपने लेखा पंजी में विधिवत् संधारित कर मूल अभिश्रवों (Vouchers) बैंक खाता के अद्यतन विवरणी एवं सार विवरणी भाग (I से VI) के साथ जाँच स्थल पर उपस्थित रहकर निरीक्षण कराना सुनिश्चित करेंगे।

संबंधित सहायक व्यय प्रेक्षक अंतिम जाँच तिथि को अभ्यथियों के दैनिक निर्वाचन व्यय लेखा का गहन एवं सम्यक जाँच के क्रम में छायाप्रेक्षण पंजी (Shadow Observation register) से मिलान कर विहित प्रपत्र में प्रतिवेदन कोषांग के नोडल पदाधिकारी के समक्ष उसी दिन समर्पित करेंगे तथा समेकित प्रतिवेदन अधोहस्ताक्षरी, समान्य प्रेक्षक एवं व्यय प्रेक्षक को समर्पित कराना सुनिश्चित करेंगे।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी–(नगरपालिका) सह–उपायुक्त,गढ़वा।

PR.NO.374876 Election(25-26):D



## JHARKHAND BIJLI VITRAN NIGAM LIMITED
**(CIN No. U40108JH2013SGC001702)**
Electric Supply Circle, Daltonganj

### Very Short Tender Notice

Sealed Tender in two Part (Part – I Technical and commercial and Part – II Price part) subscribed on sealed envelope with Lah are invited from the reputed tenderers having good experience of following same type of civil works and having sound financial status.

| Sl. No | NIT No. | Name of the works | Estimated cost in (Rs.) | Time for completion (Day) | Earnest money to be deposited in (Rs.) | Cost of BOQ (Non-Refundable in (Rs.) | Late date and time for submission of tender | Date and time for opening of Tender |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 428/PR/ JBVNL/ 2025-26 | Repair and maintenance of F type quarter one block (Qtr No. F-1 to F-4) at Sudna under Electric Supply Circle, Daltonganj | 936950/– | (03) Three Months | 19000.00 | 1276.00 (Including 18% GST ) | 23/03/2026 upto 03:00 PM | 23/03/2026 at 03:30 PM |

The tender documents can be purchased from the office of the undersigned from any working day till one day before the date of submission of tender in office working hours after depositing cost of B.O.Q. (Non-refundable) with Accounts officer, Electric Supply circle, Daltonganj in shape of Bank draft.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
Electrical Superintending Engineer,
Electric Supply Circle, Daltonganj

PR 374939 (Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd)25-26*D



## JHARKHAND BIJLI VITRAN NIGAM LIMITED
**(CIN No. U40108JH2013SGC001702)**
**Electric Supply Circle, Daltonganj**

### Very Short Tender Notice

Sealed Tender in two Part (Part – I Technical and commercial and Part – II Price part) subscribed on sealed envelope with Lah are invited from the reputed tenderers having good experience of following same type of civil works and having sound financial status.

| Sl. No | NIT No. | Name of the works | Estimated cost in (Rs.) | Time for completion (Day) | Earnest money to be deposited in (Rs.) | Cost of BOQ (Non-Refundable in (Rs.) | Late date and time for submission of tender | Date and time for opening of Tender |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 427/PR/ JBVNL/ 2025-26 | Repair and maintenance of Control Room Building and and allied civil works at 33/11 KV P/S/S, Mahuadar under Electric Supply Circle, Daltonganj | 943800/– | (03) Three Months | 19000.00 | 1276.00 (Including 18% GST ) | 24/03/2026 upto 03:00 PM | 24/03/2026 at 03:30 PM |

The tender documents can be purchased from the office of the undersigned from any working day till one day before the date of submission of tender in office working hours after depositing cost of B.O.Q. (Non-refundable) with Accounts officer, Electric Supply circle, Daltonganj in shape of Bank draft.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
Electrical Superintending Engineer,
Electric Supply Circle, Daltonganj

PR 374931 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd(25-26)D

# डीएम ने कई विभागों के प्रधान सहायकों का वेतन किया स्थगित

## जिला समन्वय समिति की बैठक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**भागलपुर।** जिलाधिकारी डॉ. नवल चौधरी की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति की बैठक गुरुवार को आयोजित की गई। जिला समाहरणालय में आयोजित इस बैठक में जिला पंचायत राज पदाधिकारी ने बताया कि कई अंचलों में पंचायत सरकार भवनों के लिए अभी भी जमीन नहीं मिली है। जिलाधिकारी ने समय से अपने नियंत्री पदाधिकारी को अवगत नहीं कराने के लिए भागलपुर सदर एवं नवगछिया के अनुमंडल कार्यालय एवं भूमि सुधार उपसमाहर्ता कार्यालय के प्रधान सहायक का वेतन स्थगित कर दिया तथा संबंधित नियंत्री पदाधिकारी को उन प्रधान सहायक से स्पष्टीकरण मांगने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री कन्या विवाह मंडप के लिए आठ स्थलों पर जमीन अभी भी नहीं मिली है। जिलाधिकारी ने इसे अति शीघ्र जमीन उपलब्ध कराने का निर्देश संबंधित अंचलाधिकारी को दिया। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने बताया कि पीएम श्री स्कूल योजना के तहत 25 विद्यालयों को चिन्हित किया गया है। इनको छोड़कर प्रत्येक प्रखंड में एक आदर्श विद्यालय बनाया जाएगा। इसके लिए कार्रवाई जारी है। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने बताया कि 30 विद्यालयों के लिए जमीन अपेक्षित है। जिलाधिकारी ने कहा कि यह सभी मुझे प्रखंड समन्वय समिति की बैठक में क्यों नहीं रखी गई। संबंधित प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी से स्पष्टीकरण की मांग की गई। स्वास्थ्य विभाग को सदर अस्पताल में भी संस्थागत प्रसव करने के निर्देश दिए गए। जिला ग्रामीण विकास अभिकरण के निदेशक ने प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण योजना के संबंध में बताया कि 95% उपलब्धि प्राप्त है। कुछ प्रखंडों द्वारा आवास के सत्यापन का कार्य लंबित है। जिलाधिकारी ने संबंधित प्रखंडों को तीन दिनों का समय देते हुए शत-प्रतिशत आवास सत्यापन कर लेने का निर्देश दिया। बैठक में मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना, लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान की भी समीक्षा की गई। प्रखंडों/पंचायतों में नए खेल के मैदान के संबंध में बताया गया कि 126 में से 39 खेल मैदान के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त हो गया है। जिलाधिकारी ने सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को अपने प्रखंड विकास पदाधिकारी के माध्यम से एनओसी भेजने का निर्देश दिया। बैठक में राष्ट्रीय फसल सर्वे, ऑनलाइन म्यूटेशन, निष्पादन, परिमार्जन प्लस, सात निश्चय योजना की भी समीक्षा की गई। बैठक में नगर आयुक्त ने बताया कि सी एनर्जी द्वारा बायो वेस्ट कचरा का उठाव समय से नहीं किया जा रहा है। उनकेज्ञ पास पर्याप्त संसाधन भी नहीं है। जिलाधिकारी ने सी एनर्जी पर जुर्माना अधिरोपित करने तथा विभाग को प्रतिवेदित करने का निर्देश दिया। आंगनबाड़ी केंद्र भवनों की मरम्मती के संबंध में जिलाधिकारी ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को पंचायत के विभिन्न योजनाओं से करने का निर्देश दिया। एलपीजी गैस के संबंध में सभी एमओ को निर्देशित किया गया कि गैस गोदाम एवं गैस आपूर्ति एजेंसी के कार्यालय पर अपना आदमी रखें, ताकि कोई व्यक्ति अनावश्यक गैस की जमाखोरी नहीं कर सके। बैठक में उप विकास आयुक्त प्रदीप कुमार सिंह, नगर आयुक्त किसलय कुशवाह, सहायक समाहर्ता जतिन कुमार, अपर समाहर्ता दिनेश राम, संयुक्त निदेशक नागेंद्र कुमार गुप्ता, सिविल सर्जन डॉ अशोक प्रसाद के अलावा विभिन्न विभाग के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# पीरपैंती अडाणी थर्मल में राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह का समापन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**भागलपुर।** जिले के पीरपैंती में स्थित निर्माणाधीन अडाणी थर्मल पावर प्लांट में गुरुवार को 55वें राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह के समापन समारोह का आयोजन किया गया। इस प्लांट में सुरक्षा सप्ताह विगत 6 मार्च से 12 मार्च तक मनाया गया, जिसका उद्देश्य कर्मचारियों और श्रमिकों के बीच कार्यस्थल पर सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। इस दौरान कर्मचारियों एवं श्रमिकों में सुरक्षा के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस दौरान सुरक्षा स्लोगन, पोस्टर एवं क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। सभी प्रतिभागियों ने इन प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया और सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण संदेश प्रस्तुत किए। सुरक्षा सप्ताह के समापन समारोह में प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान अधिकारियों ने कार्यस्थल पर सुरक्षा नियमों का पालन करने, सतर्कता बरतने तथा सुरक्षित कार्य संस्कृति को अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों ने कहा कि सुरक्षित कार्य वातावरण ही किसी भी औद्योगिक परियोजना की सफलता का आधार होता है और सभी कर्मचारियों की जिम्मेदारी है कि वे सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए कार्य करें।

# भव्य कलश यात्रा के साथ हरपुरा में शुरू हुआ श्रीमद्भागवत महायज्ञ

## हजारों श्रद्धालुओं ने लिया भाग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रम।** प्रखंड अंतर्गत हरपुरा गांव में गुरुवार को भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भ भागवत सप्ताह ज्ञान महायज्ञ का शुभारंभ हुआ। कलश यात्रा में क्षेत्र के हजारों श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पूरे इलाके में भक्ति एवं आध्यात्मिक माहौल बना रहा। कलश यात्रा की शुरुआत हरपुरा स्थित यज्ञ स्थल से हुई, जो पतूत गांव के रास्ते बेरर स्थित सोनभद्र नदी के तट तक पहुंची। यहां श्रद्धालुओं द्वारा विधि-विधान के साथ जलहरण किया गया। इसके बाद पवित्र जल को कलश में भरकर श्रद्धालु पुनः यज्ञ स्थल की ओर रवाना हुए। इस भव्य शोभायात्रा में गाजे-बाजे, हाथी-घोड़े और धर्म ध्वज के साथ श्रद्धालु शामिल हुए। बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालुओं ने भी सिर पर कलश लेकर यात्रा में भाग लिया। आयोजन समिति के अनुसार, विश्व कल्याण और जन-समृद्धि की कामना से आयोजित यह श्रीमद्भागवत महायज्ञ 13 मार्च से 19 मार्च तक चलेगा। इस दौरान प्रतिदिन कथा, प्रवचन और विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जाएगा। समिति ने बताया कि इस पावन अवसर पर श्री श्री 1008 स्वामी श्री रामप्रपन्नाचार्य जी महाराज सहित कई साधु-संतों का आगमन हुआ है। यज्ञ को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल है।

# जागरूकता ही एचआईवी/एड्स से बचाव का सबसे बड़ा हथियार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बक्सर।** नेशनल एड्स कंट्रोल ऑरगेनाइजेशन (स्वास्थ्य मंत्रालय, भारत सरकार) द्वारा एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूकता फैलाने तथा इसके रोकथाम से संबंधित जानकारी के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से 24 फरवरी 2026 से 12 मार्च 2026 तक 95:95:99 अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत अधिक से अधिक लोगों को एचआईवी जांच, उपचार और रोकथाम के प्रति जागरूक किया जा रहा है, ताकि संक्रमित व्यक्तियों को समय पर उपचार मिल सके और संक्रमण के प्रसार को रोका जा सके। इसी क्रम में उनेशनल एड्स कंट्रोल ऑरगेनाइजेशन पटना के सहयोग से रेड रिबन क्लब बक्सर एवं एमएनडी फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में एम.वी. कॉलेज बक्सर के मानस सभागार में एचआईवी/एड्स जागरूकता कार्यक्रम एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर एचआईवी/एड्स से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता समाजसेवी एवं पूर्व ब्रांड एंबेसडर सुन्दरम कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए एचआईवी/एड्स के कारण, बचाव और उपचार के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एचआईवी एक ऐसा वायरस है जो मानव शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को धीरे-धीरे कमजोर कर देता है और समय पर उपचार नहीं मिलने पर यह एड्स का रूप ले सकता है। यह बीमारी मुख्य रूप से असुरक्षित यौन संबंध, संक्रमित सुई या सिरिंज के उपयोग, संक्रमित रक्त चढ़ाने तथा गर्भावस्था या स्तनपान के दौरान माँ से बच्चे में फैल सकती है।

उन्होंने कहा कि 95:95:99 अभियान का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को एचआईवी जांच के लिए प्रेरित करना, संक्रमित व्यक्तियों को समय पर उपचार उपलब्ध कराना तथा उन्हें नियमित रूप से दवा लेने के लिए जागरूक करना है। उन्होंने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि सुरक्षित जीवनशैली अपनाना, नशा और धूम्रपान से दूर रहना, इंजेक्शन या सुई का साझा प्रयोग नहीं करना तथा केवल जांचे हुए रक्त का उपयोग करना एचआईवी से बचाव के प्रमुख उपाय हैं। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के बीच एचआईवी/एड्स विषय पर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें 50 ऑब्जेक्टिव प्रश्न पूछे गए तथा उत्तर देने के लिए 20 मिनट का समय दिया गया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रिया कुमारी (एमसी कॉलेज चौसा), द्वितीय स्थान बख्तावर खान (एम.वी. कॉलेज बक्सर) तथा तृतीय स्थान शुभम कुमार (एम.वी. कॉलेज) ने प्राप्त किया। विजेताओं को पुस्तक एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. पंकज कुमार चौधरी ने की तथा संचालन डॉ. श्वेत प्रकाश ने किया। यह आयोजन रेड रिबन क्लब बक्सर के नोडल पदाधिकारी डॉ. रास बिहारी शर्मा के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस अवसर पर आयुष कुमार, विराज सिंह, रुद्र प्रताप सिंह, सानिया खातून, रहमत खातून, अंशु कुमारी, नीतू राय, खुशबू पांडे, खुशी दुबे, अंकिता कुमारी, अभिषेक कुमार गुप्ता, बंटी, संगीता कुमारी, प्रियांशु, शुभम सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया।

# मनिहारी में 23 से शुरू होगी भागवत कथा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मनिहारी/कटिहार।** नगर क्षेत्र स्थित हाई स्कूल मैदान में 23 मार्च से 30 मार्च तक भव्य श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। इसको लेकर आयोजन समिति की ओर से तैयारी जोर-शोर से की जा रही है। कथा कार्यक्रम को लेकर श्रद्धालुओं और धर्मानुरागियों के लिए बैठने, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था की जा रही है, ताकि दूर-दराज से आने वाले लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। आयोजन समिति के अध्यक्ष काजल मित्रा एवं संरक्षक डॉ. ओमप्रकाश पांडे ने बताया कि भागवत कथा के माध्यम से श्रद्धालुओं को भक्ति, ज्ञान और धर्म के संदेश से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कथा के पूर्व नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा की शुरुआत मनिहारी के पावन गंगातट से गंगाजल भरण के साथ होगी। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु, महिलाएं और कन्याएं भाग लेंगी। इसके बाद गंगाजल लेकर श्रद्धालु नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए कथा स्थल तक पहुंचेंगे। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि कथा के दौरान प्रतिदिन भजन-कीर्तन और धार्मिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।

# सोननगर के पास से बालू लदा हाइवा जब्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बारुन।** अवैध तरीके से बालू खनन कर उसके परिवहन के खिलाफ खनन विभाग की टीम द्वारा चलाए गए अभियान के दौरान सोननगर के पास से बालू लदा एक हाइवा जब्त किया गया है। इस मामले में वाहन मालिक और चालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। मिली जानकारी के अनुसार खान निरीक्षक राजू कुमार ने बारुण थाने में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई है। अपने आवेदन में उन्होंने बताया है कि सूचना मिलने के बाद टीम द्वारा कार्रवाई की गई। इस दौरान सोननगर के समीप बालू लदे एक हाइवा को रुकवाने का प्रयास किया गया। टीम को देखते ही चालक वाहन लेकर भागने लगा। इसके बाद टीम ने उसका पीछा किया। पीछा करने पर चालक ने रेलवे मैदान के पास हाइवा खड़ा कर दिया और मौके से फरार हो गया। वाहन की जांच करने पर उस पर बालू लदा पाया गया, लेकिन उससे संबंधित कोई भी वैध चालान प्रस्तुत नहीं किया जा सका। बारुण थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि खान निरीक्षक के आवेदन के आलोक में पकड़े गए हाइवा, जिसका नंबर बीआर 26 एच 3219 है, को जब्त कर लिया गया है। साथ ही वाहन मालिक और चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# बिहार में कानून का राज है स्थापित : उपमुख्यमंत्री

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**प्राणपुर/कटिहार।** एनडीए की राज्य सरकार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार के सर्वांगीण विकास को लेकर कृतसंकल्प है। सरकार चुनाव में किये गये वादों को पूरा करने में विश्वास रखती है। राज्य में कानून का राज्य स्थापित है तो न्याय के साथ विकास का क्रम अनवरत जारी है और यह नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में आगे भी जारी रहेगा। उक्त बातें बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मुख्यमंत्री के समृद्धि यात्रा के दौरान प्राणपुर प्रखंड अन्तर्गत बड़झल्ला काली मंदिर के परिसर में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने जय श्रीराम और वंदेमातरम के जय घोष करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में श्री रामजी का मंदिर बना है तो बिहार के सीतामढी में मॉ जानकी भव्य मंदिर का निर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार छात्र आंदोलन एवं समाजवादी आंदोलन की उपज है। जिनके 50 वर्षों के राजनीतिक अनुभवों का लाभ प्रदेश को मिल रहा है। उन्होंने बिहार को विनाश से विकास के रास्ते पर लाने का जो संकल्प लिया है, एनडीए की सरकार उसके साथ है। नतीजा बिहार के साथ जिले का चौतरफा विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि रेल के क्षेत्र में कटिहार जंक्शन तो था हीं अब सड़को विकास से सड़क का भी जंक्शन बन जाएगा। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि जनता से मिले आशीर्वाद से जल्द हीं बिहार की गिनती विकसित राज्य में होने लगेगी। उन्होंने कहा कि सरकार बच्चे, बूढ़े, नौजवान, महिला, अल्पसंख्यकों के साथ किसान, उद्यमी एवं मजदूरों के हितों को समान रुप से ध्यान में रखकर योजना बना रही है। केन्द्र सरकार का भी राज्य सरकार का भरपूर सहयोग मिल रहा है। जिसका फलाफल राज्य के सभी क्षेत्रों में देखा जा रहा है। इसका श्रेय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को जाता है। यात्रा के दौरान उपमुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री के साथ जिले में चल रही विभिन्न विकासात्मक योजनाओं की समीक्षा भी की समीक्षा बैठक में सभी विभागों के मुख्य सचिव, मुख्यमंत्री के सचिव डा. चंद्रशेखर सिंह, आयुक्त पूर्णियां राजेश कुमार, पूर्णियॉ क्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक कुमार आशीष, जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी, पुलिस अधीक्षक शिखर चौधरी सहित विभिन्न विभागों के जिलास्तरीय पदाधिकारी मौजूद रहे।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा**

**नोटिस सं0–67 ऑफ 2025–26/खुला/इंजीनियरिंग, डीडीयू**

मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/डीडीयू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकि दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ–साथ उन ठेकेदारो से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑनलाईन (ई–निविदा) आमंत्रित की जाती है:– **(1) कार्य का नाम एवं लोकेशन:** निविदा सं०–31–डीडीयू– मं०इंजी०–मुख्यालय– 25–26 प्लांट डिपो कॉलोनी में 20 यूनिट टाइप–II और 10 यूनिट टाइप–III स्टाफ क्वार्टर का निर्माण रोजा कॉलोनी में बच्चों के पार्क का नवीनीकरण और डीडीयू में यूरोपीय कॉलोनी, स्टेशन और रोजा कॉलोनी में जल जमाव से बचने के लिए स्टाफ क्वार्टरों में निचले भूमि क्षेत्र में मिट्टी भरकर कॉलोनी का सुधार। **(2) कार्य का अनुमानित लागत:** रू० 70500961.61/– **(3) धरोहर राशि :** रू० 502500.00/– **(4) कार्य का नाम एवं लोकेशन:** निविदा सं०–32–डीडीयू मं०इं जी० मुख्यालय–25–26 सहायक मंडल इंजीनियर/मुख्यालय/डीडीयू के अधीन डीडीयू में लोको कॉलोनी में 20 यूनिट टाइप–II स्टाफ क्वार्टर और न्यू सेंट्रल कॉलोनी में 10 यूनिट टाइप–III स्टाफ क्वार्टर का प्रावधान। **(5) कार्य का अनुमानित लागत:** रू० 64849270.35/– **(6) धरोहर राशि :** रू० 474300.00/– **(7) ई–निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय :** 01.04.2026 को 12:00 बजे तक **(8) बेवसाईट पर ई–निविदा की विस्तृत जानकारी :** www.ireps.gov.in, **नोट:–** विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा। **मंडल रेल प्रबन्धक, पूर्व मध्य रेल, पं० दीन दयाल उपाध्याय**

पीआर/1922/डीडीयू/ईएनजीजी/टी/25–26/40

**बिहार सरकार**

# समाहरणालय, औरंगाबाद

## मद्यनिषेध एवं उत्पादक शाखा

**(बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम 2016 एवं संशोधित अधिनियम 2018 के सुसंगत प्रावधानों के तहत राजसात किये गये वाहनों की अल्पकालीन सार्वजनिक नीलामी सूचना)**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत विभिन्न थाना काण्डों/उत्पाद वादों में निम्न वाहनों का बिहार मद्यनिशेध एवं उत्पाद अधिनियम 2016 एवं संशोधित अधिनियम 2018 के सुसंगत प्रावधानों के तहत विभिन्न अधिहरण वादों में समाहर्त्ता–सह–जिला दण्डाधिकारी, औरंगाबाद के न्यायालय एवं विभिन्न वरीय उप समाहर्त्ता के उत्पाद न्यायालयों द्वारा राजसात (Confiscate) किये गये वाहनों की सार्वजनिक नीलामी (Public Auction) "जो है, जहॉ है, जैसे है" के रूप में समाहर्त्ता, औरंगाबाद द्वारा गठित नीलामी समिति के द्वारा 11:00 बजे पूर्वाह्न से नगर भवन, समाहरणालय औरंगाबाद में निम्न प्रकार से की जायेगी।

| वाहन नीलामी की तिथि | | आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि | आवेदन प्राप्त करने का स्थान |
|---|---|---|---|
| नीलामी की पहली तिथि | 23.03.2026 | 19.03.2026 को अपराहन् 05:00 बजे तक | कार्यालय अधीक्षक मद्यनिषेध, औरंगाबाद |
| शेष बचे वाहनों की नीलामी की दूसरी तिथि | 30 03 2026 | 28 03 2026 को अपराहन् 05:00 बजे तक | |
| शेष बचे वाहनों की नीलामी की तीसरी तिथि | 06.04.2026 | 04.04.2026 को अपराहन् 05:00 बजे तक | |

**नीलाम की जाने वाली वाहनों की विस्तृत विवरणी**

| वाहन का सं0 | थाना/थाना कांड सं0 | वाहन का प्रकार | वाहन का निबंधन सं0 | अधिहरणवाद संख्या | अधिहरणवाद आदेश ज्ञापांक/तिथि | नीलामी हेतु मुल्यांकित राशि | नीलामी हेतु मूल्यांकित राशि (10% कम करके) | अग्रधन की राशि (50%) | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 0 | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | Excise Sadar 648/24 04.07.2024 | Pulser Motorcycle | BR-02AG-7465 | 141/2024 | 236/ 26.07.2025 | 34500.00 | 31050.00 | 15525.00 | - |
| 2 | Excise Sadar 712/24 23.07.2024 | TVS Motorcycle | BR-02AG-8719 | 160/2024 | 236/ 26.07.2025 | 20700.00 | 18630.00 | 9315.00 | - |
| 3 | Excise Sadar 1042/24 19.10.2024 | Pulser Motorcycle | BR-26W-7827 | 163/2024 | 236/ 26.07.2025 | 53000.00 | 47700.00 | 23850.00 | - |
| 4 | Excise Sadar 841/24 28.08.2024 | Scooty | BR-02BR-4529 | 166/2024 | 236/ 26.07.2025 | 55000.00 | 49500.00 | 24750.00 | - |
| 5 | Excise Sadar 1149/24 16.09.2024 | Splendor Motorcycle | BR-26W-7775 | 178/2024 | 236/ 26.07.2025 | 38500.00 | 34650.00 | 17325.00 | - |
| 6 | Excise Sadar 845/24 28.08.2024 | Piagio Tempu | BR-26PA-5741 | 186/2024 | 236/ 26.07.2025 | 71000.00 | 63900.00 | 31950.00 | - |
| 7 | Excise Sadar 655/24 05.07.2024 | Motorcycle | BR-26Y-3684 | 111/2024 | 236/ 26.07.2025 | 49400.00 | 44460.00 | 22230.00 | - |
| 8 | Excise Sadar 899/24 11.09.2024 | Yamaha FZS Motorcycle | DL-5SAS-3287 | 176/2024 | 236/ 26.07.2025 | 12500.00 | 11250.00 | 5625.00 | - |
| 9 | Excise Sadar 692/24 19.07.2024 | Passion Pro Motorcycle | JH-21D-9958 | 173/2024 | 236/ 26.07.2025 | 12500.00 | 11250.00 | 5625.00 | - |
| 10 | Excise Sadar 1072/2025 27.10.2024 | Tata Container 6 Chakka | UP21AN-9975 | 01/2025. | 347/ 01.07.2025 | 443000.00 | 398700.00 | 199350.00 | - |
| 11 | Excise Sadar 207/2025 22.02.2025 | Bajaj Pulsar | BR26Y-9485 | 100/2025 | 406/ 26.07.2025 | 62000.00 | 55800.00 | 27900.00 | - |
| 12 | Excise Sadar 185/2025 17.02.2025 | Pulsar Motorcycle | JH01DU-5987 | 106/2025 | 406/ 26.07.2025 | 18000.00 | 16200.00 | 8100.00 | - |
| 13 | Excise Sadar 35/2025 09.01.2025 | E-Rikshaw | BR26ER0687 | 72/25 | 332/ 28.06.25 | 63000.00 | 56700.00 | 28350.00 | - |
| 14 | Excise Sadar 1175/2024 22.11.2024 | Hero Glamour Motorcycle | JH03AP1216 | 90/25 | 332/ 28.06.25 | 54500.00 | 49050.00 | 24525.00 | - |
| 15 | Excise Sadar 1185/2024 18.11.2024 | Bajaj pulser 125cc motorcycle | JH03AR9672 | 05/25. | 325/ 25.06.25 | 55000.00 | 49500.00 | 24750.00 | - |
| 16 | Excise Sadar 1210/2025 06.12.2024 | Bajaj Pulsar Motorcycle | BR26G9076 | 62/25 | 325/ 25.06.25 | 12000.00 | 10800.00 | 5400.00 | - |
| 17 | Excise Sadar 664/23 21.08.23 | Bajaj Pulsar Motorcycle | BR26X9355 | 270/23 | 348/ 02.07.25 | 71300.00 | 64170.00 | 32085.00 | - |
| 18 | Excise Sadar 801/23 16.10.2023 | Maruti Suzuki car | JH01FG7222 | 375/23 | 348/ 02.07.25 | 302000.00 | 271800.00 | 135900.00 | - |
| 19 | Excise Sadar 784/23 09.10.23 | Pulsar Motorcycle | BR26W5761 | 377/23 | 348/ 02.07.25 | 42500.00 | 38250.00 | 19125.00 | - |
| 20 | Excise Sadar 813/23 23.10.23 | Hero Glamour Motorcycle | BR24Z0936 | 406/23 | 348/ 02.07.25 | 21100.00 | 18990.00 | 9495.00 | - |
| 21 | Excise Sadar 877/23 27.11.23 | Splendor Plus Motorcycle | JH03AL8334 | 89/24 | 348/ 02.07.25 | 44500.00 | 40050.00 | 20025.00 | - |
| 22 | Excise Sadar 380/24 27.04.2024 | Mahindra XUV Car | JH01EN4770 | 329/24 | 348/ 02.07.25 | 473000.00 | 425700.00 | 212850.00 | - |
| 23 | Excise Sadar 926/2023, 18.12.23 | Pulser Motorcycle 150 CC, | BR24S-0481 | 90/24 | 824/ 16.12.24 | 25800.00 | 23220.00 | 11610.00 | - |
| 24 | Excise Sadar 749/2023, 25.09.2023 | Maruti Car, | WB06B-3178 | 28/24 | 822/ 12.12.24 | 43500.00 | 39150.00 | 19575.00 | Scrap |
| 25 | Excise Sadar 143/24 22.02.24 | Pulser Motorcycle | BR26Q-6908 | 196/24 | 838/ 20.12.24 | 24800.00 | 22320.00 | 11160.00 | - |
| 26 | Excise Sadar 959/24 23.09.24 | Apachi Motorcycle | BR02AY-2104 | 68/24 | 25/ 13.01.25 | 36000.00 | 32400.00 | 16200.00 | - |

**समाहर्ता औरंगाबाद**

PR- 026021 (Excise) 2025-26 विस्तृत सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

**नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार**

# जनगणना किसी भी देश के विकास की आधारभूत प्रक्रिया : डीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** समाहरणालय स्थित योजना भवन के सभाकक्ष में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में भारत की जनगणना 2027 से संबंधित जिला स्तरीय जनगणना समन्वय समिति, सभी चार्ज अधिकारियों, टेक्निकल टीम तथा जनगणना कार्य में प्रतिनियुक्त अन्य पदाधिकारियों एवं कर्मियों के लिए आयोजित सघन प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन समारोह संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य आगामी जनगणना कार्य को व्यवस्थित, पारदर्शी एवं समयबद्ध ढंग से संपन्न कराना है। जिलाधिकारी ने कहा कि जनगणना किसी भी देश के विकास की आधारभूत प्रक्रिया है, जिसके माध्यम से सरकार को जनसंख्या, सामाजिक-आर्थिक स्थिति, आवासीय व्यवस्था तथा अन्य महत्वपूर्ण पहलुओं की सटीक जानकारी प्राप्त होती है। इसी जानकारी के आधार पर सरकार विभिन्न विकासात्मक एवं




जनकल्याणकारी योजनाओं का निर्माण करती है और उन्हें प्रभावी रूप से लागू करती है। उन्होंने कहा कि जनगणना का कार्य अत्यंत जिम्मेदारीपूर्ण एवं संवेदनशील होता है, इसलिए इससे जुड़े सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों को प्रशिक्षण के दौरान दिए जा रहे निर्देशों को गंभीरता से समझना होगा। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण की गुणवत्ता जितनी बेहतर होगी, जनगणना का कार्य उतना ही अधिक सुचारू, त्रुटिरहित और विश्वसनीय ढंग से संपन्न होगा। जिलाधिकारी ने सभी उपस्थित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देशित किया कि वे प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान जनगणना की संपूर्ण प्रक्रिया, तकनीकी पहलुओं, प्रपत्रों के उपयोग, डेटा संकलन की विधि तथा फील्ड स्तर पर आने वाली संभावित समस्याओं के समाधान से संबंधित सभी विषयों को विस्तार से समझें। उन्होंने यह भी कहा कि जनगणना कार्य में सटीकता, पारदर्शिता एवं समयबद्धता का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए ताकि जिले का आंकड़ा पूरी तरह विश्वसनीय और प्रामाणिक हो सके। जिलाधिकारी ने कहा कि जनगणना कार्य में जिले के सभी प्रशासनिक अधिकारियों, कर्मचारियों एवं तकनीकी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, जिला पंचायती राज पदाधिकारी इफ्तिखार अहमद, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्वेता प्रियदर्शी, जिले के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी चार्ज अधिकारी, तकनीकी टीम के सदस्य तथा जनगणना कार्य में प्रतिनियुक्त अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# रोजगार मेला में 76 युवाओं का चयन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर(औरंगाबाद)।** प्रखंड मुख्यालय परिसर में स्थित बहुद्देशीय सभागार भवन में जीविका द्वारा पंडित दिनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के तहत ग्रामीण युवाओं के नियोजन एवं स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से प्रखंड कार्यालय परिसर में रोजगार सह मार्गदर्शन मेले का आयोजन किया गया। मेले की शुरुआत जीविका के जिला परियोजना प्रबंधक पवन कुमार, प्रखंड प्रमुख सोनी देवी सहित अन्य के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। जिला परियोजना प्रबंधक ने जीविका द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए किए चलाए जा रहे योजनाओं की जानकारी दी। प्रखंड प्रमुख ने रोजगार मेला का सराहना किया। इसे ग्रामीण युवाओं के लिए वरदान साबित हो रहा है। जो युवा रोजगार के तलाश में है। पीओ योगेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि जीविका ग्रामीण क्षेत्र में युवाओं और महिलाओं के स्वरोजगार और रोजगार के लिए निरंतर कार्य कर रहा है जो उन्हें समाजिक रूप से न केवल आर्थिक रूप से भी सशक्त करना है। प्रखंड परियोजना प्रबंधक ममता कुमारी ने बताया कि प्रखंड स्तर पर आयोजित रोजगार सह मार्गदर्शन मेला का उद्देश्य युवाओं को रोजगार का अवसर प्रदान करना है। प्रबंधक रोजगार दिलीप कुमार गुप्ता ने बताया कि रोजगार मेले में कुल 12 बहुराष्ट्रीय कंपनी के प्रतिनिधियों ने भाग लिया जिसमें डिक्सन, रेडिएंट, टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स, महिंद्रा लॉजिस्टिक टाटा मोटर्स, उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक, एनटीटीएफ, इंडो मीम, स्नाइडर इलेक्ट्रिक, भारतीय जीवन बीमा निगम, डेल्हीवेरी प्राइवेट लिमिटेड, गुराडियंस ट्रेनिंग एकेडमी, ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान और बिहार कौशल विकास मिशन के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि रोजगार मेले में युवाओं का निबंधन पूर्णतः निःशुल्क है। साथ ही उन्होंने ग्रामीण यूवाओ से अपील की वे आज मेले में अपना निबंधन करा अपने योग्यता और रुचि के अनुसार रोजगार पाए। रोजगार प्रबंधक की मेले में कुल 465 युवाओं ने सहभागी हुए जिसमें प्रथम चरम में 76 युवाओं का चयन विभिन्न कंपनी द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालय सामुदायिक समन्वयक आशुतोष मिश्र द्वारा किया गया। कार्यक्रम में आए सभी कंपनी के प्रतिनिधियों, मेले में सहयोग प्रदान करने वाले जीविका कैडर एवं परियोजना कर्मियों को अंग वस्त्र एवं प्रशस्ति पत्र दे सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा योगेन्द्र प्रसाद सिंह, ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के निदेशक राज कुमार, प्रमुख प्रतिनिधि पंकज कुमार सिंह, प्रबंधक रोजगार दिलीप कुमार गुप्ता, प्रखंड परियोजना प्रबंधक ममता कुमारी, संकुल संघ के अध्यक्षा संध्या देवी, किरण देवी एवं बैजन्ती देवी, एचएस टेक सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड प्रदीप कुमार, 2 कॉम कंसल्टिंग प्राइवेट लिमिटेड से सौरभ मिश्र, रौशन कुमार, क्षेत्रीय समन्वयक अमरेश कुमार, सामुदायिक समन्वयक समरेंद्र कुमार, ममता भारती, विकास कुमार, खुशबू कुमारी, शाहविनी कुमारी, लेखपाल अंजलि कुमारी एवं सुधीर कुमार उपस्थित रहे।

# बिजली चोरी के आरोप में चार लोगों पर प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज(औरंगाबाद)।** प्रखंड क्षेत्र के वरुणा गांव में विभागीय जांच के दौरान बिजली चोरी का मामला सामने आया है। इस संबंध में विभाग द्वारा चार लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराते हुए जुर्माना भी लगाया गया है। जानकारी के अनुसार वरुणा गांव निवासी नागेनद्र शर्मा के पुत्र अजय शर्मा पर पूर्व से 13,120 रुपये विद्युत बकाया था। इनपर 5,681 रुपये का जुर्माना लगाया गया। वहीं राम पुकार शर्मा के पुत्र विन्टु शर्मा पर 7030 रुपये बकाया होने के बावजूद बिजली चोरी के आरोप में 17,082 रुपये का जुर्माना लगाया गया। इसके अलावा स्वर्गीय बाबूराम शर्मा के पुत्र रंजीत शर्मा पर पूर्व में 20,919 रुपये विद्युत शुल्क बकाया बताया गया था। इन पर 18,013 रुपये का जुर्माना लगाया गया। वहीं गिरजा सिंह के पुत्र जितेंद्र सिंह पर भी बिजली चोरी के आरोप में 16,152 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। विद्युत विभाग के अधिकारी ने बताया कि बिजली चोरी के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है और दोषियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जा रही है। विभाग ने लोगों से अपील की कि वे अवैध रूप से बिजली का उपयोग नहीं करें और समय पर बिजली बिल का भुगतान करें। रफीगंज थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# गैस कनेक्शन धारकों को कराना होगा ई-केवाइसी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में गैस सिलेंडर की आपूर्ति को लेकर अपने कार्यालय कक्ष में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड, भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड एवं हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड के एलपीजी गैस कंपनियों के सेल्स मैनेजर के साथ बैठक आयोजित की। बैठक का उद्देश्य एलपीजी गैस की उपलब्धता एवं आपूर्ति के संबंध में फैल रही भ्रामक सूचनाओं की समीक्षा करना तथा वास्तविक स्थिति का आकलन करना था। बैठक में गैस कंपनियों के सेल्स मैनेजर द्वारा बताया गया कि जिले में घरेलू उपभोक्ताओं के लिए एलपीजी गैस की पर्याप्त उपलब्धता है तथा गैस आपूर्ति नियमित रूप से की जा रही है। उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर



वितरण के समय ओटीपी के माध्यम से सत्यापन कर सिलेंडर उपलब्ध कराया जा रहा है जिससे किसी प्रकार की कालाबाजारी की संभावना नहीं रहे। साथ ही यह भी बताया गया कि पूर्व में दो गैस सिलेंडर के वितरण के बीच 21 दिनों का अंतराल था, जिसे बढ़ाकर अब 25 दिन कर दिया गया है। सेल्स मैनेजर द्वारा यह भी जानकारी दी गई कि सभी उपभोक्ताओं से अपने-अपने गैस कनेक्शन का ई-केवाईसी कराने का अनुरोध किया गया है। इसके लिए संबंधित गैस एजेंसियों द्वारा अतिरिक्त कर्मियों की भी तैनाती की गई है, ताकि उपभोक्ताओं को ई-केवाईसी कराने में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। वर्तमान में औरंगाबाद जिले में एलपीजी गैस आपूर्ति के लिए आईओसीएल के 15, बीपीसीएल के 11 तथा एचपीसीएल के 11 डिस्ट्रीब्यूटर सहित कुल 37 एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर कार्यरत हैं, जिनके माध्यम से जिले में घरेलू उपभोक्ताओं को नियमित रूप से गैस की आपूर्ति की जा रही है। जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि सभी गैस एजेंसियां अतिरिक्त कर्मियों की तैनाती कर उपभोक्ताओं के ई-केवाईसी एवं ओटीपी सत्यापन की प्रक्रिया को सुगमता से संपन्न कराएं। साथ ही उन्होंने गैस एजेंसियों को निर्देशित किया कि पोस्टर एवं बैनर के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार कर लोगों को भ्रामक सूचनाओं से दूर रहने के लिए जागरूक करें। बैठक में सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह, दाउदनगर अनुमंडल पदाधिकारी अमित राजन तथा जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्वेतांक लाल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# भू-अर्जन से संबधित वाद के निस्तारण हेतु विशेष कैंप आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव तान्या पटेल निर्देश पर विभिन्न न्यायालय में भू-अर्जन से संबधित मामलों को अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त करने तथा इसमें पक्षकारों की राय जानने हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकार में विशेष मध्यस्थता शिविर का आयोजन किया गया जिसमें जिला भू-अर्जन विभाग से अपर जिला भू-अर्जन पदाधिकारी राजीव कुमार एवं उप मुख्य कानूनी बचाव अधिवक्ता अभिनन्दन कुमार एवं सहायक बचाव अधिवक्ता चंदन कुमार मिश्रा द्वारा आये हुए पक्षकारो की राय जानी गयी तथा उन्हें संबधित वाद में जरूरी दस्तावेज यथा भू-स्वामी प्रमाण-पत्र एवं जमीन के स्वामित्व से संबधित दस्तावेज उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया साथ ही कई मामलों में यह भी पाया गया कि भू-अर्जन से सम्बन्धित एवार्ड में कुछ त्रुटियां है जिसमें विभाग के स्तर से दूर करने की जरूरत है वैसे मामलों में त्रुटियों से संबधित दस्तावेज के साथ आवेदन देने हेतु पक्षकारो को निदेशित किया गया जिससे कि जल्द से जल्द से भू-अर्जन वाद में उनके मुआवजे निर्धारित करते हुए भुगतान की कार्रवाई की जाए जिससे कि काफी लम्बी अवधि से लंबित वादों का निस्तारण हो सके। ज्ञातव्य है कि प्राधिकार द्वारा विशेष मध्यस्थता अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत कई स्तरों पर कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है।

# लायन्स क्लब औरंगाबाद आदित्य का पदग्रहण समारोह आज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** लायन्स क्लब औरंगाबाद आदित्य की ओर से शुक्रवार 13 मार्च 2026 को पदग्रहण समारोह का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम शाम सात बजे से होटल शुभम इंटरनेशनल सभागार, महाराजगंज रोड, औरंगाबाद में आयोजित होगा। समारोह में लायन्स क्लब जिला 322ए के जिलापाल लायन संजय कुमार सहित क्लब के कई वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल होंगे। कार्यक्रम में क्लब के नवनियुक्त पदाधिकारियों का औपचारिक पदग्रहण कराया जाएगा तथा सामाजिक सेवा से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों और योजनाओं पर भी चर्चा की जाएगी। आयोजकों ने शहर के गणमान्य नागरिकों और समाजसेवियों को सपरिवार समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है। कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर क्लब के पदाधिकारी तैयारियों में जुटे हुए हैं। क्लब के अध्यक्ष लायन कमल किशोर, प्रशासक लायन श्रीराम अम्बष्ट, सचिव लायन आनंद प्रकाश ने बताया कि समारोह के माध्यम से क्लब की नई टीम समाज सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाएगी। इस कार्यक्रम का प्रायोजन लायन्स क्लब सोनभद्र डिहरी द्वारा किया जा रहा है। समारोह में विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लोगों की उपस्थिति रहने की संभावना है।

# सड़क दुर्घटना में जख्मी युवक की मौत

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** सड़क दुर्घटना में जख्मी एक युवक की मौत सदर अस्पताल में इलाज़ के दौरान हो गई। बीते 24 घंटे से युवक का शव अस्पताल में पड़ा हुआ है। युवक की मौत कैसे हुई, इसकी स्पष्ट जानकारी अब तक नहीं मिल सकी है, हालांकि उसके सिर पर गंभीर चोट के निशान पाए जाने के कारण पुलिस प्रारंभिक तौर पर दुर्घटना की आशंका जता रही है। युवक को अस्पताल तक कौन लेकर आया और घटना कहां हुई, इस बारे में अब तक स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आ सकी है। सूचना मिलने के बाद नगर थाना की पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# बाल श्रम के खिलाफ कार्रवाई में एक किशोर को कराया मुक्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले के विभिन्न प्रतिष्ठानों का श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग, औरंगाबाद के धावा दल द्वारा सघन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में देव हॉस्पिटल के समीप स्थित आरएम वाशिंग सेंटर से एक बाल श्रमिक को कार्यरत अवस्था में पाए जाने पर विमुक्त कराया गया। इस संबंध में नियोजक के विरुद्ध बाल श्रम (निषेध एवं विनियमन) अधिनियम के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है। उक्त अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार दोषी नियोजक को 6 माह से 2 वर्ष तक के कारावास तथा 20,000 से 50,000 तक के जुर्माना का प्रावधान है। साथ ही, सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के आलोक में दोषी नियोजक से 20,000 रूपये की राशि जिला बाल कल्याण एवं पुनर्वास कोष में जमा कराई जाएगी। विमुक्त कराए गए बाल श्रमिक के पुनर्वास के लिए मुख्यमंत्री सहायता कोष से 25,000 रूपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। धावा दल में सदर श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी संजीव कुमार, देव श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी अंजनी कुमार एवं नवीनगर श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी विजेंद्र कुमार के साथ नगर थाना से पुलिस बल के सदस्य भी शामिल थे।

# सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक को नहीं मिल रही पेंशन की राशि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिला मुख्यालय के शाहपुर स्थित राजकीय अभ्यास मध्य विद्यालय के सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक राम कुमार राम को अब तक पेंशन एवं उपादान की राशि का भुगतान नहीं किए जाने से वे काफी परेशान हैं। सेवानिवृत्ति के बाद भी उन्हें निर्धारित लाभ नहीं मिलने से आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। प्रधानाध्यापक राम कुमार राम ने बताया कि महालेखाकार, बिहार, पटना द्वारा जारी पीपीओ संख्या 202511101968 के तहत उन्हें पेंशन एवं उपादान की राशि भुगतान करने का प्राधिकार पत्र प्राप्त हो चुका है। बावजूद संबंधित विभाग द्वारा अब तक उनके खाते में राशि का भुगतान नहीं किया गया है। उन्होंने बताया कि जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, प्राथमिक शिक्षा, सर्व शिक्षा अभियान, औरंगाबाद के कार्यालय से ज्ञापांक ट्ट्ट्ड/629 दिनांक 09 फरवरी 2026 के माध्यम से अनापत्ति प्रमाण पत्र भी जारी किया जा चुका है, जिसमें स्पष्ट किया गया है कि उनके जिम्मे किसी भी प्रकार की सरकारी राशि बकाया नहीं है। इसके अलावा 6 मार्च को जिला कोषागार पदाधिकारी द्वारा भी संबंधित कागजातों का सत्यापन कर दिया गया है। सभी औपचारिकताएं पूरी होने के बावजूद अभी तक उनके बैंक खाते में पेंशन एवं उपादान की राशि जमा नहीं हुई है। सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक ने बताया कि वे लगातार संबंधित कार्यालयों का चक्कर लगा रहे हैं लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। उन्होंने जिला प्रशासन से शीघ्र पेंशन एवं उपादान की राशि का भुगतान कराने की मांग की है, ताकि उन्हें हो रही परेशानी से राहत मिल सके।

# अलग-अलग मामलों में 45 लोग गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में अपराध नियंत्रण और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस ने सघन अभियान चलाया। इस क्रम में बुधवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई कार्रवाई में कुल 45 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 24 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार, हत्या में एक, एसटी-एससी एक्ट में एक, हत्या का प्रयास में एक, मद्यनिषेध अधिनियम के तहत 4 तथा अन्य मामलों में 38 लोगों की गिरफ्तारी की गई। इस दौरान 1 बाइक, एक ट्रक एवं 800 सीएफटी बालू बरामद किया गया है। 35 वारंटों का निष्पादन भी किया गया। वाहन जांच अभियान के तहत 1316 वाहनों की जांच की गई जिसमें 132000 रूपये शमन की राशि वसूल की गई। पुलिस ने बताया कि जिले में अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए नियमित रूप से छापेमारी और जांच अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि की सूचना तत्काल नजदीकी थाना या पुलिस कंट्रोल रूम को दें। पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि अपराध और तस्करी के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# जिला विधिज्ञ संघ चुनाव शांतिपूर्ण सम्पन्न, 89 प्रतिशत मतदान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिला विधिज्ञ संघ के 27 सदस्यीय कार्यसमिति (2026-28) के विभिन्न पदों के लिए गुरुवार को मतदान शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हो गया। चुनाव में अधिवक्ताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और कुल 89 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। मतदान को लेकर अधिवक्ताओं में सुबह से ही काफी उत्साह देखा गया तथा मतदान केंद्रों पर लंबी कतारें लगी रहीं। चुनाव समिति के अध्यक्ष महेन्द्र प्रसाद सिंह तथा सहायक सदस्य कामता प्रसाद सिंह, सरोज रंजन सिन्हा,



राधेश्याम सिंह और अभय कुमार ने बताया कि इस चुनाव में कुल 847 मतदाता थे, जिनमें से 756 अधिवक्ताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान के लिए तीन बूथ बनाए गए थे, जहां पूरे दिन शांतिपूर्ण ढंग से मतदान संपन्न हुआ। उन्होंने बताया कि बूथ संख्या 01 पर 268, बूथ संख्या 02 पर 272 तथा बूथ संख्या 03 पर 216 मतदाताओं ने मतदान किया। इस प्रकार कुल 756 मत पड़े, जो कुल मतदाताओं का लगभग 89 प्रतिशत है। जिला विधिज्ञ संघ के अध्यक्ष, महासचिव, कोषाध्यक्ष सहित विभिन्न पदों के लिए मतदान सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक कराया गया। मतदान के दौरान अधिवक्ता बड़ी संख्या में मतदान केंद्र पर पहुंचकर अपने-अपने पसंदीदा प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान करते रहे। मतदान के दौरान कोर्ट का कार्य भी सामान्य रूप से चलता रहा, जिसमें अधिवक्तागण हिस्सा लेते रहे। विशेष रूप से युवा अधिवक्ताओं और महिला मतदाताओं में मतदान को लेकर काफी उत्साह देखा गया। चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे, जिससे अधिवक्ताओं को मतदान करने में काफी सहूलियत हुई। चुनाव समिति के अनुसार मतगणना शुक्रवार दोपहर से शुरू होगी। फिलहाल सभी प्रत्याशियों का भाग्य मतपेटियों में बंद हो गया है और अधिकांश उम्मीदवार अपनी-अपनी जीत का दावा कर रहे हैं। अब सभी की निगाहें कल होने वाली मतगणना और अंतिम परिणाम पर टिकी हुई हैं।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# तीन पूजा समितियों को किया गया पुरस्कृत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** उद्योग विभाग के विभिन्न योजनाओं के ऋण स्वीकृति एवं भुगतान शिविर में जिला अंतर्गत सेवा पर्व के दौरान दशहरा के अवसर पर विभिन्न पूजा समिति द्वारा पूजा पंडालों में मारत एवं बिहार के ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक धरोहर को उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु तीन पूजा समितियों को पुरस्कृत किया गया। यह कार्यक्रम उपविकास आयुक्त की अध्यक्षता में आहूत की गई। इस दौरान प्रथम पुरस्कार भी भारती क्लब, रमेश चौक, औरंगाबाद, द्वितीय पुरस्कार मी दुर्गा पूजा समिति, विद्युत कॉलोनी, औरंगाबाद एवं तृतीय पुरस्कार मां काली नवयुवक संघ, पटना रोड, राष्ट्रीय स्कूल के फिल्ड में दाउदनगर, औरंगाबाद को दिया गया। मां भारती क्लब, रमेश चौक, औरंगाबाद, द्वारा



पंडाल के अंदर चार धाम का भव्य प्रदर्शनी एवं पंडाल के बाहर जगुई जिला में स्थित मां काली मंदिर के प्रतिरूप जो कि भारत एवं बिहार की सास्कृतिक विरासत, धार्मिक मान्यता एवं ऐतिहासिक धरोहर के उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर प्रथम स्थान, मां दुर्गा समिति, विद्युत कॉलोनी, औरंगाबाद द्वारा पंडाल में दिल्ली में स्थित स्वामीनारायण अक्षरधाम मंदिर के प्रतिरूप जो कि भारत की सांरकृति विरासत एवं ऐतिहासिक धरोहर के उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर द्वितीय स्थान एवं भी काली नवयुवक संघ पटना रोड, राष्ट्रीय स्कूल के फिल्ड में दाउदनगर, औरंगाबाद द्वारा पंडाल में भव्य रूप से आकर्षक अदाज में भारत के महान स्थापत्य कला की उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर तृतीय स्थान हेतु जिला स्तरीय गठित कमिटि द्वारा चयन किया गया है। प्रथम स्थान पर चयनित पूजा समिति को प्रोत्साहन राशि 25000, द्वितीय स्थान पर ययनित पूजा समिति को प्रोत्साहन राशि 15000 एवं तृतीय स्थान पर चयनित माँ काली नवयुवक संघ समिति को प्रोत्साहन राशि 5000 रूपये राशि दी गई। अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ शिविर का समापन किया गया।

# जिला निबंधन एवं परामर्श केन्द्र में जॉब कैंप आज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिला नियोजनालय के तत्वावधान में जिला निबंधन एवं परामर्श केन्द्र (डीआरसीसी) में शुक्रवार को स्पेशल जॉब कैम्प का आयोजन किया जाएगा। इस जॉब कैम्प के माध्यम से निजी क्षेत्र की विभिन्न कंपनियों द्वारा युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। उक्त जॉब कैंप में आरएसजी सेल्स एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, लखनऊ, ब्लिंक कॉमर्स प्राइवेट लिमिटेड, गुड़गांव (हरियाणा), दर्शन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड, वागीशा एजुकेशनल सोसाइटी एवं फ्रीडम एम्प्लॉयबिलिटी एकेडमी, नई दिल्ली सहित कुल 05 कंपनियां भाग लेंगी। इन कंपनियों द्वारा सेल्स मार्केटिंग, सुपरवाइज़र, कंप्यूटर ऑपरेटर, टेक्नीशियन, पिकर, पैकर, कंप्यूटर टीचर, मोबिलाइज़र, काउंसलर आदि पदों के लिए अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। उक्त पदों के लिए न्यूनतम योग्यता 10वीं, आईटीआई एवं स्नातक निर्धारित की गई है तथा अभ्यर्थियों की आयु सीमा 18 से 45 वर्ष के बीच निर्धारित है। विभिन्न कंपनियों द्वारा कुल लगभग 110 रिक्त पदों पर चयन किया जाएगा।